@Qpatrika
@qaumipatrika hindi
instagram.com/qaumipatrika

# कौमी पत्रिका
## राष्ट्रीय दैनिक अखबार

दिल्ली-हरियाणा-पंजाब-चण्डीगढ़-उत्तर प्रदेश से प्रसारित
बुधवार, 3 जुलाई 2024

VISIT:
www.qaumipatrika.in
Email: qpatrika@gmail.com

R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472 सम्पादक - गुरचरन सिंह बब्बर वर्ष 17 अंक 225 qaumipatrikahindi 011-41509689, 23315814, 9312262300 गाजियाबाद संवत् 2077-78, पेज (12) मूल्य 3.00 रुपये (हवाई शुल्क 50 पैसे अतिरिक्त)

# भोले बाबा के सत्संग में भगदड़, 116 हुई मरने वालों की संख्या

**सिम्मी कौर बब्बर**

एटा, 2 जुलाई। उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले के सिकंदराराऊ कस्बे के फुलरई गांव में मंगलवार को बड़ा हादसा हो गया। यहां भोले बाबा का सत्संग चल रहा था। बताया गया है कि सत्संग समाप्त होने के बाद यहां से जैसे भी भीड़ निकलना शुरू हुई तो भगदड़ मच गई। इस भगदड़ में महिलाएं और बच्चे बुरी तरह कुचलते चले गए। मौके पर चीख-पुकार मच गई। हादसे में कई लोगों की मौत होने की आशंका है। घायलों को मेडिकल कॉलेज एटा भेजा गया है, अब तक 27 लोगों की मौत की खबर है। जिनके शव एटा मेडिकल कॉलेज पहुंचे। जबकि कुल मृतकों की संख्या 116 बताई जा रही है। जिनके शव अलीगढ़ भेजे गए हैं। वहीं सीएम योगी ने भी हादसे का संज्ञान लिया है। एटा के एसएसपी राजेश कुमार सिंह के मुताबिक जिस वक्त भगदड़ हुई उस समय हाथरस जिले के सिकंदराराऊ कस्बे में धार्मिक आयोजन चल रहा था।



एटा अस्पताल में अब तक 27 शव आ चुके हैं, जिनमें 23 महिलाएं, तीन बच्चे और एक पुरुष शामिल हैं। अभी घायल अस्पताल नहीं पहुंचे हैं। आगे की जांच की जा रही है। इन 27 शवों की पहचान की जा रही है। हादसे को अपनी आंखों से देखने वाली युवती ने बताया कि सत्संग में बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ी हुई थी। सत्संग समाप्त हुआ उसके बाद लोग वहां से जाने लगे। इसी दौरान निकलने की जल्दी में भगदड़ मच गई। लोग एक दूसरे को देख ही नहीं रहे थे। महिलाएं और बच्चे गिरते चले गए। भीड़ उनके ऊपर से दौड़ रही थी। कोई बचाने वाला नहीं था। चारों ओर चीख-पुकार मची हुई थी। हाथरस में भोले बाबा के सत्संग के दौरान भगदड़ के दौरान कई लोग घायल हुए हैं। सभी को उपचार के लिए एटा मेडिकल कॉलेज लाया गया है। एटा मुख्य चिकित्सा अधिकारी उमेश त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी नगर विक्रांत द्विवेदी, कोतवाली नगर अरुण पवार सहित तमाम पुलिस प्रशासन के अधिकारी मेडिकल कॉलेज में मौजूद हैं।

## एक धर्म विशेष के लोगों की आपराधिक गतिविधियां चिंता का विषय

गुवाहाटी, 2 जुलाई। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने सोमवार को कहा कि बीते दो महीनों के दौरान एक धर्म विशेष के लोगों के एक वर्ग की आपराधिक गतिविधियां चिंता का विषय है। उन्होंने किसी धर्म का नाम लिए बगैर कहा कि अपराध करने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा। मुख्यमंत्री ने गुवाहाटी में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, मैं यह नहीं कह रहा हूं कि अपराध केवल एक धर्म विशेष के लोग ही करते हैं। लेकिन हाल ही में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव के बाद की घटनाएं चिंता का विषय हैं। उन्होंने धुबरी, बारपेटा और मंगलदोई की घटनाओं का हवाला दिया, जहां एक समुदाय के लोगों द्वारा कथित तौर पर मूल निवासियों को परेशान किया जा रहा है। उन्होंने कहा, इन घटनाओं में राजनीति के साथ-साथ आपराध भी एक पहलू है। पुलिस को अपराधों से सख्ती से निपटने के लिए कहा गया है। सरमा ने आरोप लगाया कि चुनाव परिणामों में मामूली बदलाव ने एक धर्म विशेष के एक वर्ग को अपराधों में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया है, जिसमें पिछले तीन वर्षों में कमी आई थी। उन्होंने कहा, अपराध जाति या धर्म के आधार पर नहीं होता है। बल्कि असम के लोगों को राजनीतिक रूप से जागरूक करना हमारी जिम्मेदारी है कि यह उनके भविष्य के लिए कितना खतरनाक है। सरमा ने पहले कहा था कि कांग्रेस द्वारा जीते गए अल्पसंख्यक बहुत निर्वाचन क्षेत्रों नगांव और धुबरी में लोकसभा परिणाम एक कमजोर सामाजिक ताने-बाने का संकेत देते हैं।

## डेंगू के साथ जीका संक्रमण के भी बढ़े मामले

नई दिल्ली, 2 जुलाई। मानसून की शुरुआत होते ही देश के कई राज्यों में मच्छर जनित रोगों के मामले बढ़ने लगे हैं। पिछले 15-20 दिनों में महाराष्ट्र और इसके आसपास के कई शहरों में डेंगू के केस के बढ़ोतरी की जानकारी मिली है। इस बीच हालिया रिपोर्ट्स से पता चलता है कि पुणे शहर में जीका वायरस का खतरा भी बढ़ रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पुणे में जीका वायरस संक्रमण के सात मामले सामने आए हैं। मरीजों में दो गर्भवती महिलाएं भी शामिल हैं। एक अधिकारी ने बताया, 28 वर्षीय गर्भवती में जीका वायरस का संक्रमण पाया गया। शुक्रवार को उसकी रिपोर्ट पॉजिटिव आई। 12 सप्ताह की गर्भवती एक अन्य महिला को भी सोमवार को संक्रमित पाया गया। मंगलवार को पुणे में एक 55 वर्षीय महिला को भी जीका से संक्रमित पाया गया है। जीका का संक्रमण कुछ स्थितियों में गंभीर और जानलेवा भी हो सकता है, जिसको लेकर सभी लोगों को निरंतर सावधानी बरतते रहने की सलाह दी गई है। गर्भवती महिलाओं में जीका संक्रमण के कारण भ्रूण में माइक्रोसेफेली (असामान्य मस्तिष्क विकास के कारण सिर काफी छोटा हो जाता है) तक का भी खतरा हो सकता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस साल मानसून से पहले ही महाराष्ट्र और आसपास के कई शहरों में डेंगू के मामलों में बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। मानसून की शुरुआत से पहले ही इस साल मई तक महाराष्ट्र में करीब 1800 लोगों में डेंगू का निदान किया गया है।

# हिंदुओं को सोचना होगा कि ये संयोग है या प्रयोग की तैयारी: पीएम मोदी

**तेजिन्दर कौर बब्बर**

नई दिल्ली, 2 जुलाई। लोकसभा में पीएम मोदी ने कहा आज एक गंभीर विषय पर आपका और देशवासियों का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। कल जो संसद में हुआ, देशवासी इसे सदियों तक माफ नहीं करेंगे। 131 साल पहले स्वामी विवेकानंदजी ने शिकागो में कहा था कि मुझे गर्व है कि मैं उस धर्म से आता हूं जिसने पूरी दुनिया को सहिष्णुता और वैश्विक स्वीकृति सिखाई है। विवेकानंदजी ने शिकागो में हिंदू धर्म के लिए दुनिया के दिग्गजों के सामने कहा था। हिंदू के कारण ही भारत की विविधता पनपी है और पनप रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि, आज हिंदुओं पर झूठा आरोप लगाने की साजिश हो रही है। षड़यंत्र हो रहा है। ये कहा गया हिंदू हिंसक होते हैं। ये हैं आपके संस्कार, ये है आपकी सोच, ये है आपका चरित्र। इस देश के हिंदुओं के साथ ये कारनामे। ये देश शताब्दियों तक इसे भूलने वाला नहीं है। कुछ



दिन पहले हिंदुओं में जो शक्ति की कल्पना है, उसके विनाश की घोषणा की गई थी। आप किस शक्ति के विनाश की बात करते हैं। ये हिंदुस्तान सदियों से शक्ति की उपासना करता है। ये बंगाल मां काली की उपासना करता है। इन्होंने हिंदू आतंकवाद के शब्द को गढ़ने की कोशिश की। इनके साथी हिंदुओं की तुलना मलेरिया से करें और ये लोग तालियां बजाएं, ये देश कभी माफ नहीं करेगा। एक सोची-समझी रणनीति के तहत इनको पूरा ईकोसिस्टम हिंदुओं का मजाक उड़ाना, उन्हें नीचा दिखाना, उस सिस्टम ने इसे फैशन बना दिया है। ईश्वर का हर रूप दर्शन के लिए होता है। हमारे देवी-देवताओं का अपमान 140 करोड़ देशवासियों के दिलों को गहरी चोट पहुंचा रहा है। कर लीजिए राजनीतिक स्वार्थ के लिए। ईश्वर के रूपों का इस तरह से खेल। सदन के कल के दृश्यों को देखकर हिंदू समाज को भी सोचना होगा कि अपमान करने वाले ये बयान संयोग हैं या कोई प्रयोग की तैयारी है। ये हिंदू समाज को सोचना पड़ेगा। पीएम मोदी ने आगे कहा कि एक सोची-समझी साजिश के तहत इनका पूरा इकोसिस्टम हिंदू परंपरा को नीचा दिखाना, अपमानित करना, मजाक उड़ाना ये फैशन बना दिया है।

## हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती देने सुप्रीम कोर्ट पहुंची नीतीश सरकार

पटना, 2 जुलाई। नीतीश सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। पटना हाईकोर्ट के 65 प्रतिशत आरक्षण पर रोक लगाने के फैसले को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। पटना हाईकोर्ट ने बिहार में संशोधित आरक्षण कानूनों को रद्द कर दिया था। इस फैसले के खिलाफ बिहार सरकार के वकील मनीष सिंह ने याचिका दायर की और दलितों, आदिवासियों और पिछड़े वर्गों के लिए कोटा 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 65 प्रतिशत करने की मांग की। विपक्ष लगातार आरोप लगा रही थी कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार बिहार में आरक्षण को बढ़ाना नहीं चाहती थी। भाजपा आरक्षण के साथ खिलवाड़ करना चाहती है। कुछ दिन पहले ही तेजस्वी यादव ने कहा था कि हमलोगों को संदेह पहले से ही था कि भाजपा के लोग किसी भी हालत में आरक्षण को रोकने का काम करेंगे। हमलोगों ने चुनाव में भी कहा था कि भाजपा के लोग आरक्षण विरोधी लोग हैं। विपक्ष के इन आरोपों के बीच एनडीए सरकार की ओर से सुप्रीमो कोर्ट का रुख करना विरोधियों को जवाब देना माना जा रहा है। 20 जून पटना हाईकोर्ट ने बिहार सरकार के अनुसूचित जाति, जनजाति, अत्यंत पिछड़े और अन्य पिछड़े वर्ग को 65 आरक्षण देने वाले कानून को रद्द कर दिया था। पटना हाईकोर्ट ने इसे असंवैधानिक करार दिया था। यानी अब शिक्षण संस्थानों व सरकारी नौकरियों में अनुसूचित जाति, जनजाति, अत्यंत पिछड़े और अन्य पिछड़े वर्ग को 65 आरक्षण नहीं मिलेगा। 50 प्रतिशत आरक्षण वाली पुरानी व्यवस्था ही लागू हो गई। बिहार सरकार ने आरक्षण संशोधन बिल के जरिए आरक्षण दायरा बढ़ा 65 फीसदी कर दिया था।

## हिंदी पट्टी के लिए भारी बहुमत नहीं जुटा पाएगी भाजपा: शशि थरूर

**कौमी संवाददाता**

नई दिल्ली, 2 जुलाई। सत्तारूढ़ भाजपा 2026 के बाद होने वाली परिसीमन कवायद में हिंदी पट्टी के लिए भारी बहुमत नहीं जुटा पाएगी, क्योंकि उसे लोकसभा चुनाव में करारी हार का सामना करना पड़ा है। यह बात कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने लेखक राधा कुमार की किताब द रिपब्लिकन रिलर्न- रिन्यूइंग इंडियन डेमोक्रेसी के विमोचन के मौके पर कही। उन्होंने कहा कि परिसीमन प्रक्रिया के दौरान बहुत सारी चिंताएं हैं, जिसमें संघवाद से लेकर राज्यों के भीतर संतुलन बनाए रखना शामिल है। थरूर ने कहा, यह (परिसीमन) एक ऐसा विषय है जिसमें सत्ता में बैठे लोग निश्चित रूप से एक बड़ी गड़बड़ी कर सकते हैं, अगर वे अल्पकालिक राजनीतिक लाभ के बारे में सोचते हैं। लेकिन अब उत्तर प्रदेश ने उन्हें सबक सिखाया कि हिंदी पट्टी उन्हें झटका दे सकती है, तो वे (भाजपा) अपने लिए हिंदी पट्टी में भारी बहुमत जुटाने के बारे में उत्साहित नहीं होंगे। परिसीमन का मतलब लोकसभा और



विधानसभा के लिए प्रत्येक राज्य में सीटों की संख्या और निर्वाचन क्षेत्रों की सीमाओं को तय करने की प्रक्रिया है। भाजपा ने हाल ही में हुए संसदीय चुनावों में यूपी की 80 लोकसभा सीटों में से केवल 33 सीट पर ही जीत हासिल की। तिरुवनंतपुरम से सांसद थरूर ने 2026 के बाद होने वाली परिसीमन कवायत के बारे में चेतावनी देते हुए कहा कि यह प्रक्रिया दक्षिणी राज्यों को मताधिकार से वंचित कर सकती है और राष्ट्रीय एकता को नुकसान पहुंचा सकती है।

## मुंबई की कॉलेज में हिजाब के बाद फटी जिंस पर लगा प्रतिबंध

मुंबई, 2 जुलाई। महाराष्ट्र में मुंबई की एक कॉलेज ने हिजाब पर बैन लगाने के बाद अब छात्रों को फटी जिंस पहनने पर भी रोक लगा दी। केवल फटी जिंस ही नहीं, बल्कि जर्सी, दिखावटी पोशाक और धर्म को उजागर करने वाले कपड़ों पर भी प्रतिबंध लगाया गया है। चेंबूर ट्रॉम्बे एजुकेशन सोसाइटी के एन जी आचार्य और डी के मराठे कॉलेज ने 27 जून को एक नोटिस जारी कर कहा कि छात्रों को कैंपस में औपचारिक पोशाक पहननी चाहिए। नोटिस में कहा गया, छात्र हाफ या फुल शर्ट और पैंट पहन सकते हैं। लड़कियां कोई भी भारतीय या वेस्टर्न पोशाक पहन सकती हैं। बता दें कि यह निर्देश तब आया जब 26 जून को बॉम्बे हाई कोर्ट ने कॉलेज द्वारा अपने कैंपस में हिजाब और बुर्का पर प्रतिबंध लाने के फैसले में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया। अदालत ने बताया कि ऐसे नियम छात्रों के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन नहीं है। नोटिस में कहा गया, छात्रों को ऐसे पोशाक नहीं पहनने चाहिए जो धर्म को उजागर करे और संस्कृति की असमानता को दर्शाए। छात्र अपना हिजाब, बुर्का, नकाब, स्टोल, कैप इत्यादि को ग्राउंड फ्लोर के कॉमन रूम में जाकर हटा सकते हैं। इसके बाद ही वह कॉलेज के परिसर में घूम सकते हैं। फटी जींस, टी-शर्ट, दिखावटी पोशाक और जर्सी पहनकर आने की अनुमति नहीं है। नोटिस में यह भी बताया गया कि सभी छात्रों की 75 फीसदी उपस्थिति अनिवार्य है। इसमें आगे कहा गया, अनुशासन ही सफलता की कुंजी है। कॉलेज गवर्निंग काउंसिल के महासचिव सुबोध आचार्य ने कहा, यह नोटिस नया नहीं है। हम केवल छात्रों को ड्रेस कोड का पालन करने के लिए कह रहे हैं, जिसमें दिखावटी पोशाक पहनने से मना किया गया है। हम छात्रों से साड़ी पहन कर आने को नहीं कह रहे हैं।

# कभी किसी ने कुर्सी का इतना अपमान नहीं किया, जितना आपने किया

**सौरभ शर्मा**

नई दिल्ली, 2 जुलाई। मंगलवार को राज्यसभा की कार्यवाही के दौरान सभापति और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और कांग्रेस के नेता मल्लिकार्जुन खरगे के बीच तीखी बहस हो गई। इस दौरान सभापति ने खरगे के प्रति नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि आपने कुर्सी का जितना अपमान किया है, उतना किसी ने नहीं किया। धनखड़ ने चेतावनी देते हुए कहा कि आप हर बार कुर्सी को नीचा नहीं दिखा सकते। कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी अपने संबोधन में केंद्र सरकार पर निशाना साध रहे थे। उन्होंने मणिपुर, काले धन और लद्दाख के मुद्दे पर केंद्र पर हमला बोला और आरोप लगाया कि सरकार ने बीते 10 वर्षों में जो वादे किए थे, उन्हें पूरा नहीं किया गया। प्रमोद तिवारी जब ये कह रहे थे तो कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने बीच में कुछ कहना शुरू कर दिया, जिस पर सभापति ने कड़ी आपत्ति ली। इसके बाद प्रमोद तिवारी ने फिर से अपना संबोधन शुरू करते हुए पेट्रोल डीजल के दामों के मुद्दे पर केंद्र पर हमला बोला और कहा कि दुनिया के बाजारों में तेल के दाम घटे और यहां बढ़े, इसमें प्रधानमंत्री के अपने दोस्तों यारों का कुछ है....। इस पर सभापति ने



प्रमोद तिवारी को टोका कि बिना तथ्यों के आधार पर ऐसे आरोप मत लगाइए। इस दौरान फिर से जयराम रमेश ने अपनी सीट से खड़े होकर कुछ कहना शुरू कर दिया। कांग्रेस सांसद मल्लिकार्जुन खरगे पर राज्यसभा में प्रतिक्रिया देते हुए उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा, ... आप हर बार कुर्सी को नीचा नहीं दिखा सकते। आप हर बार कुर्सी का अनादर नहीं कर सकते... आप अचानक खड़े हो जाते हैं और बिना यह समझे कि मैं क्या कह रहा हूं, इसके बाद सभापति ने फिर से जयराम रमेश के प्रति नाराजगी जाहिर करते हुए तंज कसा कि जयराम रमेश इतने समझदार है कि उन्हें खरगे की जगह बैठना चाहिए। इस पर खरगे ने आपत्ति ली और बराबर में बैठीं सोनिया गांधी की तरफ इशारा करते हुए कहा कि मुझे बनाने (राज्सभा में विपक्ष का नेता) वाले यहां बैठे हैं श्रीमति सोनिया गांधी। न रमेश मुझे बना सकता है और न आप मुझे बना सकते हैं। खरगे के इस बयान पर सभापति जगदीप धनखड़ नाराज हो गए। उन्होंने कहा आप हर बार कुर्सी को नीचा नहीं दिखा सकते। आप हर बार कुर्सी का अनादर नहीं कर सकते... आप अचानक खड़े हो जाते हैं और बिना यह समझे कि मैं क्या कह रहा हूं, कुछ भी बोल देते हैं। इस देश और संसदीय लोकतंत्र और राज्यसभा की कार्यवाही के इतिहास में कुर्सी के प्रति इतनी अवहेलना कभी नहीं हुई, जितनी आपने की।

## लाशों के ढेर देखकर ड्यूटी पर तैनात सिपाही को आया हार्ट अटैक

एटा, 2 जुलाई। उत्तर प्रदेश के एटा में मेडिकल कॉलेज में लाशों का ढेर देखकर ड्यूटी पर तैनात सिपाही को हार्ट अटैक आ गया। इससे उसकी मौत हो गई। वह क्यीआरटी अवागढ़ में तैनात था। उसे मेडिकल कॉलेज आपात ड्यूटी पर बुलाया गया। इतनी लाशें देखकर वह बर्दाश्त न कर सका। उसे हार्ट अटैक आ गया। सिपाही मूल रूप से अलीगढ़ जिले के बन्ना देवी थाना क्षेत्र के सिद्धार्थनगर का रहने वाला था। यूपी के हाथरस के सिकंदराराऊ में भोलेबाबा के सत्संग के दौरान पंडाल में भगदड़ मच गई। इसमें करीब 120 लोगों की मौत हो गई। जबकि 100 से अधिक लोग घायल हैं। घायलों को इजाल के लिए आसपास के जिलों में भेजा गया है। जहां बड़ी संख्या में लोगों की मौत है गई। सिकंदराराऊ के फुलरई गांव में मंगलवार को बड़ा हादसा हो गया। इसके बाद सबसे पहले घायलों को एटा मेडिकल कॉलेज भेजा गया। यहां एक के बाद एक 27 लोगों ने दम तोड़ दिया। जबकि कई लोग घायल हैं। जिनका इलाज किया जा रहा है।

## राज्य के मछुआरों के पारंपरिक अधिकारों का हो स्थायी समाधान

नई दिल्ली, 2 जुलाई। लोकसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए इंदिरा गांधी सरकार पर आरोप लगाया था कि, उन्होंने तमिलनाडु के पास मौजूद कच्चातिवु द्वीप श्रीलंका को सौंप दिया था। जिसे लेकर देश में कई दिनों तक वाद-विवाद और आरोप-प्रत्यारोप को दौर चला। वहीं कच्चातिवु द्वीप एक बार फिर चर्चा में हैं। दरअसल तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के स्टालिन ने विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर को पत्र लिखा है और राज्य के मछुआरों के अधिकार को बनाए रखने के लिए स्थायी समाधान निकालने की अपील की है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री ने अपने पत्र में कहा कि, मैं आपके ध्यान में यह लाना चाहता हूं कि हाल के हफ्तों में श्रीलंकाई अधिकारियों की तरफ से तमिलनाडु के मछुआरों को हिरासत में लेने की मामलों में जबरदस्त बढोत्तरी हुई है। इस संबंध में, मैं यह बताना चाहता हूं कि डीएमके के नेतृत्व वाली राज्य सरकार ने कच्चातिवु समझौते का पुरजोर विरोध किया और तमिलनाडु विधानसभा और संसद दोनों में इसका विरोध स्पष्ट किया गया। यह बात सभी जानते हैं कि इस मामले में राज्य सरकार से उचित परामर्श नहीं लिया गया। मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने अपने पत्र में आरोप लगाया कि पूर्व की केंद्र सरकार ने भारतीय मछुआरों के अधिकारों और हितों को खतरे में डालते हुए और उनसे वंचित करते हुए द्वीप को पूरी तरह से श्रीलंका को सौंप दिया था। कच्चातिवु पाक जलडमरूमध्य में एक छोटा सा द्वीप है, जो बंगाल की खाड़ी को अरब सागर से जोड़ता है। कच्चातिवु द्वीप 285 एकड़ का हरित क्षेत्र है जो 1976 तक भारत का था। साल 1974 में तत्कालीन क्रू इंदिरा गांधी ने श्रीलंकाई राष्ट्रपति श्रीमावो भंडारनायके के साथ 1974-76 के बीच चार समुद्री सीमा समझौतों पर हस्ताक्षर किए थे। इन्हीं समझौते के तहत कच्चातिवु द्वीप श्रीलंका को सौंप दिया गया। वहीं अगस्त 2023 में प्रधानमंत्री ने अविश्वास प्रस्ताव पर जवाब देते हुए भी यह मुद्दा उठाया था और कहा था कि, क्या कच्चातिवु हमारी मां भारती का अंग नहीं था। इंदिरा गांधी के नेतृत्व में इसे श्रीलंका को दे दिया गया। यह कांग्रेस का इतिहास है। मां भारती को छिन्न-भिन्न करने का इतिहास। वहीं कच्चातिवु द्वीप को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस के साथ-साथ डीएमके पर निशाना साधा।

# अर्थव्यवस्था पर आंकड़े छुपा रही सरकार अब मनमर्जी नहीं, जनमर्जी चलेगी: अखिलेश

**नरेश मल्होत्रा**

नई दिल्ली, 2 जुलाई। लोकसभा की कार्यवाही एक बार फिर मंगलवार को शुरू हुई। केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग, नीट और अग्निपथ जैसे मुद्दों को लेकर विपक्ष ने सरकार को घेरा। इस दौरान दोनों सदनों में जमकर हंगामा हुआ। लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण के लिए धन्यवाद प्रस्ताव पर बोलते हुए उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और सपा सांसद अखिलेश यादव ने कहा कि सरकार अर्थव्यवस्था पर आंकड़े छुपा रही है। अखिलेश यादव ने पहले लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को बोलने का मौका देने पर धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि सबसे पहले उन सभी मतदाताओं को धन्यवाद देना चाहता हूं, जिन्होंने लोकतंत्र को एकतंत्र बनाने से रोका। चुनाव के समय ऐसा कहा गया कि 400 पार पर समझदार जनता को फिर से धन्यवाद। उन्होंने कहा, आवाम ने तोड़ दिया हूकुमत का गुमार, दरवार तो लगा है, मगर बड़ा गमगीन बेनूर है और पहली बार ऐसा लग रहा है कि हारी हुई सरकार विराजमान है। जनता कह रही है कि चलने वाली नहीं, यह गिरने वाली सरकार है। क्योंकि ऊपर से जुड़ा कोई तार नहीं, नीचे कोई आधार नहीं, अधर में जो लटकी, वो तो कोई सरकार नहीं। उन्होंने कहा, इस चुनाव में पूरे इंडी गठबंधन की जीत हुई है। यह इंडिया की सकारात्मक जीत हुई है। 2024 का परिणाम हम इंडिया वालों के लिए जिम्मेदारी से भरा पैगाम भी है। हम यह भी कहे 15 अगस्त 1947 अगर आजादी का दिन था, तो 4 जून 2024 देश के लिए सांप्रदायिक राजनीति से आजादी का दिन रहा। सबसे अच्छी बात यह है कि सांप्रदायिक राजनीति की हार हो गई। उन्होंने आगे कहा, सरकार कहने को तो कहती है कि यह पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है। मगर सरकार क्यों छिपा रही है कि अगर यह सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है तो हमारे देश की प्रति व्यक्ति आय किस स्थान पर पहुंची है। हमने देखा है कि अगर दिल्ली सरकार ने कहा होगा पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनेगी, तो जहां से पीएम से चुनकर आती है, तो वहां की प्रदेश सरकार कह रही है कि हम एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बना लेंगे। अगर



उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर बनना है तो 35 फीसदी की ग्रोथ चाहिए। मुझे नहीं लगता है कि इतनी ग्रोथ हो पाएगी। उन्होंने कहा, जो लोग चुनाव को अपनी तरह से मोड़ते हैं। मैं उनसे कहना चाहता हूं कि इस चुनाव के परिणाम में तोड़ने वाली राजनीति की हार हुई है। वहीं जोड़ने वाली राजनीति की जीत हुई है। इस चुनाव में धन, छल, बल की नकारात्मक राजनीति की शिकस्त हुई है। यह चुनाव सकारात्मक का दौर शुरू हुआ है। संविधान ही संजीवनी है। यह संविधान मंथन में हैं। संविधान रक्षकों की जीत हुई है। मैं कहना चाहता हूं कि देश किसी की निजी महत्वाकांक्षा से नहीं, बल्कि जन आंकाक्षा से चलेगा। मतलब अब मनमर्जी नहीं जनमर्जी चलेगी। सपा सांसद ने आगे कहा, पहली बारिश में टपकती छत और गिर चुकी स्टेशन की दीवार बेइमानी की निशानी बन गई है। विकास का ढिंढोरा पीटने वाले इस विनाश की जिम्मेदारी कब लेंगे। रही सच्चे विकास की बात तो हमने जो सड़कें बनाई तो उस पर हवाई जहाज इतने थे और यूपी की सड़कों पर नाव उतरी है। अगर और बारिश हुई तो नाव से ही चलना पड़ेगा। जनता को कोई सुविधा नहीं मिली है।

## तुर्की के राष्ट्रपति ने नए स्वास्थ्य, पर्यावरण मंत्रियों की नियुक्ति की



**एजेंसी**

**अंकारा।** तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने मंगलवार तड़के अपने मंत्रिमंडल में मामूली फेरबदल करते हुए नए स्वास्थ्य और पर्यावरण मंत्रियों को नियुक्त किया। आधिकारिक राजपत्र के अनुसार, मूरत कुरुम पर्यावरण, शहरी और जलवायु परिवर्तन मंत्री मेहमत ओझासेकी का स्थान लेंगे, जिन्होंने स्वास्थ्य कारणों से अपना इस्तीफा दे दिया है। स्वास्थ्य मंत्री फहार्टिन कोका का स्थान केमल मेमिसोग्लू लेंगे, जिन्होंने इस्तांबुल प्रांतीय स्वास्थ्य निदेशालय के प्रमुख के रूप में कार्य किया है।

## सिडनी विश्वविद्यालय में व्यक्ति को चाकू घोंपने के आरोप में किशोर गिरफ्तार



**सिडनी।** सिडनी विश्वविद्यालय के परिसर में एक व्यक्ति को चाकू घोंपने के आरोप में मंगलवार को किशोर को हिरासत में लिया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 8.35 बजे विश्वविद्यालय परिसर में चाकूबाजी की घटना की जानकारी मिलने के बाद कैंपरडाउन में परामट्टा रोड के किनारे शैक्षणिक सुविधा में आपातकालीन सेवाओं को बुलाया गया।

## न्यूयॉर्क में विमान दुर्घटना में पांच लोगों की मौत

**न्यूयॉर्क ।** अमेरिका में न्यूयॉर्क के ऊपरी हिस्से में रविवार दोपहर में एक छोटे विमान के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से पांच लोगों की मौत हो गई।

अमेरिकी संघीय विमानन प्रशासन (एफएए) ने एक बयान में कहा कि स्थानीय समयानुसार दोपहर करीब दो बजे सिडनी के पास, न्यूयॉर्क शहर से लगभग 240 किमी उत्तर पश्चिम में एक इंजन वाला पाइपर पीए-46 विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

बीएनओ न्यूज की एक रिपोर्ट के अनुसार पहले उत्तरदाताओं को जंगली इलाके में एक बड़े मलबे के क्षेत्र में घंटों की खोज के बाद भी जीवित बचे लोग नहीं मिले। एफएए ने कहा कि अटलांटा, जॉर्जिया में पंजीकृत विमान ने दोपहर 1:40 बजे वनोंटा न्यूयॉर्क में अल्बर्ट एस. नादेर क्षेत्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरी और चार्ल्सटन, वेस्ट वर्जीनिया की ओर प्रस्थान किया। विमान में सवार पांच लोगों की पहचान जारी नहीं की गई है। बयान में कहा गया है कि एफएए और राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड दोनों घटना की जांच करेंगे। राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड जांच का नेतृत्व करेगा और अधिक विवरण प्रदान करेगा।

## मिस्र में आवासीय इमारत ढहने से पांच लोगों की मौत

**काहिरा।** मिस्र के दक्षिणी गवर्नरेट असीउत में एक आवासीय इमारत के गिरने से पांच लोगों की मौत हो गई। यह जानकारी सरकारी समाचार वेबसाइट अहराम ऑनलाइन ने दी। रिपोर्ट में असीउत के गवर्नर एस्सम साद



के हवाले से कहा गया कि पीड़ितों के शव ढही हुई इमारत के मलबे के नीचे से बरामद किए गए हैं और छह लोगों को बचाया गया है। श्री साद ने कहा कि ढही हुई इमारत और पड़ोसी घरों का निरीक्षण करने और प्रभावित लोगों को निकालने के लिए एक आपातकालीन इंजीनियरिंग समिति का गठन किया गया है, जबकि नागरिक सुरक्षा बल मलबे के नीचे लापता लोगों की तलाश के लिए अपने प्रयास जारी रखे हुए हैं। गवर्नर साद ने कहा कि एक राहत दल को घायलों, मृतकों के परिवारों और घटना से प्रभावित लोगों को तत्काल सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया गया है।

# भारत के साथ हम आर्थिक, सुरक्षा सहयोग को कर रहे हैं मजबूत : अमेरिका

**एजेंसी**

**वाशिंगटन।** अमेरिकी विदेश विभाग के उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने कहा है कि भारत और अमेरिका के बीच संबंध पहले से और अधिक मजबूत हुए हैं। भारत चाहे ईरान और रूस के साथ संबंधों को आगे बढ़ा रहा है, लेकिन अमेरिका कई प्रमुख क्षेत्रों में विशेष रूप से आर्थिक संबंधों और सुरक्षा सहयोग में उसके (भारत) साथ अपने संबंधों को मजबूत कर रहा है।

श्री पटेल से जब पूछा गया कि ईरान और रूस के साथ भारत के संबंधों के मद्देनजर अमेरिका भारत के साथ अपने गहरे होते संबंधों से कैसे निपटेगा, तो उन्होंने कहा, ...भारत एक ऐसा देश है जिसके साथ हम कई प्रमुख क्षेत्रों में अपने संबंधों को गहरा कर रहे हैं, खासकर जब यह हमारे आर्थिक संबंधों और सुरक्षा सहयोग को मजबूत करने से संबंधित है। अमेरिकी राष्ट्रपति को कुछ हफ़्ते पहले जी7 पर प्रधानमंत्री



नरेन्द्र मोदी से संक्षिप्त मुलाकात का अवसर मिला था। इसलिए यह एक ऐसा क्षेत्र है जहां हम इस संबंध को आगे बढ़ाना जारी रखेंगे।

श्री पटेल ने पिछले साल जून में प्रधानमंत्री मोदी की वाशिंगटन की राजकीय यात्रा के बारे बताते हुए कहा, आप इस तथ्य से अनजान नहीं हैं कि हमने पिछली गर्मियों में श्री मोदी की राजकीय यात्रा के लिए भारत की मेजबानी की थी और मुझे लगता है कि ऐसे कई अतिरिक्त क्षेत्र होंगे जहां हम आपसी सहयोग को मजबूत करना जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार सुलिवन ने अभी कुछ हफ़्ते पहले ही भारत की यात्रा पर गये थे।

पाकिस्तान पर एक सवाल का जवाब देते हुए श्री पटेल ने आतंकवाद की निंदा की। उन्होंने कहा कि आखिरकार यह भारत और पाकिस्तान के बीच का मामला है। उन्होंने कहा, मोटे तौर पर, बेशक, हम किसी भी देश का अपने पड़ोसियों के साथ अधिक सकारात्मक संबंध बनाने का स्वागत करते हैं, लेकिन चूंकि यह विशेष रूप से इससे संबंधित है, इसलिए मेरे पास कहने के लिए कुछ नहीं है।

## पाकिस्तान में दो अभियानों में नौ आतंकवादी मारे गय

**एजेंसी**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने देश के उत्तर-पश्चिमी प्रांत खैबर पख्तूनख्वा (केपी) प्रांत में दो अभियानों में नौ आतंकवादियों को मार गिराया है। सेना ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने एक बयान में कहा कि सुरक्षा बलों ने खुफिया जानकारी के आधार पर केपी के खैबर और लक्की मारवात जिलों में अभियान चलाया।



आईएसपीआर के बयान के अनुसार, पहले अभियान के दौरान खैबर जिले के तिराह इलाके में दो आतंकवादी कमांडरों सहित सात आतंकवादी मारे गये। आईएसपीआर ने बताया कि अभियान के दौरान हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक भी बरामद किये गये। ये आतंकवादी कई आतंकवादी गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल थे और सुरक्षा बल उनकी तलाश कर रहे थे। लक्की मारवात जिले में एक अलग अभियान में सुरक्षा बलों ने दो आतंकवादियों को मार गिराया। क्षेत्र में छिपे किसी भी अन्य आतंकवादी को खत्म करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। सेना ने बताया कि पाकिस्तान के सुरक्षा बल देश से आतंकवाद के खतरे को खत्म करने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं।

## लेबनान में इजरायली हवाई हमले में हिजबुल्लाह सदस्य की मौत

**एजेंसी**

**बेरूत।** दक्षिणी लेबनान के एतारौन गांव में इजरायली हवाई हमले में हिजबुल्लाह का एक सदस्य मारा गया। लेबनान के सैन्य सूत्रों ने सिन्हुआ को बताया कि एक इजरायली युद्धक विमान ने ऐटारोन के केंद्र में एक घर पर दो मिसाइलें दागीं, जिसमें हिजबुल्लाह का एक सदस्य मारा गया। उन्होंने बताया कि इजरायल ने दिन के दौरान लेबनान के पांच कस्बों और गांवों पर सात हवाई हमले किए और दक्षिणी लेबनान के दस सीमावर्ती कस्बों और गांवों पर 45 गोले दागे। वहीं हिज़्बुल्लाह ने घोषणा की कि उसने अल-समाका, डोवेव और रामोत नफ़्ताली सहित कई इजरायली साइटों पर हमला किया।

उल्लेखनीय है कि आठ अक्टूबर, 2023 को लेबनान-इजरायल सीमा पर तनाव बढ़ गया, जिसके एक दिन



पहले इजरायल पर हमास के हमले के साथ एकजुटता दिखाने के लिए हिज़्बुल्लाह द्वारा इजरायल की ओर रॉकेट दागे गए थे। बाद में, इजरायल ने जवाबी कार्रवाई करते हुए दक्षिणपूर्वी लेबनान की ओर भारी तोपखाने से गोलीबारी की। लेबनानी सुरक्षा और चिकित्सा रिपोर्टों के अनुसार, सीमा पर इजरायली बलों के साथ टकराव शुरू होने के बाद से, लेबनानी सशस्त्र समूह के 357 सदस्य मारे गए हैं।

## किर्गिस्तान में भूस्खलन में मरने वालों की संख्या बढ़कर 13 हुई

**एजेंसी**

**बिश्केक।** दक्षिणी किर्गिस्तान में भूस्खलन से मरने वालों की संख्या बढ़कर 13 हो गई है। देश के आपातकालीन स्थिति मंत्रालय की प्रेस सेवा ने यह जानकारी दी। ओश ओब्लास्ट के नुक्कट क्षेत्र में भारी बारिश के कारण दो पुल, बिजली के खंभे क्षतिग्रस्त हो गए और निजी घरों के 15 आंगनों में पानी भर गया। इलाके में आपातकाल की स्थिति घोषित कर दी गई है।

इस बीच, एक मनोरंजन क्षेत्र में, कीचड़ का प्रवाह नदी तट पर आराम कर रहे लोगों के एक समूह को बहा ले गया। फिलहाल मृतकों की संख्या बढ़कर नौ हो गई है, मृतकों में दो महिलाएं हैं, बाकी किशोर और बच्चे हैं। बताया जा रहा है कि मृतकों में से चार कजाकिस्तान के नागरिक हैं जो घूमने आए थे। इसके अलावा, को ओश ओब्लास्ट के कारा-कुलजा



क्षेत्र में कीचड़ का बहाव एक यात्री कार को बहा ले गया, जिसमें पांच लोगों का एक परिवार था, केवल 7 साल की बच्ची ही भागने में सफल रही। क्षेत्र में खोज और बचाव कार्य अभी भी चल रहा है।

## ब्राजील में बाढ़ का कहर, 33 लोग अभी भी लापता

**एजेंसी**

**साओ पाउलो।** ब्राजील के दक्षिणी राज्य रियो ग्रांडे डो सुल के 90 प्रतिशत हिस्से में मूसलाधार वर्षा के कारण अचानक आयी बाढ़ और भूस्खलन में 33 लोग अभी भी लापता हैं, जबकि 179 लोगों की मौत हो गई है। राज्य की नागरिक सुरक्षा एजेंसी के अनुसार, 29 अप्रैल से



खराब मौसम के कारण 23.90 लाख से अधिक निवासी प्रभावित हुए। जून के मध्य में बाढ़ कम होने लगी, लेकिन बचाव और पुनर्प्राप्ति प्रयास जारी रहे। ब्राजील के राष्ट्रपति लुईस इनासियो लूला दा सिल्वा द्वारा पुनर्निर्माण कार्य की देखरेख के लिए नियुक्त किए गए पाउलो पिमेंटा के अनुसार, ब्राजील की सरकार ने रियो ग्रांडे डो सुल के पुनर्निर्माण के लिए करीब 85.7 अरब रियल निर्धारित किए हैं। अर्जेंटीना और उरुग्वे की सीमा पर स्थित कृषि तथा पशुधन का केंद्र रियो ग्रांडे डो सुल में सैनिकों और स्थानीय स्वयंसेवकों की मदद से 89 हजार से अधिक निवासियों और 15 हजार जानवरों को बचाया गया।

# पश्चिम सूडान हवाई हमले में नौ बच्चों की मौत

**एजेंसी**

**खार्तूम।** पश्चिमी सूडान के उत्तरी दारफुर प्रान्त की राजधानी अल फशीर में रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) के हवाई हमले में करीब नौ बच्चे मारे गए और 11 अन्य घायल हो गए। एक स्थानीय प्रतिरोध समिति ने यह जानकारी दी। गैर-सरकारी समूह ने एक बयान में कहा, 'एक आरएसएफ ड्रोन ने अल-फशीर में अल-तिजानिया के पड़ोस की अल-हिजरा मस्जिद पर गोले-बारूद फेंके, जिसमें नौ बच्चों की मौत हो गई और 11 अन्य घायल हो गए। सूडान ट्रिब्यून समाचार पोर्टल ने बताया कि हवाई हमलों में लक्ष्य बनाये गए स्थान पर विस्थापितों को भोजन उपलब्ध कराने वाली एक रसोई चलायी जा रही थी।आरएसएफ ने अभी तक इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। गौरतलब है कि एल फशीर में 10



मई से भीषण संघर्ष चल रहा है। अल फशीर में चल रही जंग 15 अप्रैल 2023 के बाद से देश भर में आरएसएफ और सूडानी सशस्त्र बलों के बीच बड़े संघर्ष में तब्दील हो गयी है। मानवीय मामलों के समन्वय के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (ओसीएचए) ने पिछले महीने एक अद्यतन रिपोर्ट में कहा था कि संघर्ष में अब तक 16,650 लोगों की जान जा चुकी है।संयुक्त राष्ट्र अंतर्राष्ट्रीय प्रवासन संगठन ने जून की शुरुआत में अपने अनुमान में बताया था कि सूडान में कम से कम 7.3 करोड़ लोग मौजूदा संघर्ष में आंतरिक रूप से विस्थापित हुए हैं।

## दक्षिण कोरिया कम जन्म दर की समस्या से निपटने के लिए नया मंत्रालय बनाएगा

**सोल।** दक्षिण कोरिया जनसांख्यिकी पर एक नया मंत्रालय स्थापित करेगा, जिसका काम कम जन्म दर और तेजी से बढ़ती उम्रदराज आबादी से निपटना होगा।

दक्षिण कोरिया की समाचार एजेंसी योनहाप ने बिना नाम उजागर किये अज्ञात अधिकारियों के हवाले से बताया कि इस संबंध में सत्तारूढ़ पार्टी ने कई बैठकें की हैं। इसके बाद अधिकारियों ने संशोधित सरकारी संगठन अधिनियम की योजना बनायी, जो नए मंत्रालय के लिए आधार तैयार करता है, जिसे जुलाई में प्रस्तावित किए जाने की उम्मीद है।

# केन्या में विरोध प्रदर्शनों में 39 लोगों की मौत

**एजेंसी**

**नैरोबी।** पूर्वी अफ्रीकी देश केन्या में विवादास्पद कर वृद्धि विधेयक के खिलाफ विरोध प्रदर्शनों में करीब 39 लोग मारे गए हैं और 361 अन्य घायल हुए हैं। केन्या नेशनल कमीशन ऑन ह्यूमन राइट्स (केएनसीएचआर) ने मृतकों के बारे में जानकारी दी।

इससे पहले केएनसीएचआर ने बताया था कि केन्या में चल रहे हिंसक विरोध प्रदर्शनों के दौरान करीब 30 लोग मारे गये थे। मानवाधिकार समूह ने केन्याई सुरक्षा बलों पर प्रदर्शनकारियों की भीड़ पर सीधे गोलियां चलाने का भी आरोप लगाया है।

आयोग ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर लिखा, हमारे रिकॉर्ड से पता चलता है कि देश भर में विरोध



प्रदर्शनों में 39 लोग मारे गए हैं और 361 अन्य घायल हुए हैं। इसके अलावा, विरोध प्रदर्शनों के दौरान देश में 32 लोगों के लापता होने का मामला सामने आया है और 627 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

गौरतलब है कि जून के मध्य से केन्या में विरोध प्रदर्शन शुरू हुआ है। जब सरकार ने ब्रेड, चीनी परिवहन, मोबाइल और वित्तीय सेवाओं तथा विदेशी मुद्रा लेनदेन पर 16 प्रतिशत वैट लगाने के साथ-साथ कारों और वनस्पति तेल पर 2.5 प्रतिशत उत्पाद शुल्क लगाने वाला विधेयक पेश किया था। विरोध प्रदर्शनों के भड़कने पर हालांकि राष्ट्रपति विलियम रुटो ने विधेयक पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया और इसे पुनर्विचार के लिए संसद में वापस भेज दिया।

केन्या में सरकार द्वारा नए टैक्स लगाने से जनता काफी गुस्से में है और बड़े स्तर पर विरोध प्रदर्शन आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को भीड़ संसद में प्रवेश कर गई और वहां आगजनी की। इसके बाद सांसदों को संसद भवन से सुरक्षित निकाला गया। प्रदर्शनकारी नए टैक्स का विरोध कर रहे हैं जिससे डायपर जैसी वस्तुओं की कीमत बढ़ जाएगी।

# गाजा में इजरायली हवाई हमले में 5 फिलिस्तीनियों की मौत

**एजेंसी**

**गाजा।** गाजा शहर में एक सभा पर इजरायली हवाई हमले में पांच फिलिस्तीनी मारे गए, जबकि इजरायली सेना ने गाजा पट्टी के दक्षिण में पूर्वी खान यूनिस के निवासियों से तुरंत वहां से हटने का आग्रह किया। फिलिस्तीनी सुरक्षा सूत्रों ने सिन्हुआ से कहा कि इजरायली विमानों ने गाजा शहर में अल-जला स्ट्रीट पर सभा को निशाना बनाया। फ़ेसबुक पर प्रसारित वीडियो क्लिप में हवाई हमले के बाद युवाओं को ज़मीन पर लेटे हुए दिखाया गया है। चिकित्सा सूत्रों ने बताया कि हवाई हमले में पांच लोगों की मौत हो गई और 10 अन्य घायल



हो गए, जिनमें से सभी को अस्पताल पहुंचाया गया। यह हमला तब हुआ जब इजरायली सैन्य प्रवक्ता अविचाई अद्राई ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में खान यूनिस के पूर्व के क्षेत्रों में निवासियों और विस्थापित व्यक्तियों से तुरंत मानवीय क्षेत्र में जाने का आग्रह किया। गाजा स्वास्थ्य अधिकारियों ने एक प्रेस बयान में कहा कि इजरायली सेना ने पिछले 24 घंटों के दौरान 23 फिलिस्तीनियों को मार डाला और 91 अन्य को घायल कर दिया, जिससे फिलिस्तीनी-इजरायल संघर्ष के बाद से पट्टी में मरने वालों की कुल संख्या 37,900 हो गई और 87,060 लोग घायल हुए। इज़रायल ने 7 अक्टूबर, 2023 को दक्षिणी इज़राइली सीमा पर हमास से बदला लेने के लिए गाजा में हमास के खिलाफ बड़े पैमाने पर आक्रमण शुरू किया क्योंकि हमास के हमले में लगभग 1,200 इजराइली मारे गए और 200 से अधिक लोगों को बंधक बनाया गया।

## बाढ़ के खतरे के मद्देनजर 2000 परिवारों को भेजा गया सुरक्षित स्थानों पर

**एजेंसी**

**यांगून।** म्यांमार के उत्तरी काचिन राज्य में संभावित बाढ़ के खतरे को देखते हुए लगभग दो हजार घरों को खाली कराया गया है, क्योंकि भारी बारिश के कारण अयेयारवाडी नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। काचिन राज्य सरकार के एक सदस्य ने शिन्हुआ को बताया कि किसी के हताहत होने की खबर नहीं है और बचाव अभियान जारी है। उन्होंने बताया कि प्रभावित निवासियों को पूरे क्षेत्र में 30 स्कूलों, चर्चों और मठों में अस्थायी आश्रयों में ले जाया गया है।



## मैक्रों ने दियाअपनी टीम को निर्वाचन क्षेत्र की स्थिति का अध्ययन करने का निर्देश

**एजेंसी**

**पेरिस।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने दक्षिणपंथी नेशनल रैली पार्टी का मुकाबला करने के लिये अपनी टीम को देश के प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र की स्थिति का अध्ययन करने का निर्देश दिया है। फ्रांसीसी प्रसारक बीएफएमटीवी ने रविवार को कहाकि पहले एग्जिट पोल के अनुसार, नेशनल रैली 34.2 प्रतिशत के साथ पहले दौर के चुनावों में आगे चल रही है, उसके बाद वामपंथी न्यू पॉपुलर फ्रंट गठबंधन 29.1 प्रतिशत के साथ दूसरे और श्री मैक्रों के मध्यमार्गी गठबंधन 21.5 प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर है।



## भारतीय सीमा पर लंबे समय तक तैनात रहेंगे चीनी सैनिक, रिपोर्ट में दावा- युद्ध का खतरा बरकरार

**एजेंसी**

**हॉन्ग कॉन्ग।** रूस-यूक्रेन और इस्राइल हमास युद्ध के बीच लद्दाख में भारत-चीन के बीच जारी तनाव की खबरें सुर्खियों से नदारद भले ही हो गई हैं, लेकिन सीमा पर दोनों देशों के बीच तनाव अभी भी बरकरार है। अमेरिका की एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन की सेना भारतीय सीमा पर लंबे समय तक तैनात रह सकती है और विवादित सीमा दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों के लिए तनाव का सबब बनी रहेगी। अमेरिका के आर्मी वॉर कॉलेज के स्ट्रैटेजिक स्टडीज इंस्टीट्यूट ने बीते दिनों एक रिपोर्ट प्रकाशित की। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत और चीन के बीच साल 2020 में सीमा पर हिंसक झड़प हुई थी और उसके बाद से कोई हिंसक घटना नहीं हुई है, लेकिन दोनों तरफ बड़ी संख्या में सैनिक तैनात हैं और कोई भी खतरे की गलत गणना सशस्त्र संघर्ष में बदल सकती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन की सेना अनिश्चित समय तक अक्साई चिन में एलएसी पर और डोकलाम में तैनात रह सकती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन की सेना ने अपनी लॉजिस्टिक क्षमताओं में काफी इजाफा किया है।

**कौमी पत्रिका**
**संपादक-गुरचरन सिंह बब्बर**
स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक, गुरचरन सिंह बब्बर ने कौमी पत्रिका प्रिंटिंग प्रेस, सेक्टर ए-4/ए-144 इंडस्ट्रीयल एरिया ट्रोनिका सिटी लोनी (गाजियाबाद), उत्तर प्रदेश से छापकर प्रकाशित किया।
**Corporate Office:**
5, Bahadurshah Zafar Marg
ITO, New Delhi-110002
फोन : 011-41509689, 23315814
**मोबाइल नंबर** : 9312262300
**E - mail address :** qpatrika@gmail.com
**Website:** www.qaumipatrika.in
**R.N.I. No.**
**UP-HIN/2007/21472**
**Legal Advisors:**
Advocate Mohd. Sajid
Advocate Dr. A.P.Singh
Advocate Manish Sharma
Advocate Pooja Bhaskar Sharma

# राहुल गांधी के हिंदुत्व वाले बयान पर सड़क से संसद तक मचा बवाल

एजेंसी

**नई दिल्ली।** लोकसभा के पहले सत्र के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी के हिंदुत्व पर दिए गए बयान से बवाल मच गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह समेत भाजपा नेताओं ने उनके बयान पर कड़ी आपत्ति जताई है। यह मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। भाजपा इस बयान को लेकर सड़क से संसद तक पुरजोर तरीके से विरोध कर रही है। मुंबई में भाजपा कार्यकर्ता राहुल गांधी के खिलाफ सड़कों पर उतर गए हैं। उन्होंने हाथ में राहुल गांधी का पोस्टर लेकर उनके खिलाफ जमकर नारेबाजी की।



भाजपा नेताओं ने कहा कि कांग्रेस ने हिंदुओं को हिंसक और झूठ बोलने वाला बताया है। हिंदुओं का अपमान करना ही बस राहुल गांधी का काम है। भाजपा नेता और योगी सरकार में मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने राहुल गांधी के बयान की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को हिंदुओं के बारे में कुछ भी नहीं पता है। हिंदू हिंसक नहीं बल्कि अहिंसा वादी धर्म है। कांग्रेस नेता को अपने इस बयान के लिए माफी मांगनी चाहिए। भाजपा नेता अनिल विज ने भी राहुल गांधी के बयान को लेकर हमला किया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी का भाषण सुनकर लगा कि पप्पू अब बड़ा हो गया है।

उनके बयान से ऐसा लगता है कि वो बहुत ही गहरी साजिश रच रहे हैं। वो हिंदुस्तान के अलग-अलग धर्म के लोगों को आपस में लड़ाना चाहते हैं। वो देश का एक बार और विभाजन करवाना चाहते हैं। उनके भाषण को पूरी तरह से नजरअंदाज कर देना ही देश हित में सही होगा। वहीं शिवसेना डोगरा फ्रंट के अध्यक्ष अशोक गुप्ता ने भी राहुल गांधी पर हमला बोला। उन्होंने राहुल गांधी के विपक्ष नेता की भूमिका पर सवाल खड़े किए। अशोक गुप्ता ने कहा कि उन्हें विपक्ष का नेता बनना आता ही नहीं। तेज रफ्तार से आगे भाग रहे थे अब अपने बयान से पीछे जा चुके हैं। वो हिंदुओं को हिंसक बता रहे हैं। ऐसा होता तो दुनिया में हमारी संख्या लगातार घटती नहीं बल्कि बढ़ती। उन्होंने लोकसभा स्पीकर ओम बिरला से राहुल गांधी के इस्तीफे की भी मांग की है।

जेडीयू नेता अशोक चौधरी ने भी राहुल गांधी के बयान का विरोध किया है। उन्होंने कहा कि सनातन में हमेशा कहा गया है कि धर्म की जय हो अधर्म का नाश हो। प्राणियों में सद्भावना हो विश्व का कल्याण हो। हिंदुत्व प्रेम बढ़ाने वाला धर्म है, इसलिए यह कहना उचित नहीं है कि हिंदू हिंसा को बढ़ाता है।

वहीं इंडी गठबंधन की सहयोगी समाजवादी पार्टी ने राहुल गांधी के बयान का समर्थन किया है। सपा प्रवक्ता फकरुल हसन चांद ने कहा कि राहुल गांधी हिंसा नहीं, बल्कि अहिंसा की बात करते हैं। वो सिर्फ एक धर्म से नहीं बल्कि हर धर्म से प्यार करते हैं। भाजपा सिर्फ नकारात्मक और धर्म की राजनीति करती है। सरकार के पास अग्निवीर, महिला सुरक्षा, मणिपुर और नीट पेपर लीक मामले पर कोई जवाब नहीं है। भाजपा की केंद्र सरकार इन सवालों का जवाब नहीं देना चाहती।

## केजरीवाल की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर उच्च न्यायालय का सीबीआई को नोटिस

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने शराब घोटाले में कथित धनशोधन के मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका पर मंगलवार को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा की एकल पीठ ने सीबीआई द्वारा श्री केजरीवाल को 26 जून को गिरफ्तार करने के मामले को चुनौती देने वाली उनकी याचिका पर संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद नोटिस जारी करके केन्द्रीय जांच एजेंसी को अपना पक्ष रखने को कहा।

## रेड्डी ने की राहुल गांधी के भाषण की आलोचना, जनता से मांगें माफी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी किशन रेड्डी ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गाँधी की आलोचना की और कहा कि नेता प्रतिपक्ष का उद्देश्य सरकार को जवाबदेह ठहराना और लोगों की आवाज बनना होता है। श्री रेड्डी ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष की भूमिका अतीत में कई बड़े-बड़े नेताओं ने निभाई है, जिनमें सर्वश्री अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी और श्रीमती सुषमा स्वराज का नाम भी शामिल हैं। इन सभी नेताओं ने नेता प्रतिपक्ष की भूमिका को निभाते हुए लोकसभा में चर्चा को आगे बढ़ाया और गरीबों तथा वंचितों के लिए आवाज सदन में उठायी थी।

## राहुल गांधी की 'मोदी बैशिंग' सोच अब 'हिंदू बैशिंग' की शक्ल ले चुका है : भाजपा

**नई दिल्ली ।** लोकसभा में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के हिंदुत्व पर दिए गए बयान से सियासी घमासान मचा हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के विरोध के बाद यह मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। भाजपा इस बयान को लेकर संसद से सड़क तक विरोध कर रही है। भाजपा नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने राहुल गांधी के बयान पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि उन्हें अभी चार दिन नहीं हुए विपक्ष का नेता बने हुए और ये हाल है। प्रधानमंत्री मोदी पर हमला करते-करते अब वो हिंदू धर्म का अपमान करने लगे हैं। 'मोदी बैशिंग' की सामंती सोच की सनक अब 'हिंदू बैशिंग' की शक्ल ले चुका है। यह राहुल गांधी के हिंदुत्व से पंगे की बड़ी बेवकूफी है। वो जानबूझ कर देश की संस्कृति, संस्कार और धर्म पर आपत्तिजनक टिप्पणी कर रहे हैं। आने वाले दिनों में भी वो नेता प्रतिपक्ष के पद का सम्मान नहीं करेंगे। भाजपा नेता शहजाद पूनावाला ने भी एक वीडियो जारी कर राहुल गांधी पर हमला बोला।

## ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के खिलाफ जमकर आक्रोश : 'लैंड बैंक' योजना का किसानों ने किया बहिष्कार

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण 'लैंड बैंक' के लिए किसानों से जमीन खरीदना चाहता है, लेकिन इसका विरोध हो रहा है। सोमवार के बाद मंगलवार को भी ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की टीम गांवों में जमीन खरीदने के लिए पहुंची, लेकिन वहां से उनको उल्टे पांव भागना पड़ा। अधिकारियों को किसानों ने टिकने नहीं दिया। जिसकी मुख्य वजह यह है कि किसान बढ़ा हुआ मुआवजा मांग रहे हैं। जबकि, अथॉरिटी पुराना मुआवजा देना चाहती है। इसी को लेकर दोनों में सहमति नहीं बनी और किसानों ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों को उल्टे पांव भगा दिया। दरअसल, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के द्वारा 'लैंड बैंक' के लिए किसानों से जमीन खरीदी जा रही है। इसको लेकर प्राधिकरण ने योजना बना ली। प्राधिकरण ने अपने क्षेत्र के 10 गांवों में जाकर जमीन खरीदने का फैसला लिया है। जिसमें कैंप लगाकर किसानों से जमीन खरीदी जाएगी, लेकिन इसका जमकर विरोध हो रहा है। सोमवार को खेड़ी गांव में अधिकारी पहुंचे, लेकिन वहां से उल्टे पांव भागना पड़ा। अब मंगलवार को सुनपुरा गांव ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिकारी पहुंचे थे, लेकिन वहां पर भी किसानों ने उनको टिकने नहीं दिया।

## गाजियाबाद में महिला को तीन तलाकः कार न मिलने पर पति बना हैवान

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के थाना मुरादनगर क्षेत्र में एक महिला को तीन तलाक देने का मामला सामने आया है। महिला का आरोप है कि 5 लाख रुपये और कार को लेकर पति ने उसके साथ मारपीट की। यहीं नहीं देवर ने उसके साथ अश्लील हरकतें करते हुए रेप की कोशिश की। पीड़िता ने इस मामले में थाना मुरादनगर में पति समेत 6 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़िता की शादी नवंबर 2020 में बागपत के कैतीपुरा मोहल्ला लक्ष्मण चौक निवासी साजिद से हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल वाले दहेज लाने को कहकर उसे परेशान करने लगे। दहेज में कार और पांच लाख रुपये की मांग करते हुए ससुरालियों ने मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि दो माह पूर्व विवाहिता को घर में अकेला देख उसका देवर घर में घुस आया और अश्लील हरकतें कर छेड़छाड़ करने लगा। विरोध करने पर आरोपियों ने विवाहिता के साथ मारपीट भी की।

# अभिभाषण में महंगाई, बेरोजगारी और आम जनता की समस्याओं का जिक्र नहीं: कांग्रेस

एजेंसी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने मंगलवार को राज्यसभा में कहा कि राष्ट्रपति के अभिभाषण में महंगाई, रोजगार, सीमा की सुरक्षा और आम आदमी की समस्याओं का कोई जिक्र नहीं है। सदन में कांग्रेस के उप नेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि यह अभिभाषण 'थका हुआ, हारा हुआ और पहले से कम हुआ है।' सरकार को चुनाव परिणाम पर गंभीरता से विचार करना चाहिए और उसकी समीक्षा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति के अभिभाषण में 40 वर्षों की रिकॉर्ड महंगाई का कोई जिक्र नहीं है। कांग्रेस सदस्य ने मणिपुर हिंसा को उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार की इस पर लगातार चुप्पी बनी हुई है।

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने पिछले 10 साल में किए गए वादों को पूरा नहीं किया है। नौजवानों को रोजगार नहीं दिया गया है। विनिर्माण क्षेत्र में कारखाने बंद हो रहे हैं। पेट्रोल डीजल की कीमत तेल लगातार बढ़ती जा रही है। उन्होंने कहा कि गंगा सफाई अभियान के नाम पर धोखा हुआ। श्री तिवारी ने कहा कि बुलेट ट्रेन का वादा पूरा नहीं किया गया। किसानों को उचित दाम नहीं दिए जा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनावी बांड के नाम पर धोखाधड़ी की गई है। यह सबसे बड़ी धोखाधड़ी है। ऐसी कंपनियों से धन लिया गया है जिन्होंने आम जनता के स्वास्थ्य से खिलवाड़ किया है। इससे पहले असम गण परिषद के वीरेंद्र प्रसाद वैश्य ने राष्ट्रपति के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा फिर से शुरू करते हुए कहा कि देश के विकास में सभी का सहयोग होना चाहिए और विकास के लिए दलगत राजनीति से परे उठना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश के दूरदराज के हिस्सों में विकास का लाभ पहुंचाने के लिए सभी को साथ आना होगा।

भारतीय जनता पार्टी के अशोक राव शंकर राव चव्हाण ने कहा कि संविधान बदलने की धारणा गलत है, लेकिन यह बन गई है। उन्होंने कहा कि संसद में सभी नेताओं को तथ्यों पर और सच्चाई के साथ अपनी बात करनी चाहिए क्योंकि पूरा देश इस पर भरोसा करता है। संसद में महापुरुषों की मूर्तियां प्रतिस्थापित करने पर भी ऐसे ही धारणा बनाई जा रही है।

श्री चव्हाण ने कहा कि इसमें कोई दो राय नहीं है कि नीट परीक्षा में गड़बड़ी हुई है और इसकी जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी परीक्षाओं में आमूल चूल परिवर्तन की जरूरत है जिसमें छात्रों और अभिभावकों का ही सुरक्षित रह सके। इस पर गहराई से सदन में चर्चा होनी चाहिए। तृणमूल कांग्रेस के मोहम्मद नदीमुल हक ने कहा कि राष्ट्रपति के अभिभाषण में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार के स्थान पर स्पष्ट बहुमत वाली सरकार लिखा है जो तथ्यात्मक रूप से सही नहीं है। उन्होंने देश में बेरोजगारी और नीट पेपर लीक मामले का उल्लेख करते हुए कहा कि देश का युवा परेशान है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान सभी मर्यादाओं और चुनाव आयोग के निर्देशों का उल्लंघन किया। तृणमूल सदस्य ने केन्द्र सरकार पर राज्य में मनरेगा के मजदूरों की राशि का भुगतान करने के लिए पैसा नहीं देने का भी आरोप लगाया।

## लेफ्टिनेंट जनरल सुब्रमणि ने सेना उप प्रमुख का कार्यभार संभाला

एजेंसी

**नई दिल्ली।** लेफ्टिनेंट जनरल एन एस राजा सुब्रमणि ने सेना उप प्रमुख का पदभार ग्रहण किया। इससे पहले वह सेना की लखनऊ स्थित मध्य कमान के प्रमुख के रूप में कार्य कर रहे थे। लेफ्टिनेंट जनरल सुब्रमणि को दिसंबर



1985 में गढ़वाल राइफल्स में कमीशन दिया गया था। उन्होंने प्रतिष्ठित राष्ट्रीय रक्षा अकादमी और भारतीय सैन्य अकादमी से स्नातक किया है। वह ज्वाइंट सर्विसेज कमांड स्टाफ कॉलेज, ब्रैकनेल (ब्रिटेन) और राष्ट्रीय रक्षा कॉलेज, दिल्ली के पूर्व छात्र हैं। सेना उप प्रमुख ने 37 वर्षों से अधिक लंबे शानदार करियर में अनेक महत्वपूर्ण नियुक्तियों पर जिम्मेदारी के साथ विशिष्ट सेवा की है। उन्हें देश की पश्चिमी और उत्तरी दोनों सीमाओं पर संचालन अभियानों का लंबा अनुभव और गहरी समझ है। राष्ट्र के प्रति उनकी विशिष्ट सेवा के लिए उन्हें परम विशिष्ट सेवा पदक, अति विशिष्ट सेवा पदक, सेना पदक और विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया गया है।

## इंजीनियर रशीद को सांसद के रूप में शपथ लेने की मिली इजाजत

जम्मू, 2 जुलाई। जम्मू कश्मीर के बारामुला में लोकसभा चुनाव जीत चुके इंजीनियर रशीद को सांसद के रूप में शपथ लेने की अनुमति अदालत से मिल गई है। वह पांच जुलाई को शपथ लेंगे। दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने रशीद को पैरोल दे दी है। वह अभी तिहाड़ जेल में बंद है। जेल में रहते हुए ही उन्होंने चुनाव लड़ा था। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने सोमवार को रशीद के शपथ लेने पर सहमति दी। इसके बाद आज उन्हें पैरोल मिल गई है। उन्हें अनुमति कुछ शर्तों के साथ दी गई है, जिनमें से मीडिया से बातचीत न करना भी शामिल है। रशीद ने शपथ लेने और अपने संसदीय कार्यों को करने के लिए अंतरिम जमानत या वैकल्पिक रूप से हिरासत में पैरोल की मांग करते हुए अदालत का रुख किया था।


**Name Change**
I IQRA HASHMI W/O MOHAMMAD TAYYAB RESIDING AT HOUSE NO 1821 KALA MAHAL CHHATTA AGHAJAN DARYA GANJ DELHI 110002 HAVE CHANGED MY NAME FROM IQRA HASHMI TO IQRA TAYYAB FOR ALL FUTURE PURPOSE.

**Name Change**
I, Meenu Milapchand Jain W/o Milap Chand Nemichand Jain R/o 84P, Second Floor, Block-C, Behind DPS School, Uday Nagar, Sector-45, Kanahi(73), Gurgaon, Haryana-122003, Have Changed My Name To Meenu Jain For All Purpose.

**Name Change**
I, KRISHNA NANDY PAL wife of NO-15816451X Rank-NK Name-BAPPADITYA PAL R/O VPO-CHOATORE, TEH-KANDI, DIST-MURSHIDABAD, WEST BENGAL-742140 have changed my name from KRISHNA NANDY PAL to KRISHNA PAL for all future purposes vide affidavit dated 02/07/2024 before Notary Public, Delhi.

**LOST & FOUND**
I, Vikas Ghai S/o Surinder Ghai R/o S-288, Panchsheel Park, New Delhi hereby in general inform that my original Allotment Letter of Property bearing Plot No. UV-48, Udyog Vihar Phase-4, Gurgaon, Haryana somewhere in Delhi, has been lost somewhere in Delhi and FIR lodged via LR No. 1815759/2024. If someone may find, please return to the above address & M.: 9810011256

**Name Change**
It is for general information that I, VIRENDAR SONKAR S/o SHYAMLAL SONKAR, R/o Jhuggi-211 Indra Colony, Shalimar Bagh, North West Delhi, Delhi - 110088, declare that name of mine and my minor Daughter has been wrongly written as SULENDAR SONKAR and JYOTI in my minor Daughter namely JYOTI SONKAR aged 12 years in his school record. The actual name of mine and my minor Daughter are VIRENDAR SONKAR and JYOTI SONKAR respectively, which may be amended accordingly.

**LOST & FOUND**
I, Harpreet Singh Gambhir S/o Raghubir Singh Gambhir R/o 49/4, East Patel Nagar, Delhi-110008, hereby in general inform that my original Re-allotment Letter of Property bearing Plot No. 73, Udyog Vihar Phase-4, Gurgaon, Haryana somewhere in Delhi, has been lost somewhere in Delhi and FIR lodged via LR No. 1693288/2024. If someone may find, please return to the above address & M.: 9810125825

**Name Change**
I, RUPALI wife of NO-2808079W RANK-LNK NAME-KADAM PRANIL DILIP R/O FLAT NO-202 B WING HANSA APT, SABE ROAD, NEAR HOLI SPRIT SCHOOL, DIVA EAST, PO-DIVA, DIST-THANE, MAHARASHTRA-400612 have changed my name from RUPALI to RUPALI PRANIL KADAM for all future purposes vide affidavit dated 02/07/2024 before Notary Public, Delhi.

**Name Change**
It is for general information that I, ZUBAIR AHMAD S/o MD. WAHAB R/o D-Block-712, J.J. Colony, Bawana, North West Delhi, Delhi-110039 declare that name of my minor son has been wrongly written MD. AMIR in my minor son's namely MOHAMMAD AAMIR aged 13 years in his School Records. The actual name of my minor son is MOHAMMAD AAMIR.

**Name Change**
I, Yash Aggarwal S/O Anuj Kumar Bindal R/O Adarsh Colony HODAL HAVE CHANGE NAME TO Yash Agarwal for all purposes

**Name Change**
I, Shaurya S/O Anuj Kumar Bindal R/O Adarsh Colony HODAL HAVE CHANGE NAME TO Shaurya Aggarwal for all purposes

**Name Change**
I, HARDEEP SINGH CHAUDHARY S/O MEGHSYAM R/O HASSANPUR CHOWK BYE PASS HODAL HAVE CHANGE NAME TO HARDEEP SINGH FOR ALL PURPOSES

**Name Change**
I, SAHIL S/o SHRI BHAGWAN Residing 566, Pana Gara, Barahi 40, Jhajjar - 124505 have changed my name from SAHIL to SAHIL CHHILLAR for all future purposes.

**Name Change**
I, Km. Priti W/o Amit Kumar Residing at House No-106, Ward No-3, Pech Colony, Gali No.3 , Hodal Palwal-121106, Haryana, have changed my name to Priti Mangla for all future purposes.

**Name Change**
I, Amit Mangla S/o Tek Chand Mangla Residing at House No-106, Ward No-3, Pech Colony, Gali No.3 , Hodal Palwal-121106, Haryana, have changed my name to Amit Kumar for all future purposes

**Name Change**
I, NO-14443361W Rank-HAV Name-NEPAL SINGH R/O VPO-HIRONDA, TEH- KHERAGARH, DISTT-AGRA, U.P-283124 have changed my minor daughter's name from ANKITA to ANKITA KUMARI for all future purposes vide affidavit dated 02/07/2024 Before Notary Public, Delhi.

**Name Change**
I, No. 15789872N, Rank-L/HAV, Name-RAVI CHANDRA BAITHA Residing at VPO-NAINPURA, TEHSIL-SIWAN, DISTT-SIWAN, BIHAR-841241 have changed my father's name from JAGANARAYAN BAITHA to JAGAT NARAYAN BAITHA for all future purposes vide affidavit dated 02/07/2024 Before Notary Public, Delhi.

**Name Change**
I, NILAM DEVI wife of NO-14443361W Rank-HAV Name-NEPAL SINGH R/O VPO-HIRONDA, TEH- KHERAGARH, DISTT-AGRA, U.P-283124 have changed my name from NILAM DEVI to NEELAM DEVI for all future purposes vide Affidavit Dated 02/07/2024 before Notary Public, Delhi.

**Name Change**
I, NO-14443361W Rank-HAV Name-NEPAL SINGH R/O VPO-HIRONDA, TEH- KHERAGARH, DISTT-AGRA, U.P-283124 have changed my minor daughter's name from KUMARI SANJANA to SANJANA SINGH for all future purposes vide affidavit dated 02/07/2024 Before Notary Public, Delhi.

**Name Change**
I,Pramod Kumar Mahavar s/o Moolchand R/o 8802, 2nd floor, Gali No.3, Multani Dhanda, Paharganj, Delhi-110055, have changed my name to Pramod Kumar permanently

**Name Change**
I, hitherto known as PARUMANJI alias PARO MANJHI S/o TITU MANJHI R/o U2 -543, Street No. 17, Near by Naag Mandir, Prem Nagar 2, Kirari Suleman Nagar, Sultanpuri, C - Block, North West Delhi, Delhi – 110086 have changed my name and shall hereafter be known as PARO MANJHI.

**Name Change**
I, Mohammad Sartaj S/O Abdul Samad Qureshi R/O 17/14, Taj Colony New silampur Shastri Park delhi 110053 have changed my name to Mohd Sartaj for all future purposes.

**Name Change**
I, MOHD MOBIN S/O MOHAMMED ISMAIL residing at PLOT NO-444, SHAHZADA BAGH PHASE-1, INDER LOK, NEAR GUPTA COMPLEX, DELHI-110035 have changed my name to MOHAMMED MUBEEN all future purposes

**Name Change**
I SHINDE VANDANA DASHRATH MOTHER OF NO-6500531L RANK-SEP NAME - SHINDE NILESH DASHRATH R/O- JAKHANGAON TEH- KHATAV DIST- SATARA MAHARASHTRA PIN-415505.Have changed My name from SHINDE VANDANA DASHRATH To VANDANA DASHRATH SHINDE For all purpose, In my son's service record my date of birth is wrongly mentioned as 26/08/1966 Insted of my correct date of birth as 01/02/1966 Vide affidavit dated 26 Jun 2024 before notary public Delhi.

**Name Change**
I, INDER JEET SINGH Father of 17021110F Rank-SEP, Name-UTTAM SINGH Presently residing at MOH-PANCHAYATI MANDIR, DHAMPUR, NEHTAUR, DIST-BIJNOR, UTTAR PRADESH-246733 have changed my name from INDER JEET SINGH to INDRAJEET SINGH for all future purposes vide Affidavit dated 02/07/2024 before Notary Public, Delhi.

**Name Change**
I SHINDE DASHRATH GANPATI FATHER OF NO-6500531L RANK-SEP NAME - SHINDE NILESH DASHRATH R/O- JAKHANGAON TEH- KHATAV DIST- SATARA MAHARASHTRA PIN-415505.Have changed My name from SHINDE DASHRATH GANPATI To DASHRATH GANAPATI SHINDE For all purpose, Vide affidavit dated 26 Jun 2024 before notary public Delhi.

**Name Change**
I hitherto known as SANTOSH KUMAR SHARMA s/o PRABHU DAYAL r/o WZ-829/1-3, HOLI CHOWK, NARAINA VILLAGE, SOUTH WEST DELHI, DELHI-110028 have changed my name and shall hereafter be known as SANTOSH SHARMA.

**Name Change**
I, SHAGUFT YASMIN W/O MOHAMMED MUBEEN residing at PLOT NO-444, SHAHZADA BAGH PHASE-1, INDER LOK, NEAR GUPTA COMPLEX, DELHI-110035 have changed my name to SHAGUFTA YASMIN all future purposes

**Name Change**
I, RUKSHANA W/O PANDIT PREM BAREILLIVI Residing at A-963, 2ND FLOOR, G.D. COLONY, MAYUR VIHAR PHASE-3, BEHIND HANUMAN MANDIR, DELHI-110096 have changed my name to RENUKA BHARDWAJ all future purposes

**Name Change**
I, Yogesh Sharma S/o-Panna Lal Sharma R/o 4567, Achievers kalindi hill Sainik Colony,nit Sainik colo, sector -49 Faridabad, Faridabad nit haryana - 121001 have changed my name from Yogesh Sharma to Yogesh Kumar Sharma for all future purposes.

**Name Change**
I, MRS AMRITA LAKRA wife of NO - 16111764W RANK-L/HAV NAME-BINOJ XALXO R/O VILL-JARWA CREEK PO-ORALKATCHA BARATANG, TEH-RANGAT, DIST-MIDDLE ANDAMAN, ANDAMAN NICOBAR ISLAND-744210 have changed my name from MRS AMRITA LAKRA to AMRITA LAKRA for all future purposes vide affidavit dated 02/07/2024 before Notary Public, Delhi.

**Name Change**
I, KAMBLE TEJASHWINI Wife of No. 15439203A Rank-NK Name-KAMBLE GANESH ARJUN Unit-ARMY HOSPITAL R&R, DELHI CANTT-110010 Permanent address VILL-BRAMHAGAON, POST- MOUJ, TEH-BEED, DIST-BEED, MAHARASHTRA-431122, have changed my name from KAMBLE TEJASHWINI to KAMBLE TEJASHWINI GANESH for all future purposes vide Affidavit dated 02/07/2024 before Executive Magistrate, Delhi.

**Name Change**
I hitherto known as Jyoti Gera :D/O Rajesh Kumar Gera,W/O Gaurav Yadav R/O PARMANENT ADRESS-mohar singh chowk, ward n-14, house n-770, purani abadi, Sri Ganganagar, Ganganagar, Rajasthan- 335001 Present adress Hno 651 near jitender General store madan pur khadar, sarita vihar ,delhi -110076 have changed my name and shall hereafter be known as JYOTI YADAV.

**सार्वजनिक सूचना**
आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री यामीन खान पुत्र रजाक निवासी मकान नं. ई-202-ए, कंचन कुंज, मदनपुर खादर एक्सटेंशन भाग 2, सरिता विहार नई दिल्ली 110076, ने अपने पुत्र मो. फरदीन, पुत्र वधू श्रीमती आर्शी, और उपरोक्त पुत्र व पुत्र वधू से उत्पन्न 1 बच्चे को, अपनी सभी चल व अचल संपत्तियों से बेदखल कर दिया है, व उनके आज्ञा ना मनाने और बुरे व्यवहार के कारण उनके साथ अपने सभी संबंधों को भी समाप्त कर दिया है । यदि उनके साथ कोई भी व्यक्ति भविष्य मे किसी भी प्रकार का व्यवहार करता है, तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा, मेरे मुवक्किल की कोई भी ज़िम्मेदारी नहीं होगी ।
**SHOAIB REHMAN** (ADVOCATES)
Ch. No.353, Lawyer's Block,
Saket Courts complex,
New Delhi-110017

**Name Change**
I, FEROZA BEGUM wife of AINAL GHAZI residing at H NO-52, GALI NO-1, KRISHAN KUNJ EXTN, LAXMI NAGAR, DELHI-110092 declare that FIROZA and FEROZA BEGUM are the same and one person and I shall henceforth to be known as FEROZA BEGUM

**Name Change**
I, NEETA SUNDRIYAL Wife of JC-342660X Rank-SUB, Name-SANTOSH KUMAR MAINDOLA R/o B-86, SUBHASH NAGAR, VILL-SHAFIPUR, PO-ROORKEE, DIST-HARIDWAR, UTTARAKHAND-247667 have changed my name from NEETA SUNDRIYAL to NEETA MAINDOLA for all future purposes and in my husband's service records my date of birth wrongly mentioned as 06/10/1983 instead of my correct date of birth as 25/06/1984 vide Affidavit dated 02/07/2024 before Notary Public, Delhi.

**PUBLIC NOTICE**
This is to inform general public at large that our client **Mrs. Nidhi W/o Mr. Gurraj** who have approached **Aadhar Housing Finance Ltd.** to borrow Home Loan in respect of OLD PLOT NO. 27 A, NEW NO. C-27-A, LAND AREA MEASURING 65 SQ. YDS., OUT OF KHASRA NO 12/15, SITUATED AT VILLAGE MATIALA, SHIV VIHAR, UTTAM NAGAR, BLOCK NO. C, SEWAK PARK, NEW DELHI. At present this propoerty is in the name of **Mr. Rajesh Kumar S/o. Mr. Sanwant Singh** who had purchased this property from **Mrs. Shanti Rani W/o. Late Sh. Sunder Dass** Vide GPA (Regd.) Dated 31.01.2004 executed by Mrs. Shanti Rani W/o. Late Sh. Sunder Dass in favour of Mr. Rajesh Kumar S/o. Mr. Sanwant Singh in respect of Land Area Measuring 65 Sq.Yds., of Plot No. 27 A, Part of Khasra No. 12/15, Situated in Shiv Vihar, Delhi, area of Village Matiala, Delhi. Registered as Doc No. 5529, Vol No. 9548, Pages 101-102, Book No.4 and SRO- Delhi & **Will & ATS.**
It is to mention that the Original **Will & ATS Dated 31.01.2004** executed by **Mrs. Shanti Rani W/o. Late Sh. Sunder Dass** in favour of **Mr. Rajesh Kumar S/o. Mr. Sanwant Singh** in respect of Land Area Measuring 65 Sq.Yds., of Plot No. 27 A, Part of Khasra No. 12/15, Situated in Shiv Vihar, Delhi, area of Village Matiala, Delhi is lost by **Mr. Rajesh Kumar S/o. Mr. Sanwant Singh.**
And the said property is going to be mortgaged in **AADHAR HOUSING FINANCE LTD. OFFICE AT, PUSHAP VIHAR.** All persons, if any, including bank, financial institutions, or any party/ies having any claim (Objection to Khasra Number), demand, right, interest in respect of or against the said property or any part thereof by way of inheritance, assignment, mortgage, charge, possession, lien or otherwise, are hereby required to make the same known in writing within 7 days with the documentary evidence from the date of publication, falling which the said claim of the person/s, if any will be considered waived and settled.
Ms. Rani Shilpee (Advocate)
Office Add: H. No. T/181, UGF, Shukar Bazaar, Uttam Nagar, New Delhi-110059

**NOTICE**
Public at large is hereby informed that Mrs. Rachna Devi is the owner of House no. 3040 area measuring 50 sq. yds. khasra no. 14213/11053/7389/22, Situated at Village Siwana, Moja, Gurgaon, Abadi Vishnu Garden/Rajender Park, Tehsil and District Gurgaon, Haryana. vide Sale Deed dated 08.07.2020 executed by Mr. Shubham Sharma in favour of Mrs. Rachana Devi in respect of the said property, duly registered as Doc. No.1164, in Book No. I, Volume No. 41/1057, on Pages no. 65/41 to 43 Dated 08.07.2020. (SR-Gurgaon)(50 sq. yds.) Initially, Sale Deed dated 07.02.2001 executed by Mr. Mahinder Singh in favour of Mr. Rajesh Kumar in respect of the said property, (Doc. No.13740), Later who executed Sale Deed dated 03.04.2014 in favour of Mrs. Urmila in respect of the said property, (Doc. No.245) who executed Transfer Deed dated 30.12.2016 in favour of Mr. Satpal Sharma in respect of the said property (Doc. No.25413) who executed Sale Deed dated 08.10.2018 executed in favour of Mr. Nirmala Sharma & Mr. Sheetal Sharma in respect of the said property, (Doc. No.10380), Later, Transfer Deed of Blood Relation executed by Mr. Sheetal Sharma in favour of Mr. Shubham Sharma in respect of the said property (50 sq. yds.), (Doc. No.1691) Finally, Sale Deed dated executed 08.07.2020 in favour of Mrs. Rachna Devi who intends to sell the said property to Intended Borrower who will be mortgaging the said property with Bandhan Bank Ltd Whosoever is having any objection to the said mortgage or anyone has claim or right or interest in the property shall contact the undersigned with the objection within 07 days failing which it shall be presumed that there stands no objections.
NEW DELHI
DATE: 1/7/2024
**PRAGYA BHUSHAN ADVOCATE**
Enrl. No. D/721/02
Office: L-27,GF, Kailash Colony, New Delhi-48
Mob.: 9968006418

**खोया पाया**
मैं जयंत सिंह सुपुत्र श्री उमा शंकर सिंह निवासी सेकंड फ्लोर 60 वरदान अपार्टमेंट 4(नजदीक मदर डेयरी) अभय खंड _3 इंदिरापुरम गाजियाबाद _201014 यू पी के मेरे बी एड की मार्कशीट कहीं खो गई है। जिसका रोल न,092960140012 , वर्ष 2012, एनरोलमेंट न, 08111229 है।मिलने पर सूचित करें- संपर्क सूत्र 9958199410, 9997899696

**PUBLIC NOTICE**
It is for the general public information that my Clients Chander Pal S/o Sh. Amar Singh & Mrs. Neeraj W/o Sh. Chander Pal both resident of Slovak Embassy, 50 M, Chanakyapuri, Neeti Marg, NDMC, Chanakyapuri, South West, New Delhi-110021, has debarred, disown and break down all the relationship from his/her adopted daughter from his father-in-law Late Sh. Ram Phal, adopted daughter namely Ashu (DOB 07.04.1995), from all my moveable and immoveable properties either self acquired or ancestral situated all over India due to theirs misconduct, disobedience and misbehavior attitude. My client will not be responsible in future for his/her acts or deeds which was done by him/her.
**SUNIL KUMAR TOMER**
Advocate& Consultant
Off: Chamber No.396, Patiala House Courts, New Delhi-110001

**PUBLIC NOTICE**
This is for information of General Public that my clients Mrs. Sudesh Bhatia, Mr. Pawan Kumar Bhatia and Mrs. Vandana Bhatia R/o Q-58, Rajouri Garden, New Delhi 110027 are purchasing the Property as Residential Entire Second Floor, without roof rights, built on Plot bearing No. A-2/84, land area measuring 248 Sq. Yards. Situated at "Rajouri Garden" New Delhi-110027 (hereinafter referred to as "said property") from Mr. Shakti Jolly and Mr. Ravi Kumar Jolly who are presently owners of the said property. Mr. Shakti Jolly, Mr. Ravi Kumar Jolly became the owners of the property as the legal heirs of Mr. Narinder Kumar Jolly and Mrs. Shanti Devi Jolly and execution of Relinquishment Deed by Mrs. Neera Jolly in their favour. However, the earlier owners of the said property Mr. Narinder Kumar Jolly died on 05.07.2020 and Mrs. Shanti Devi Jolly died on 13.11.2018. It is again informed to the general public that the Surviving Member Certificate of Mr. Narinder Kumar Jolly and Mrs. Shanti Devi Jolly is not available on record. In case, any person having any claim/s in respect of the above said property in any manner whatsoever are hereby required to give notice of the same to the undersigned at the address given below within 15 days from the date of publication hereof together with copies of documents on the basis of which such claim be deemed and if there is no claim/objection against the said property then my clients may proceed with its intended object as mentioned above.
**RAJESH K GUPTA Advocate**
F -43, Dilshad Colony,
Delhi- 110095,

**Name Change**
I,Moolchad Mahavar s/o Sh.Govind Ram R/o 8802, 2nd floor, Gali No.3, Multani Dhanda, Paharganj, Delhi-110055, have changed my name to Moolchand permanently

**PUBLIC NOTICE**
It is for general information that I JAANVI KHANEJA D/o MUSKAN KHANEJA R/o House No.-1721, 2nd Floor, Opp GTB Nagar, Outram Line, GTB Nagar, North West Delhi 110009 declare that the name of my mother has been wrongly written as SWATA KHANEJA in my all educational documents. My mother name is MUSKAN KHANEJA, which may be amended accordingly.

**सार्वजनिक सूचना**
आम जनता को सूचित किया जाता है कि हमारा ग्राहक श्रीमती दीपिका जिंदल फ्रीहोल्ड आवासीय पूरी दूसरी मंजिल की मालकिन हैं, बिना छत के, कवर्ड एरिया 78.96 वर्ग मीटर, निर्मित प्लॉट नंबर ए-218, ब्लॉक ए, आवासीय कॉलोनी न्यू पंचवटी कॉलोनी, हदबस्त गांव डूंडाहेड़ा, परगना लोनी में स्थित है। तहसील एवं जिला गाजियाबाद उत्तर प्रदेश। सदुण द्वारा, बिक्री विलेख दिनांक 09/12/2016 को दस्तावेज़ संख्या 7556 के रूप में, पुस्तक संख्या 1, खंड संख्या 14260, पृष्ठ 27 से 56 पर, दिनांक 09/12/2016 (एसआर-आई, गाजियाबाद)। आज तक और अपना मूल विक्रय विलेख दिनांक 16/6/2008, दस्तावेज़ संख्या 3489, पुस्तक संख्या 1, खंड संख्या 7443, पृष्ठ 369 से 410, एसआर-गाजियाबाद-द्वि में खो गया है, इसे श्री अनिल कुमार गुप्ता के पक्ष में निष्पादित किया गया था। अब हमारे ग्राहक घोषणा कर रहे हैं कि उक्त संपत्ति पर किसी अन्य व्यक्ति का कोई अधिकार नहीं है, और संपत्ति भी श्री मदनलाल के नाम से बिकने जा रही है और इसे आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड शाखा गाजियाबाद उत्तर प्रदेश द्वारा वित्तपोषित किया गया है। यदि किसी भी व्यक्ति को उक्त संपत्ति के अधिकार स्वामित्व या हित के संबंध में कोई आपत्ति या दावा है तो इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 07 दिनों के भीतर हमसे संपर्क करें या उसी को संपर्क करें। यदि किसी को मिला तो अधोहस्ताक्षरित। इसके बाद किसी भी दावे पर विचार नहीं किया जाएगा।
**Naveen Kumar Verma (advocate)**
F-211,sector-3 Vaishali Ghaziabad Uttar Pradesh-201010, Contact at 09958871432

**सार्वजनिक सूचना**
आम जनता को सूचित किया जाता है कि हमारा ग्राहक श्रीमती अंजू धीमान पत्नी स्वर्गीय श्री प्रीत पाल सिंह फ्रीहोल्ड आवासीय मकान संख्या एस के-124 की मालिक हैं, क्षेत्रफल 292.80, प्लॉट संख्या एसके-124, ब्लॉक-के, सेक्टर-16, जी एम पी शास्त्री नगर, गाजियाबाद में स्थित है। तहसील एवं जिला गाजियाबाद उत्तर प्रदेश। उपहार विलेख के आधार पर दिनांक 05.12.2022 को दस्तावेज़ संख्या 12783, पुस्तक संख्या 01, खंड संख्या 41748 पृष्ठ संख्या के रूप में। 65-94 एसआर-IV जीजेडबी। आज तक और उसके निम्नलिखित दस्तावेज खो गए हैं/गुम हो गए हैं अर्थात (1) मूल आवंटन सह मांग पत्र 19.06.1985, (2) मूल कब्ज़ा पत्र 07.08.1985, (3) मूल पट्टा विलेख दिनांक 07.08.1985 जिसे जीडीए द्वारा के पक्ष में निष्पादित किया गया है। श्रीमती पुष्पा शर्मा पत्नी श्री केजी शर्मा, (4) मूल स्थानांतरण विलेख दिनांक 15.01.1991 को श्रीमती पुष्पा शर्मा पत्नी श्री केजी शर्मा द्वारा श्रीमती प्रेम कौर पत्नी श्री तरसेम सिंह के पक्ष में निष्पादित किया गया और (5) मूल फ्रीहोल्ड डीड दिनांक 20.05.2000 को जीडीए द्वारा डॉक नंबर 3123-32, बुक नंबर 01, वॉल्यूम नंबर 4818 पेज नंबर 196-200 एसआर-जीजेडबी के रूप में श्रीमती प्रेम कौर पत्नी श्री तरसेम सिंह के पक्ष में निष्पादित किया गया, अब हमारा ग्राहक घोषणा कर रहा है कि कोई भी उक्त संपत्ति पर किसी अन्य व्यक्ति का कोई अधिकार नहीं है, और बेची गई संपत्ति श्री गौरव जैन को बेची गई है और इसका वित्तपोषण डीसीबी बैंक लिमिटेड शाखा गाजियाबाद उत्तर प्रदेश द्वारा किया गया है। यदि किसी भी व्यक्ति को उक्त संपत्ति के अधिकार स्वामित्व या हित के संबंध में कोई आपत्ति या दावा है तो इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 15 दिनों के भीतर हमसे संपर्क करें या उसी को संपर्क करें। यदि किसी को मिला तो अधोहस्ताक्षरित। इसके बाद किसी भी दावे पर विचार नहीं किया जाएगा।
**Naveen Kumar Verma (advocate)**
F-211,sector-3 Vaishali Ghaziabad Uttar Pradesh-201010, Contact at 09958871432

## एकृषि नलकूप उपभोक्ताओं के लिए स्वैच्छिक लोड घोषणा योजना शुरूः पीसी मीणा

**एजेंसी**

**हिसार**। दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम उपभोक्ताओं को विश्वसनीय, बेहतर वोल्टेज और निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए प्रतिबद्ध है। पूर्ण उपभोक्ता संतुष्टि के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए निगम द्वारा अनेक महत्वाकांक्षी योजनाएं शुरू की गई हैं। इसी कड़ी में हरियाणा सरकार की घोषणा के अनुसार दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा अपने कृषि नलकूप उपभोक्ताओं के लिए स्वैच्छिक लोड घोषणा योजना-2024 शुरू की गई है ताकि किसानों को सिंचाई के लिए सुचारू व बेहतर बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के प्रबंध निदेशक पीसी मीणा ने बताया कि इस योजना के तहत, उपभोक्ता को अपना लोड बढ़वाने के लिए आवेदन करने से पहले अपनी सभी बकाया राशि का भुगतान करना होगा। दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के कृषि नलकूप उपभोक्ता निगम के पोर्टल पर आवेदन करके अपने नलकूप कनेक्शनों की मोटरों के बढ़ाए गए अनाधिकृत लोड की घोषणा कर इसे नियमित करवा सकते हैं। उपभोक्ता को पोर्टल पर स्टार रेटिंग/दक्षता के साथ स्थापित मोटर के विवरण को भी घोषित करना होगा।

## महिला सुरक्षा के प्रति सरकार संवेदनशील, उठाये गए अनेक कदम : सोनिया अग्रवाल

**रोहतक**। हरियाणा राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष सोनिया अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश सरकार महिला सुरक्षा के प्रति संवेदनशील है तथा महिलाओं की सुरक्षा के लिए अनेक कदम उठाये गए है। साथ ही उन्होंने कहा कि महिला आयोग द्वारा पीडित महिलाओं को यथाशीघ्र न्याय दिलाने के लिए प्रयास किये जा रहे है। सोनिया अग्रवाल स्थानीय जिला महिला थाना में आयोग के पास पहुंची शिकायतों की सुनवाई कर रही थी।

उन्होंने चार शिकायतों की सुनवाई की तथा संबंधित मामलों के जांच अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने शारीरिक शोषण के एक मामले में जांच अधिकारी को एक सप्ताह में जांच पूरी कर आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। उन्होंने भिवानी से शिकायत लेकर पहुंची रेनू शर्मा की शिकायत सुनने के उपरांत पुलिस अधीक्षक से बात कर शिकायतकर्ता की सुनवाई करने को कहा। उन्होंने अन्य मामलों में सुनवाई के दौरान संबंधित पक्षों से आवश्यक दस्तावेज लिये तथा शीघ्र न्याय का आश्वासन दिलवाया। बाद में पत्रकारों से बातचीत करते महिला आयोग की उपाध्यक्ष सोनिया अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं की सुरक्षा के लिए अनेक कदम उठाये गए है।

## हरियाणा में अस्थि विसर्जन कर लौट रहे चार लोगों की सड़क हादसे में मौत

**एजेंसी**

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम के फर्रुखनगर थाना क्षेत्र के कुंडली-मानेसर-पलवल एक्सप्रेसवे के पास भीषण सड़क हादसा हुआ है। हादसे में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई है। दरअसल, कैंटर को ओवरटेक करने के चक्कर में तेज रफ्तार अर्टिगा कार अनियंत्रित होकर उससे जा टकराई। कार सवार छह में से चार लोगों की मौके पर मौत हो गई। मरने वालों में तीन महिलाएं और एक पुरुष शामिल हैं। हादसे में घायल दो अन्य को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक, अर्टिगा कार ने कैंटर को पीछे से टक्कर मारी। अर्टिगा सवार लोग राजस्थान के सीकर के रहने वाले हैं और हरिद्वार में अस्थि विसर्जन कर वापस लौट रहे थे। सूचना पाकर मौके पर पहुंची गुरुग्राम पुलिस ने चारों शवों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## राजेश चाडीवाल बने रोटरी क्लब सिरसा के प्रधान



**एजेंसी**

**सिरसा।** रोटरी क्लब सिरसा की ओर से राजेश चाडीवाल को आगामी वर्ष के लिए प्रधान नियुक्त किया गया है। वहीं गुलशन वधवा को सचिव की जिम्मेदारी दी गई है। पूर्व प्रधान भूपेंद्र गुप्ता ने बताया कि रोटरी क्लब सिरसा 2023-24 का कार्यकाल 30 जून 2024 को पूरा हो गया। नई कार्यकारिणी के लिए क्लब पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से राजेश चाडीवाल को प्रधान नियुक्त किया, जबकि बिजली निगम से रिटायर्ड एक्सईएन गुलशन वधवा को सचिव पद पर नियुक्त किया गया। नवनियुक्त प्रधान राजेश चाडीवाल व सचिव गुलशन वधवा को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। दोनों पदाधिकारियों ने कहा कि क्लब की ओर से जो जिम्मेदारी दी गई है, उस पर पूरी तरह से खरा उतरने का प्रयास करेंगे। बैठक में पूर्व प्रधान नवजीवन बंसल, पूर्व सचिव प्रमोद कंबोज, रिटायर डीआरओ ओपी वर्मा, डा. केके वालिया, राहुल शर्मा, एजी सुखप्रीत ढिल्लों, प्रवीन नरूला, आशीष जांगड़ा, देवेंद्र बांसल, राजीव बांसल सहित अन्य क्लब पदाधिकारी उपस्थित थे।

# हरियाणा कौशल निगम कर्मियों को नायब तोहफा, तनख्वाह में 8 फीसदी बढ़ोतरी

**एजेंसी**

**चंडीगढ़।** विधानसभा चुनावों से पहले मुख्यमंत्री नायब सैनी कच्चे कर्मियों को नायब तोहफा दिया है। मुख्यमंत्री ने हरियाणा कौशल रोजगार निगम (एचकेआरएन) के माध्यम से लगे लेवल-1, 2, और 3 श्रेणी के 1 लाख 19 हजार की तनख्वाह में 8 फीसदी बढ़ोतरी करने की घोषणा की है। बढ़ाया गया वेतन पहली जुलाई से लागू होगा।

मुख्यमंत्री ने यह घोषणा भारतीय मजदूर संघ के साथ आए विभिन्न मजदूर संघों तथा एचकेआरएन के कर्मचारियों के साथ बैठक के दौरान की। इस दौरान विधायक मोहन लाल बडोली, सीताराम यादव और लक्ष्मण सिंह यादव भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि एचकेआरएन के तहत पारदर्शी तरीके से कर्मचारियों को रखा गया है। लेवल- 1 में 71,012, लेवल- 2 में 26,915 और लेवल-3 में 21,934 कर्मचारी हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत रखे गए कर्मचारियों में अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग के



युवाओं को भी लाभ दिया है। डेप्लॉएमेंट ऑफ कॉन्ट्रेक्चुअल पॉलिसी के तहत निगम में कर्मचारियों को नियुक्त किया है।

**पूर्व की सरकारों में कच्चे कर्मचारियों का होता था शोषण**

नायब सिंह ने कहा कि कांग्रेस सरकार के समय आउटसोर्सिंग पॉलिसी पार्ट-1 और पार्टी-2 के तहत लगे कच्चे कर्मचारियों का शोषण होता था। ठेकेदार कर्मचारी को न तो ईपीएफ का लाभ देता था और न ही ईएसआई का लाभ देता था। इतना ही नहीं, लेबर फंड के तहत भी योजनाओं का लाभ कर्मचारी को नहीं मिलता था। ठेकेदार अपनी मन मर्जी से कर्मचारी को नौकरी से भी हटा देता था।

**वृद्धि के बाद श्रेणीवार इतना मिलेगा वेतन**

बैठक में जानकारी दी गई कि पहली जुलाई, 2024 से अब श्रेणी-1 के जिलों में लेवल-1 कर्मचारियों को 18,400 रुपये से बढ़कर 19,872 रुपये, लेवल-2 कर्मचारियों को 21,650 रुपये से 23,382 रुपये और लेवल-3 कर्मचारियों को 22,300 रुपये से बढ़कर 24,084 रुपये वेतन मिलेगा। श्रेणी-2 के जिलों में लेवल-1 कर्मचारियों को 16,250 रुपये से बढ़कर 17,550 रुपये, लेवल-2 कर्मचारियों को 19,450 रुपये से 21,600 रुपये और लेवल-3 कर्मचारियों को 20,100 रुपये से बढ़कर 21,708 रुपये का वेतन मिलेगा। इसी प्रकार, श्रेणी-3 के जिलों में लेवल-1 कर्मचारियों को 15,050 रुपये से बढ़कर 16,254 रुपये, लेवल-2 कर्मचारियों को 18,300 रुपये से 19,764 रुपये और लेवल-3 कर्मचारियों को 18,900 रुपये से बढ़कर 20,412 रुपये वेतन मिलेगा।

## एचकेआरएन के माध्यम से सरकार कर रही है युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ : कुमारी सैलजा



**एजेंसी**

**सिरसा।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष, उत्तराखंड की प्रभारी, पूर्व केंद्रीय मंत्री, कांग्रेस कार्यसमिति की सदस्य एवं सिरसा लोकसभा सीट से कांग्रेस (इंडिया गठबंधन) की नवनिर्वाचित सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि विभिन्न सरकारी विभागों में खाली पड़े दो लाख पदों पर हरियाणा रोजगार कौशल निगम के तहत कार्यरत एक लाख 18 हजार युवाओं को नियमित नौकरी दे सकती है पर एचकेआरएन के माध्यम से सरकार युवाओं का शोषण कर रही है और बेरोजगारी की कतार में लगे लाखें युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। चुनाव में अपनी हार देखकर अब प्रदेश सरकार लोगों को गुमराह करने के लिए घोषणाओं पर घोषणाएं कर रही है जबकि पहले की गई घोषणाओं पर आज तक अमल नहीं किया गया है। जुमलेबाज और झूठी घोषणाएं करने वाली भाजपा को प्रदेश का युवा ही नहीं प्रदेश की जनता सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाएंगी। मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि जिस प्रकार केंद्र सरकार ने सेना में युवाओं को पक्की नौकरी न देकर अग्निवीर योजना लागू कर युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ की जा रही है ठीक ऐसा ही हरियाणा में किया जा रहा है, जहां पर दो लाख सरकारी पद खाली पड़े हुए है वहीं सरकार हरियाणा रोजगार कौशल निगम के तहत युवाओं को 15000 से 22000 रुपये प्रतिमाह मानदेय पर रखा गया है, इन युवाओं में उच्च शिक्षित पीएचडी तक है, दस साल बाद वे ओवरएज हो जाएंगे जो पक्की नौकरी के लायक भी नहीं रहेंगे।

# राहुल गांधी के भाषण को सभी लोगों को नजर अंदाज कर देना चाहिए, यही देश के हित में है : विज

**एजेंसी**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के पूर्व गृहमंत्री अनिल विज ने आज लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि मैने कल राहुल गांधी जी का भाषण सुना और मुझे लगा कि पप्पू अब बड़ा हो गया है। उन्होंने कहा कि उनके (राहुल गांधी) भाषण को बहुत ध्यान से सुनना चाहिए वह एक गहरी साजिश रच रहे हैं। वह हिंदुस्तान के विभिन्न धर्मो के लोगों को आपस में लड़ाना चाहते हैं और देश का एक ओर विभाजन करना चाहते हैं।

विज आज मीडिया कर्मियों के सवालों का जवाब दे रहे थे।

उन्होंने कहा कि विभाजन कांग्रेस के डीएनए में है और इन्होंने (कांग्रेस) सन 1947 में भी देश का विभाजन कराया था। इसलिए राहुल गांधी जी ने बहुत ही खतरनाक भाषण दिया है। उन्होंने कहा कि हमारे देश की जो संस्कृति थी कि हिंदू, मुस्लिम, सिख, इसाई सभी भारतीय भाई-भाई है। यह (कांग्रेस) उससे परे हट गए हैं और यह (कांग्रेस)



सभी को आपस में लड़ाने का साजिश रच रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैं इस पर ज्यादा नहीं कहना चाहूंगा लेकिन उनके (राहुल गांधी) भाषण को सभी लोगों को नजर अंदाज कर देना चाहिए, यही देश के हित में है और यही देश की एकता के लिए ठीक भी है।

**कांग्रेस नॉन इशू को इशू बनाना चाहती है - विज**

अग्निवीर योजना के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि अग्निवीर योजना को खत्म करने में उनके पास कोई ताकत नहीं है। उन्होंने कहा कि अब एक नॉरेटिव सेट हुआ है कि कांग्रेस नॉन इशू को इशू बनाना चाहती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस झूठ बोलने की एक बहुत बड़ी फैक्ट्री लग गई है और मुझे लगता है कि इन्होंने बहुत बड़ी झूठ बोलने की फैक्ट्री खोल रखी है जहां पर सारे कांग्रेसियों को झूठ बोलने की ट्रेनिंग यह (कांग्रेस) देते हैं। लोकसभा में देश के रक्षा मंत्री कह रहे हैं कि अग्निवीर शहीद को एक करोड रुपए मिलता है लेकिन कांग्रेस के लोग कह रहे हैं कि नहीं मिलता है। अब यह तो अनुसंधान की बात है लोकसभा की बात है उनके अधिकार क्षेत्र की बात है। यकीनी तौर पर सांसद चाहेंगे कि इसका निष्कर्ष निकलना चाहिए कि कौन झूठ बोल रहा है।

**भारतीय जनता पार्टी ने भारतीयों के लिए जो कानून होने चाहिए वह बनाए हैं - विज**

गत 1 जुलाई से लागू हुए विभिन्न कानून के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान अभी तक अंग्रेजों के बने हुए कानून पर ही चल रहा था यह कानून 1857 की क्रांति के बाद 1860 में बनाए गए थे ताकि दोबारा से ऐसी क्रांति ना हो। उन्होंने कहा कि यह कानून बनाते हुए हाकम और गुलाम को सामने रखकर बनाए गए थे, अंग्रेजों के हित के लिए बनाए गए थे कि वह यहां पर शासन कर सके ताकि उनको किसी प्रकार की दिक्कत ना आए। उन्होंने कहा कि लेकिन पिछले 70 सालों में इस बारे में किसी ने सोचा नहीं लेकिन आज भी हमारे देश में अंग्रेजों की बनाई हुई न्याय प्रणाली चल रही है लेकिन भारतीय जनता पार्टी ने भारतीयों के लिए जो कानून होने चाहिए वह बनाए हैं। हालांकि इन कानून के संबंध में कुछ दिक्कतें आएंगी, अभी हम पढ़ रहे हैं लोग पढ़ रहे हैं लेकिन इसका जितना स्वागत किया जाए उतना कम है।

## रोडवेज बस ने बाइक को मारी टक्कर, हादसे में बुजुर्ग की मौत

**सिरसा।** सिरसा-हिसार रोड पर सोमवार को हरियाणा रोडवेज की एक तेज रफ्तार बस ने बाइक को टक्कर मार दी। इससे बाइक पर सवार एक बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि बाइक चालक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक हरियाणा पुलिस का जवान है। राहगीरों ने उसे इलाज के लिए हॉस्पिटल पहुंचाया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। जानकारी के अनुसार गांव चाडीवाल निवासी मदन लाल सोमवार को अपने पोते अजय पाल के साथ बाइक पर सवार होकर दवा लेने के लिए सिरसा आ रहा था। हिसार रोड पर फतेहाबाद की ओर से आ रही चंडीगढ़ रोडवेज की बस ने बाइक को टक्कर मार दी। बस बाइक को 30 फीट तक घसीटती हुई ले गई। मदन लाल बस के नीचे आने से बुरी तरह कुचला गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई और अजय पाल गंभीर रूप से घायल हो गया।

# घग्गर के जलस्तर पर लगातार निगरानी रखें अधिकारी : रणजीत सिंह

**एजेंसी**

**सिरसा।** हरियाणा के बिजली मंत्री चौ. रणजीत सिंह ने घग्गर नदी के तटबंधों का दौरा किया और प्रशासन द्वारा किए गए प्रबंधों की जानकारी ली। उन्होंने मत्तड, मल्लेवाला, नेजाडेला, सहारणी, बनसुधार, चामल व झोरडनाली तक निरीक्षण किया। अपने दौरे के दौरान बिजली मंत्री ने ग्रामीणों से भी बातचीत की और उनकी समस्याएं सुनी। बिजली मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे मानसून के सीजन के चलते पूरी सतर्कता से लगातार घग्गर नदी के तटबंधों का निरीक्षण करें व कहीं भी कोई समस्या नजर आती है तो उसे संबंध में मजबूती से काम करें। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि प्रशासन द्वारा बाढ से बचाव के लिए पुख्ता प्रबंध किए गए हैं, इसलिए उन्हें घबराने की आवश्यकता नहीं है।

तटबंधों के साथ लगते गांवों के निवासी भी प्रशासन से तालमेल रखें और अपने-अपने क्षेत्रों में जलस्तर पर लगातार निगरानी रखें, कहीं भी



कमजोर तटबंध की समस्या नजर आती है तो अधिकारियों को सूचित करें। उन्होंने कहा कि आगामी 20 दिन बहुत महत्वपूर्ण है, इसलिए पिछले अनुभव से सीख लेते हुए इस बार अतिरिक्त सतर्कता बरतें। उन्होंने बताया कि संबंधित विभाग द्वारा घग्गर तटबंधों पर लगी झाड़ियों की कटाई करवाई जा रही हैं, इसके अलावा मिट्टी के कट्टे भी भरवाए जा रहे हैं ताकि कहीं भी लीकेज की समस्या आए तो उस पर रोक लगवाई जा सके। साथ ही मशीनें भी खुदाई पर लगाई गई है। इस अवसर पर उनके साथ अतिरिक्त उपायुक्त डा. विवेक भारती, सीईओ जिला परिषद सुभाष चंद्र, एसडीएम कालांवाली सुरेश रावेश, एसडीएम राजेंद्र कुमार, सिंचाई विभाग के अधीक्षण अभियंता एआर भांभू सहित सिंचाई विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

## वाई जहाज तो उड़े नहीं, शहरवासियों को आ गई नाव की याद

**एजेंसी**

**हिसार।** मौसम विभाग के अनुमानों को सही साबित करते हुए रविवार रात से रूक-रूक कर हो रही बरसात से जिले के अनेक क्षेत्र जलमग्न हो गए। लगातार हो रही बरसात के कारण हिसार के निचले इलाके जहां पानी से लबालब हो गए वहीं सुबह वाहन चालकों, खासकर दोपहिया वाहन चालकों को आने-जाने में परेशानी झेलनी पड़ी। इसके साथ ही नागरिकों को भयंकर गर्मी से राहत मिली है वहीं किसानों को भी इस बरसात से खासा फायदा होने का अनुमान है। मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार रविवार रात व सोमवार सुबह की वर्षा मिलाकर अब तक कुल 73 एमएम बरसात जिलेभर में हो चुकी है।

नागरिकों को हवाई जहाज की सैर करवाने का लगातार राग अलाप रहे हिसार विधायक डॉ. कमल गुप्ता के मनमाफिक हवाई जहाज भले ही न उड़े हों लेकिन शहवासियों को नाव की याद अवश्य आ गई।खास बात यह भी रही कि बरसात के समय जब नागरिक विभिन्न क्षेत्रों में पानी भरने से परेशान थे, उस समय न तो कोई प्रशासनिक अधिकारी नजर आया और न ही कोई जनप्रतिनिधि। खास बात यह भी है कि दो दिन पहले मंडल आयुक्त गीता भारती ने बैठक लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए थे कि कहीं पर बरसात का पानी खड़ा नहीं होना चाहिए वहीं रविवार को उपायुक्त खुद फील्ड में उतरे और बरसाती पानी निकासी के प्रबंधों का जायजा लिया लेकिन अधिकारियों के तमाम दावे ध्वस्त हो गए।

## पैजुनून और परिवार का समर्थन सफलता देता हैः वीरेंद्र कादियान

**सोनीपत**। गन्नौर के गांव अगवानपुर के लाडले साहिल त्यागी ने हरियाणा सिविल सेवा में 48वां रैंक हासिल कर अपने परिवार व गांव का नाम रोशन किया है। किसान परिवार के साहिल अब असिस्टेंट इंप्लॉयमेंट ऑफिसर के पद पर नियुक्ति होंगे।गांव पहुंचने पर स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। साहिल को बाइकों के काफिले के साथ खुली गाड़ी में बैठाकर घुमाया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा सरपंच मंजीत कुमार ने की, जबकि बतौर मुख्यातिथि के तौर पर मन्नत ग्रुप ऑफ होटल्स एमडी एवं समाजसेवी वीरेंद्र कादियान ने शिरकत की और साहिल को माला पहनाने के साथ बुके भेंट कर स्वागत कर बधाई दी।

मुख्यातिथि कादियान ने कहा कि अगर सपनों को पूरा करने का जुनून और परिवार का समर्थन से सफलता मिलती है। साहिल ने यह दिखा दिया कि मेहनत और समर्पण से हर चुनौती का सामना किया जा सकता है। साहिल त्यागी ने कहा कि यदि करने की ठान लें तो कोई भी कार्य मुश्किल नहीं है।

# पेयजल गुणवत्ता की जांच वाली मोबाईल वैन को दिखाई हरी झंडी

**एजेंसी**

**जींद।** जल जीवन मिशन के तहत पेयजल गुणवत्ता की जांच वाली मोबाइल वैन को जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कार्यकारी अभियंता एवं नोडल अधिकारी जगदीप दलाल व संजीव कुमार ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। यह मोबाइल वैन गांव-गांव जाकर पेयजल की जांच करेगी।

कार्यकारी अभियंता जगदीप दलाल व संजीव कुमार ने संयुक्त रूप से कहा कि जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग हरियाणा द्वारा प्रदेशभर के जिलों में मोबाइल वैन के माध्यम से गांव-गांव जाकर मौके पर ही पेयजल की केमिकल जांच करवाई जा रही है ताकि सभी को स्वच्छ जल उपलबध हो सके। इसी कड़ी में जिला जींद में पहुंची मोबाइल वैन एक जुलाई से 31 अगस्त तक जिला की सभी ग्राम पंचायतों में जाकर पानी की जांच करेगी। उन्होंने कहा कि पानी का हमारे जीवन में विशेष महत्व है। इसलिए इसकी गुणवत्ता काफी मायने रखती है। जल जीवन मिशन व जल शक्ति अभियान के तहत यही संदेश जिला प्रशासन व विभाग के द्वारा लगातार आमजन तक पहुचाया जा रहा है। मोबाइल वैन भी इसी कार्य को पूरा करेगी। इस वैन में आधुनिक उपकरण हैं, जिसके द्वारा गांव में पानी की गुणवत्ता मौके पर ही पानी जांच करके की जा सकती है। इस मौके पर



जिला सलाहकार रणधीर मताना व जिला केमिष्ट विरिंद्र कुमार ने बताया कि वैन का मुख्य उद्देश्य आमजन को पीने के पानी की गुणवत्ता के प्रति जागरूक करना है। यह एक चलती-फिरती पानी जांच करने की लैब है, जो दूर दराज के इलाकों में सबसे उपयोगी साबित होती हैं।

इसके साथ ही महामारी व आपतकाल की स्थिति पैदा होने पर यह मोबाइल वैन गांव में कुछ समय तक स्टेशन लैब के रूप में भी स्थापित की जा सकती है। मौके पर ही पानी के सैंपल चैक करने से ग्रामीणों का विश्वास विभाग पर बढेगा। मोबाइल वैन द्वारा गांव हैबतपुर, खोखरी, बोहतवाला, दालमवाला, श्रीरागखेड़ा, शाहपुर, कंडेला व जीवनपुर में जाकर पेयजल की जांच की गई व मौके पर ही ग्रामीणों को पेयजल की जांच रिपोर्ट दिखई गई।

# उपायुक्त डॉ. मनोज ने हरी झंडी दिखाकर किया प्रचार वाहन का शुभारंभ

**एजेंसी**

**सोनीपत।** हरियाणा सरकार द्वारा प्रदेश के प्रत्येक वर्ग के कल्याण हेतु उठाए गए कदमों को जनता तक पहुंचाने और जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से सोनीपत जिले में विशेष प्रचार अभियान की शुरुआत हुई। उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने लघु सचिवालय से प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर इस अभियान का शुभारंभ किया।

उपायुक्त ने बताया कि इस अभियान के दौरान सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग की ड्रामा व सांस्कृतिक टीमें गांव-गांव जाकर सरल भाषा में लोगों को सरकार की योजनाओं के प्रति जागरूक करेंगी। यह अभियान अगले एक महीने तक चलेगा और सभी गांवों, कस्बों और शहरों को कवर करेगा। उपायुक्त ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा जनकल्याण से जुड़ी विभिन्न योजनाएं और कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इस अभियान के माध्यम से सरकारी योजनाओं के बारे में जागरूकता बढ़ेगी। उन्होंने विभाग की ड्रामा व सांस्कृतिक टीमों को अभियान की सफलता के लिए



शुभकामनाएं भी दी। डीआईपीआरओ राकेश गौतम ने बताया कि इस अभियान के तहत विभाग की प्रचार-प्रसार मंडलियों द्वारा महानिदेशक मंदीप सिंह बराड़ और उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार के मार्गदर्शन में लोगों को सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों के बारे में लोक गीतों व भजनों के माध्यम से जागरूक किया जाएगा। विशेष प्रचार अभियान के दौरान विभाग की भजन मंडलियां राज्य सरकार के जनकल्याणकारी कार्यों, नीतियों और योजनाओं का प्रचार-प्रसार करेंगी और जनता को जागरूक करेंगी। विभाग के अधीक्षक नरेंद्र दहिया, लिपिक पवन कुमार, नितिन, राजेश, बीपीडब्ल्यू राममेहर, दिनेश कुलदीप, भजन पार्टी के लीडर कपूर सिंह, सदस्य कृष्ण जुआं, धर्मपाल, मुनीराम, कृष्ण भावड़ सहित सभी कर्मचारी मौजूद रहे।

## पैसों के लेनदेन में फायरिंग

**रोहतक।** आईएमटी थाना के अंतर्गत गांव भालौठ में पैसों के लेन देन को लेकर हुई कहासुनी के चलते कार सवार युवकों ने एक युवक पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। हालांकि युवक बाल बाल बच गया। घटना की सूचना की मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और इस बारे में पता किया। पुलिस के अनुसार गांव भालौठ निवासी अमन ने बताया कि करीब छह महीने पहले उसने गांव के ही मुकूल को अपनी जिम्मेदारी पर एजेंसी से ट्रैक्टर लोन पर दिलाया था, लेकिन मुकुल ने ट्रैक्टर के 35 हजार रूपये एजेंसी वालो को नहीं दिए, जिस पर एजेंसी वालो का मेरे पास बार बार फोन आया, जिन्होंने उसे कहा कि मुकुल से कह कर ट्रैक्टर के बकाया पैसे जमा करवाओ। अमन ने जब मुकुल से एजेंसी में पैसे जमा करवाने के लिए कहा तो वह इस बात को लेकर खफा हो गया। अमन ने बताया कि जब शाम को वह अपने दोस्त की गाडी को उसके घर के बाहर खडा करके अपने घर पैदल जा रहा था तभी माजरे पाने की चौपाल के पास पाकस्मा रोड की तरफ से एक बिना नंबर की कार में सवार मुकुल, विकास, अनिल व एक अन्य युवक आए और उसे घेर लिया।

# अधिकारी प्राथमिकता के साथ करें नागरिकों की समस्याओं का समाधान : महीपाल ढांडा

**एजेंसी**

**जींद।** विकास एवं पंचायत तथा सहकारिता मंत्री महीपाल ढांडा ने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति को मिलना चाहिए। एक भी पात्र व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित ना रहे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नागरिकों की शिकायतों का समाधान प्राथमिकता के साथ करें।

प्रदेश सरकार जरूरतमंद लोगों के साथ खड़ी है। विकास एवं पंचायत मंत्री महीपाल ढांडा स्थानीय डीआरडीए सभागार में जिला परिवेदना समिति की बैठक में परिवादों की सुनवाई के दौरान अधिकारियों को निर्देश दे रहे थे। इस दौरान जींद से विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा, नरवाना से विधायक रामनिवास सुरजाखेड़ा, जुलाना से विधायक अमरजीत ढांडा, सफीदों से विधायक सुभाष देशवाल, डीसी मोहम्मद इमरान रजा और एसपी सुमित कुमार भी मौजूद रहे। परिवेदना समिति की बैठक कुल 17 मामले रखे गएए जिनमें से छह का मौके पर ही समाधान किया गया तथा 11 मामले जांच व आवश्यक कार्यवाई हेतू लंबित रखे गए। जिन पर मंत्री ढांडा ने संबंधित अधिकारियों को दो सप्ताह के अंदर जांच व निपटारा करने के निर्देश दिए। गांव गांगोली निवासी सुभाष के एनएचए से संबंधित परिवाद की सुनवाई के दौरान संबंधित अधिकारियों ने बताया कि इस मामले का निपटारा कर दिया गया है तथा शिकायतकर्ता भी संतुष्ट है।

**Name Change**
I Hitherto known as ABHISHEK V A S/o ARAVINDAKSHAN VENGI-LASSERY KUNJUNNY, R/o House no. 2143/A , Sector - 55, Ballabgarh Faridabad Haryana 121004, have changed my name and shall hereafter be known as ABHISHEK ARAVIND.

## 2000 रुपये के 97.87 फीसदी नोट बैंकिंग सिस्टम में आए वापस : आरबीआई

**एजेंसी**

**मुंबई/नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने कहा कि दो हजार मूल्य वर्ग के 97.87 फीसदी नोट बैंकों में वापस आ गए हैं। अब सिर्फ 7,581 करोड़ रुपये मूल्य के नोट लोगों के पास मौजूद हैं। ये नोट अब भी वैध हैं। आरबीआई ने कहा कि चलन में मौजूद दो हजार रुपये मूल्य के बैंक नोट का कुल मूल्य 19 मई, 2023 को कारोबार की समाप्ति पर 3.56 लाख करोड़ रुपये था। ये अब 28 जून, 2024 को कारोबार की समाप्ति पर घटकर 7,581 करोड़ रुपये रह गया है। इस तरह 28 जून, 2024 तक दो हजार मूल्य के 97.87 फीसदी बैंक नोट बैंकों में वापस आ गए हैं। रिजर्व बैंक के निर्गम कार्यालय 9 अक्टूबर, 2023 से लोगों और संस्थाओं से उनके बैंक खातों में जमा करने के लिए 2000 रुपये के नोट स्वीकार कर रहे हैं। इसके अलावा लोग अपने बैंक खातों में जमा करने के लिए देश के किसी भी डाकघर से आरबीआई के किसी भी निर्गम कार्यालय में दो हजार रुपये के बैंक नोट भेज रहे हैं। आरबीआई के मुताबिक ये नोट अब भी वैध हैं। दो हजार रुपये के बैंक नोट को जमा या बदलने के लिए आरबीआई के 19 कार्यालयों अहमदाबाद, बेंगलुरु, बेलापुर, भोपाल, भुवनेश्वर, चंडीगढ़, चेन्नई, गुवाहाटी, हैदराबाद, जयपुर, जम्मू, कानपुर, कोलकाता, लखनऊ, मुंबई, नागपुर, नई दिल्ली, पटना और तिरुवनंतपुरम में स्थित हैं। उल्लेखनीय है कि आरबीआई ने 19 मई, 2023 को 2000 रुपये मूल्य वर्ग के बैंक नोट को चलन से वापस लेने का ऐलान किया था। आरबीआई ने नवंबर 2016 में 1000 रुपये और 500 रुपये के बैंक नोट को हटाने के बाद दो हजार रुपये के बैंक नोट चलन में लाए थे।

## जीएसटी ने सात वर्ष में अप्रत्यक्ष कर पारिस्थितिकी तंत्र को बनाया लचीला

**नई दिल्ली।** वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के आज सात वर्ष पूरे हो गए हैं। वित्त मंत्रालय ने सातवें जीएसटी दिवस का थीम सशक्त व्यापार समग्र विकास रखा है। इसको लोगो के द्वारा सटीक रूप से दर्शाया गया है। वित्त मंत्रालय ने सोमवार को 'एक्स' पोस्ट पर जारी एक बयान में बताया कि जीएसटी के सात वर्ष पूरे हो गए हैं। जीएसटी ने 7 साल में अप्रत्यक्ष कर पारिस्थितिकी तंत्र को सुधार से लचीलेपन में बदल दिया। इसके साथ ही इसने करदाताओं, अन्य हितधारकों और आम जनता को लाभान्वित भी किया है। उल्लेखनीय है कि जीएसटी को एक जुलाई, 2017 को देशभर में लागू किया गया था। संसद की ओर से कराधान के लिए लागू किए गए नए कानून के जरिए भारत में नया कर सुधार किया गया। जीएसटी के जरिए वित्त वर्ष 2017-18 से वित्त वर्ष 2023-24 के बीच करीब 95.58 लाख करोड़ रुपये के राजस्व की वसूली की गई।

## निवा बूपा ने 3 हजार करोड़ रुपये के आईपीओ के लिए सेबी के पास किया आवेदन

**नई दिल्ली।** निवा बूपा हेल्थ इंश्योरेंस लिमिटेड कंपनी ने सोमवार को आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) जरिए धन जुटाने के लिए भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। कंपनी के तहत कंपनी की योजना 3 हजार करोड़ रुपये जुटाने की है। पूंजी बजार नियामक सेबी के समक्ष निवा बूपा हेल्थ इंश्योरेंस लिमिटेड कंपनी के दाखिल दस्तावेज के अनुसार प्रस्तावित 10 अंकित मूल्य वाले इस आईपीओ में 800 करोड़ रुपये मूल्य के नए शेयर और 2,200 करोड़ रुपये तक की बिक्री पेशकश शमिल है। निवा बूपा हेल्थ इंश्योरेंस लिमिटेड के इस बिक्री प्रस्ताव में बूपा सिंगापुर होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड की 320 करोड़ रुपये तक और फेटल टोन एलएलपी की 1880 करोड़ रुपये तक की हिस्सेदारी शामिल है। निवा बूपा हेल्थ इंश्योरेंस लिमिटेड का पहले (मैक्स बूपा) हेल्थ इंश्योरेंस नाम था। कंपनी की योजना इस आईपीओ से प्राप्त 625 करोड़ रुपये की शुद्ध आय से पूंजी आधार को बढ़ाने के अलावा शोधन क्षमता के स्तर को मजबूत करना है। इसके अलावा कंपनी इसके एक हिस्सा का इस्तेमाल सामान्य कॉर्पोरेट कार्यों के लिए करेगी।

## सर्राफा बाजार में सस्ता हुआ सोना, चांदी में बदलाव नहीं

**नई दिल्ली।** जुलाई के पहले दिन आज घरेलू सर्राफा बाजार में सोने के भाव में मामूली गिरावट आई है। हालांकि चांदी के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ है। सोने की कीमत में आई गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 72,920 रुपये से लेकर 72,270 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज 66,840 रुपये से लेकर 66,240 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में आज कोई बदलाव नहीं होने की वजह से आज भी दिल्ली सर्राफा बाजार में चांदी 89,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 72,410 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 66,390 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। इसी तरह मुंबई में 24 कैरेट सोना 72,270 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,240 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जबकि चेन्नई में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 72,920 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 66,840 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा अहमदाबाद में 24 कैरेट सोना आज 72,310 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 66,290 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 72,270 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,240 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंचा हुआ है।

# आईपीओ के जरिए निवेशक हुए मालामाल, डिवाइन पावर की 287.5 प्रतिशत के प्रीमियर पर लिस्टिंग

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में आईपीओ के जरिए निवेश करने वाले निवेशकों को लगातार मुनाफा हो रहा है। डवाइन पावर के शेयरों की नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के एसएमई प्लेटफॉर्म पर धमाकेदार लिस्टिंग हुई। इसके साथ ही पेट्रो कार्बन एंड केमिकल्स, द मनी फेयर (अकीको ग्लोबल सर्विसेज) और एलायड ब्लेंडर्स के शेयरों की भी जोरदार लिस्टिंग हुई।

अल्युमिनियम और तांबे के वाइंडिंग तार और स्ट्रिप तैयार करने वाली कंपनी डिवाइन पावर के शेयर आज एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर 155 रुपये के स्तर पर लिस्ट हुए। आईपीओ के जरिए कंपनी के शेयर 40 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। इस तरह लिस्टिंग के साथ ही आईपीओ के जरिए निवेश करने वाले निवेशकों को 287.5 प्रतिशत का लिस्टिंग गेन मिल गया। शुरुआती कारोबार में खरीदारी के सपोर्ट से ये शेयर 306.88 प्रतिशत की उछाल के साथ 162.75 रुपये के अपर सर्किट तक पहुंच गया।

डिवाइन पावर का 22.56 करोड़ रुपये का आईपीओ 25 से 27 जून के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खोला गया था। इस आईपीओ को ओवरऑल 393.67 गुना ओवर सब्सक्रिप्शन मिला था। सिर्फ खुदरा निवेशकों के हिस्से में ही ये आईपीओ 507.94 गुना का ओवर सब्सक्राइब हुआ था। इस आईपीओ के जरिए 10 रुपये की फेस वैल्यू वाले 56.90 लाख शेयर जारी किए गए हैं। कंपनी की ओर से उपलब्ध कराई गई जानकारी के मुताबिक इन शेयरों के जरिए जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल वर्किंग कैपिटल की जरूरत को पूरा करने के लिए किया जाएगा। इसी तरह से एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर आज पेट्रो कार्बन एंड केमिकल्स के शेयरों की 75.4 प्रतिशत के प्रीमियर के साथ लिस्टिंग हुई। आईपीओ के जरिए इस कंपनी के शेयर 171 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे लेकिन इसकी लिस्टिंग आज 300 रुपये के भाव पर हुई। इस तरह लिस्टिंग के साथ ही कंपनी के आईपीओ में निवेश करने वाले निवेशकों को प्रति शेयर 129 रुपये का मुनाफा हो गया। पेट्रो कार्बन एंड केमिकल्स का आईपीओ भी 25 से 27 जून के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था, जिसमें इसका प्राइस बैंड 162 से 171 रुपये रखा गया था। इस आईपीओ को भी निवेशकों की ओर से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये 92 गुना ओवर सब्सक्राइब हो गया था।

इन दोनों शेयरों के अलावा आज ही द मनी फेयर प्लेटफॉर्म के जरिए क्रेडिट कार्ड और पर्सनल लोन देने वाली कंपनी अकीको ग्लोबल सर्विसेज के शेयरों की भी एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर 27 प्रतिशत के प्रीमियर पर मजबूत लिस्टिंग हुई। आईपीओ के तहत 77 रुपये के भाव पर जारी होने वाले ये शेयर आज एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर 98 रुपये के भाव पर लिस्ट हुए। हालांकि लिस्टिंग के बाद मुनाफा वसूली का दबाव बन जाने की वजह से थोड़ी देर में ही ये शेयर टूट कर 93.10 रुपये के लोअर सर्किट पर आ गए। लोअर सर्किट पर आने के बावजूद इस आईपीओ में निवेश करने वाले निवेशक 16.10 रुपये के मुनाफे में हैं। कंपनी का 23.11 करोड़ रुपये का आईपीओ 25 से 27 जून तक सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था और ओवरऑल 34.96 गुना ओवर सब्सक्राइब हुआ था।इसके अलावा एलायड ब्लेंडर्स एंड डिस्टलर्स के शेयर 13.87 प्रतिशत के प्रीमियर के साथ शेयर बाजार में लिस्ट हुए। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 281 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। लेकिन आज इसकी लिस्टिंग 320 रुपये के भाव पर हुई। इस तरह निवेशकों को लिस्टिंग के साथ ही 13.87 प्रतिशत का मुनाफा मिल गया। हालांकि ग्रे मार्केट के अनुमानों की तुलना में इस शेयर की लिस्टिंग कमजोर रही है। ग्रे मार्केट में ये शेयर 20 प्रतिशत के प्रीमियर पर कारोबार कर रहे थे। कंपनी ने 1,500 करोड़ रुपये का ये आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए 25 से 27 जून के बीच खोला था। इसके तहत 267 से 281 रुपये के प्राइस बैंड में 1,000 करोड़ रुपये के नए शेयर और 500 करोड़ रुपये के शेयर ऑफर फॉर सेल के तहत जारी किए गए थे। आईपीओ को 23.55 गुना ओवर सब्सक्रिप्शन मिला था। कंपनी की ओर से उपलब्ध कराई गई जानकारी के मुताबिक नए शेयरों की बिक्री से मिले पैसे का इस्तेमाल कर्ज का भुगतान करने और दूसरे कॉरपोरेट कार्यों में किया जाएगा।

## जून में जीएसटी राजस्व संग्रह आठ फीसदी बढ़कर 1.74 लाख करोड़ रुपये

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** अर्थव्यवस्था के मोंचे पर अच्छी खबर है। आम बजट से पहले सरकार का खजाना भर गया है। जून में वस्तु एवं सोवा कर (जीएसटी) राजस्व संग्रह सालाना आधार पर आठ फीसदी बढ़कर 1.74 लाख करोड़ रुपये रहा है। जून 2023 में जीएसटी राजस्व संग्रह 1.61 लाख करोड़ रुपये रहा था।

सूत्रों ने दी जानकारी में बताया कि जून में जीएसटी राजस्व संग्रह 1.74 लाख करोड़ रुपये रहा है। यह जून 2023 के जीएसटी राजस्व संग्रह 1.61 लाख करोड़ रुपये से सालाना आधार पर आठ फीसदी ज्यादा है। इससे पिछले महीने मई में जीएसटी राजस्व संग्रह 1.73 लाख करोड़ रुपये रहा था। हालांकि, सरकार ने जीएसटी राजस्व संग्रह के डेटा का मासिक प्रकाशन पर रोक लगाई है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक एकीकृत जीएसटी (आईजीएसटी) का निपटान केद्रीय जीएसटी (सीजीएसटी) के मद में 39,586 करोड़ रुपये और राज्य जीएसटी




(एसजीएसटी) के मद में 33,548 करोड़ रुपये का किया गया है। चालू वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में अब तक जीएसटी राजस्व संग्रह 5.57 लाख करोड़ रुपये रहा। उल्लेखनीय है कि जीएसटी को एक जुलाई, 2017 को ही जीएसटी देशभर में लागू किया गया था। संसद की ओर से कराधान के लिए लागू किए गए नए कानून के जरिए भारत में नया कर सुधार किया है। इस साल अप्रैल महीने में में जीएसटी राजस्व संग्रह 2.10 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड उच्च स्तर को छू गया था।

## आजीविका सृजन के लिए साथ काम करेंगे सेडमैप और पतंजलि समूह

**भोपाल।** आजीविका सृजन के विभिन्न क्षेत्रों के लिए अब पतंजलि समूह और उद्यमिता विकास केन्द्र मध्य प्रदेश (सेडमैप) मिलकर काम करेंगे। केन्द्र की कार्यकारी संचालक अनुराधा सिंघई, बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण ने इस आशय के एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। सेडमैप की कार्यकारी संचालक अनुराधा सिंघई ने बताया कि पतंजलि समूह के साथ आने से आजीविका अभिवृद्धि के प्रयासों को बल मिला है। रोजगार-स्वरोजगार के क्षेत्र में सेडमैप द्वारा किए जा रहे प्रयास किसी से छिपे नहीं हैं। सेडमैप की उपलब्धियों को देखते हुए ही अब पतंजलि समूह द्वारा युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने, महिलाओं के समग्र उत्थान और विभिन्न क्षेत्रों में आजीविका सृजन पर सेडमैप के साथ मिलकर काम किया जाएगा। सेडमैप के साथ कार्य किए जाने पर बाबा रामदेव ने भी प्रसन्नता जताई। इस अवसर पर पतंजलि समूह के आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि आजीविका सृजन के लिए जो सुझाव सेडमैप द्वारा प्रस्तुत किए गए हैं वह



सराहनीय हैं। सेडमैप और पतंजलि समूह दोनों देश की सेवा के लिए प्रतिबद्ध है और पतंजलि में किए गए अनुसंधान कार्यों का लाभ मध्य प्रदेश के विकास के कार्यों में हो सकेगा। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में सेडमैप के साथ नए करार के उपरांत कई व्यावसायिक अवसरों की खोज और मुख्यधारा से बेरोजगार युवाओं को जोड़ने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। इस अवसर पर रोजगार-स्वरोजगार के लिए आवश्यक उद्यमशीलता की सफलता पर भी चर्चा की गई।

## इंटरआर्क बिल्डिंग प्रोडक्ट्स लिमिटेड को सेबी ने आईपीओ के लिए दी मंजूरी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** नोएडा स्थित इंटरआर्क बिल्डिंग प्रोडक्ट्स लिमिटेड कंपनी को आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के माध्यम से धन जुटाने के लिए पूंजी बाजार नियामक, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) से मंजूरी




मिल गई है। कंपनी ने 18 मार्च, 2024 को सेबी के पास अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया था। कंपनी ने जारी एक बयान में बताया कि पूंजी बाजार नियामक सेबी ने उसके आईपीओ लाने को मंजूरी दे दी है। कंपनी के 10 रुपये प्रति इक्विटी शेयर के अंकित मूल्य वाले इस आईपीओ में 200 करोड़ रुपये तक के नए शेयर जारी करने और प्रमोटर समूह तथा निवेशक-विक्रय शेयरधारकों द्वारा 44.5 लाख शेयरों की बिक्री का प्रस्ताव शामिल है। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश के नोएडा स्थित इंटरआर्क बिल्डिंग प्रोडक्ट्स लिमिटेड अपनी व्यापक उपस्थिति के साथ टर्नकी प्री-इंजीनियर्ड स्टील निर्माण समाधानों के मामले में भारत की अग्रणी कंपनियों में से एक है।

## क्रिप्टो करेंसी मार्केट में रौनक, टॉप 10 में शामिल 8 आभासी मुद्राएं ग्रीन जोन में

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** क्रिप्टो करेंसी मार्केट में आज रौनक नजर आ रही है। मार्केट कैप के लिहाज से टॉप-10 में शामिल क्रिप्टो करेंसीज में से दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन और दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी एथेरियम समेत 8 क्रिप्टो करेंसीज मजबूती के साथ ग्रीन जोन में कारोबार कर रही हैं। जबकि 1 क्रिप्टो करेंसी गिरावट के साथ रेड जोन में और 1 क्रिप्टो करेंसी बिना बदलाव के 24 घंटे पहले की कीमत पर ही कारोबार कर रही हैं। आज की तेजी के कारण बिटकॉइन एक बार फिर 62 हजार डॉलर के स्तर को पार कर गया है। भारत में क्रिप्टो करेंसी का कारोबार करने के लिए अधिकृत एजेंसी कॉइन मार्केट कैप के मुताबिक भारतीय समय के हिसाब से आज शाम 5 बजे तक बिटकॉइन 1.88 प्रतिशत की मजबूती के साथ 62,641.74 डॉलर यानी 52.27 लाख रुपये के स्तर पर



कारोबार कर रहा था। इसी तरह एथेरियम की कीमत भी आज 2.16 प्रतिशत की तेजी के साथ उछल कर 3,459.38 डॉलर के स्तर पर आ गई थी। बिटकॉइन और एथेरियम के अलावा टेथर 0.08 प्रतिशत, बीएनबी 0.53 प्रतिशत, सोलाना 3.77 प्रतिशत, एक्सआरपी 2.13 प्रतिशत, डॉगकॉइन 2.04 प्रतिशत और कार्डानो 3.83 प्रतिशत की तेजी के साथ ग्रीन जोन में कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर टॉनकॉइन 0.47 प्रतिशत की कमजोरी के साथ रेड जोन में बना हुआ था। इसके अलावा यूएसडी कॉइन की कीमत में पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान कोई बदलाव नहीं हुआ है। कॉइन मार्केट कैप से मिली जानकारी के मुताबिक पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान क्रिप्टो करेंसी के ग्लोबल मार्केट कैप में 1.99 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई है। फिलहाल क्रिप्टो करेंसी का ग्लोबल मार्केट कैप बढ़ कर 2.31 लाख करोड़ डॉलर यानी करीब 192.76 लाख करोड़ रुपये हो गया है। ग्लोबल मार्केट कैप में बढ़ोतरी होने के साथ ही पिछले 24 घंटे के दौरान क्रिप्टो करेंसीज के लेन-देन में भी तेजी आई है। इस अवधि में कुल 5,315 करोड़ डॉलर यानी 4.43 लाख करोड़ रुपये की क्रिप्टो करेंसी की लेन-देन हुई, जो 1 दिन पहले की तुलना में 14.84 प्रतिशत अधिक है। अगर दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन की बात करें तो कीमत में तेजी आने के साथ ही पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान क्रिप्टो करेंसी मार्केट में इस आभासी मुद्रा की स्थिति 0.03 प्रतिशत मजबूत हुई है, जिसके कारण इसकी मार्केट हिस्सेदारी बढ़ कर 53.50 प्रतिशत हो गई है।

## मारुति सुजुकी की बिक्री जून में 12 फीसदी बढ़कर 1,79,228 इकाई पर

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी वाहन निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) की जून महीने में कुल थोक बिक्री 12 फीसदी बढ़कर 1,79,228 इकाई रही है। पिछले साल इसी महीने में एमएसआई की थोक बिक्री 1,59,418 इकाई थी। कंपनी ने जारी एक बयान में कहा कि जून में कुल घरेलू यात्री वाहनों की बिक्री तीन फीसदी बढ़कर 1,37,160 इकाई रही है, जबकि जून, 2023 में यह 1,33,027 इकाई रही थी। कंपनी के मुताबिक ऑल्टो और एस-प्रेसो सहित छोटी




कारों की बिक्री जून में घटकर 9,395 इकाई रह गई है। यह जून 2023 में 14,054 इकाइयों रही थी। कंपनी ने बताया कि बलेनो, सेलेरियो, डिजायर, इग्निस, स्विफ्ट, टूर एस और वैगनआर सहित कॉम्पैक्ट कार की बिक्री जून में 64,049 इकाई रही है, जबकि पिछले साल इसी महीने में ये 64,471 इकाई थी। इसी तरह ब्रेजा, एर्टिगा, एस-क्रॉस और एक्सएल6 सहित यूटिलिटी वाहनों की बिक्री जून में 52,373 इकाई रही, जबकि जून 2023 में यह 43,404 इकाई थी। एमएसआई के मुताबिक ईको की बिक्री पिछले महीने 10,771 इकाई रही, जबकि पिछले साल जून में यह 9,354 इकाई थी। इसके अलावा हल्के वाणिज्यिक वाहन सुपर कैरी की बिक्री जून में 2,758 इकाई रही, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह 2,992 इकाई रही थी। कंपनी ने कहा कि जून में उसका निर्यात 31,033 इकाई रहा, जबकि जून 2023 में यह 19,770 इकाई था।

## ऑनलाइन लेन-देन करने वालों की संख्या में मामूली गिरावट, जून में 1,389 करोड़ यूपीआई ट्रांजैक्शन

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन लेन-देन करने वालों की संख्या में मामूली गिरावट दर्ज हुई है। जून में यूनिफाइड पेमेंट सिस्टम (यूपीआई) के जरिए 1,389 करोड़ ट्रांजैक्शन (लेन-देन) हुए हैं। इस दौरान 20.07 लाख करोड़ रुपये की राशि ट्रांसफर की गई है। ऑनलाइन लेनदेन की संख्या में सालाना आधार पर 49 फीसदी की वृद्धि हुई है। ट्रांसफर की जाने वाली राशि में 36 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। नेशनल पेमेंट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) ने लेन-देन के आंकड़े जारी करते हुए बताया कि जून महीने में 1,389 करोड़ यूपीआई ट्रांजैक्शन हुए हैं। इसके जरिए 20.07 लाख करोड़ रुपये की राशि ट्रांसफर हुई है। पिछले साल जून, 2023 में 934 करोड़ ट्रांजैक्शन के जरिए 14.75 लाख करोड़ रुपये की राशि ट्रांसफर हुई। इस तरह पिछले साल की तुलना में ऑनलाइन लेन-देन की संख्या 49 फीसदी ज्यादा है, जबकि ट्रांसफर की जाने वाली राशि में 36 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। हालांकि, मई




की तुलना में वॉल्यूम में एक फीसदी और वैल्यू में फीसदी फीसदी की गिरावट आई है। मई, 2024 में यूपीआई के जरिए 1,404 करोड़ ट्रांजैक्शन हुआ, जबकि इसके जरिए 20.45 लाख करोड़ की राशि ट्रांसफर की गई थी। अप्रैल, 2016 में यूपीआई के शुरू होने के बाद से मई 2024 में वॉल्यूम और वैल्यू दोनों के मामले में ट्रांजैक्शन सबसे ज्यादा हुए थे।।

## पतंजलि फूड्स लि. ने पतंजलि आयुर्वेद लि. के होम एंड पर्सनल केयर व्यवसाय का किया अधिग्रहण

**एजेंसी**

**हरिद्वार।** पतंजलि फूड्स लिमिटेड के बोर्ड ने पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड के होम एंड पर्सनल केयर बिजनेस के अधिग्रहण के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। ऐसा कंपनी को एक अग्रणी एफएमसीजी कंपनी के रूप में गति देने के लिए किया गया है। पतंजलि आयुर्वेद के होम एंड पर्सनल केयर व्यवसाय एक मजबूत ब्रांड इक्विटी के साथ एक बड़ा उपभोक्ता आधार रखती है। इसमे डेंटल केयर, स्किन केयर, होम केयर तथा हेयर केयर से जुड़े उत्पाद शामिल हैं।

पतंजलि मीडिया ग्रुप से जारी विज्ञप्ति के अनुसार होम एंड पर्सनल केयर व्यवसाय के हस्तांतरण के लिए पतंजलि फूड्स लिमिटेड और पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड बीच 11,00,00,00,000/- रुपये ( ग्यारह सौ करोड़ रुपये) की एकमुश्त राशि पर पारस्परिक रूप से बातचीत की गई है। साथ ही पतंजलि फूड्स लिमिटेड और पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड के बीच 3त्न टर्नओवर आधारित शुल्क के साथ-साथ अन्य




शर्तों के लिए लाइसेंसिंग व्यवस्था पर सहमति हुई है। इस अधिग्रहण के साथ, कंपनी ने यह भी बताया कि उसने एफएमसीजी क्षेत्र में अपनी मजबूत स्थिति की पुष्टि की है, और अपने पहले एफपीओ के समय शेयरधारकों के प्रति की गई प्रतिबद्धता पर खरी उतरी है। पतंजलि फूड्स लिमिटेड के बोर्ड के अनुमोदन के अनुसार, कंपनी अब अधिग्रहण के संबंध में निश्चित समझौतों को निष्पादित करने के लिए आवश्यक कदम उठाएगी और साथ ही लेनदेन के लिए आवश्यक अनुमोदन के लिए आवेदन करेगी।

# कमर्शियल गैस सिलेंडर 31 रुपये तक हुआ सस्ता

**नई दिल्ली।** जुलाई अपने साथ कई बदलाव लेकर आई है। महीने के पहले दिन महंगाई के मोर्चे से राहत देने वाली खुशखबरी है। 19 किलो ग्राम वाला कमर्शियल गैस सिलेंडर सस्ता हो गया है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने इसकी कीमत में 31 रुपये तक की कटौती की है। नई दरें आज से लागू हो गई हैं।

इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक राजधानी दिल्ली में 19



किलोग्राम वाले कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत 30 रुपये घटकर 1646 रुपये हो गई है, जो पहले 1676 रुपये में मिल रहा था। कोलकाता में इसकी कीमत घटकर 1756 रुपये प्रति सिलेंडर हो गई है, जो पहले 1787 रुपये था। मुंबई में कमर्शियल गैस सिलेंडर 31 रुपये सस्ता होकर 1598 का हो गया है, जो पहले 1629 रुपये का था। चेन्नई में 1809.50 रुपये का सिलेंडर मिल रहा है। यह लगातार चौथा महीना है जब 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत में तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने कटौती की है। हालांकि, 14.2 किलोग्राम वाले घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया गया है। दिल्ली में यह 803 रुपये और मुंबई में 802.50 रुपये का मिल रहा है।

## कच्चा तेल 86 डॉलर प्रति बैरल के करीब, पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड का मूल्य 86 डॉलर और डब्ल्यूटीआई क्रूड 82 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। देश में सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल और डीजल के दाम में कोई बदलाव नहीं किया है।अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के चौथे दिन शुरुआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 0.28 डॉलर यानी 0.33 फीसदी लुढ़कर 84.97 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 0.32 डॉलर यानी 0.40 फीसदी फिसलकर 80.58 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

# बरसात के दिनों में बीमारियों और संक्रमणों से रहना चाहते हैं दूर, तो इम्युनिटी बूस्ट करने के लिए अपनाएं ये टिप्स



**मानसून (Monsoon Health Tips) की दस्तक के साथ ही मौसम में बदलाव होने लगा है और इसकी वजह से हमारी इम्युनिटी कमजोर हो जाती है जिससे कई बीमारियां और संक्रमण हमें अपना शिकार बना लेते हैं। ऐसे में हेल्दी रहने के लिए कुछ आसान टिप्स अपनाए जा सकते हैं जिससे आप खुद को सुरक्षित रख सकते हैं। आइए जानते हैं हेल्दी रहने के कुछ टिप्स (tips to boost immunity)Ð**

देश के कई हिस्सों में मानसून ने दस्तक दे दी है। बरसात के साथ ही लोगों को गर्मी से राहत मिल गई है। हालांकि, मानसून में मौसम खुशनुमा होने के साथ ही कई बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाता है। अक्सर मौसम में बदलाव के साथ हमारी इम्युनिटी भी काफी कमजोर हो जाती है। ऐसे में विभिन्न बीमारियों और संक्रमणों का हमें शिकार बनाना आसान हो जाता है। यही वजह है कि इस दौरान मौसमी फ्लू के मामले भी काफी बढ़ जाते हैं। इसलिए जरूरी है कि बरसात के मौसम में खुद को बीमारियों और संक्रमणों से सुरक्षित और हेल्दी बनाए रखने के लिए कुछ जरूरी बातों का ख्याल रखा जाए। ऐसे में आज इस आर्टिकल में हम आपको बताएंगे मानसून में खुद को हेल्दी रखने के कुछ आसान तरीकों के बारे में-

**डाइट में शामिल करें प्रोबायोटिक्स**

प्रोबायोटिक्स आपकी इम्युनिटी को बेहतर करने में मदद करते हैं। ऐसे में स्वस्थ और सुरक्षित रहने के लिए अपनी डाइट में प्रोबायोटिक से भरपूर टोफू, दही और टेम्पेह जैसे फूड शामिल करें। इन्हें खाने से आपके पेट के स्वास्थ्य को बढ़ावा देने और आपके शरीर में खराब बैक्टीरिया को खत्म करने में मदद मिल सकती है।

**भीगने से बचें**

बरसात के मौसम में अक्सर बारिश की वजह से लोग भीग जाते हैं, जिससे वह बीमार पड़ जाते हैं। ऐसे में कोशिश करें कि इस मौसम में आप जब आप बाहर निकलें तो बारिश में भीगने से बचने के लिए अपने आप को रेनकोट या छाता साथ जरूर रखें।

**बाहर का खाने से बचें**

मानसून के महीनो में जितना हो सके बाहर का खाने से बचें। इन दिनों बाहर का अनहेल्दी और जंक फूड खाने से कई बीमारियां हो सकती हैं। खासकर बरसात के दौरान, क्योंकि भोजन में दूषित हो जाता है।

**हॉट ड्रिंक्स पिएं**

बरसात के दिनों खुद को हेल्दी रखने और अपनी इम्युनिटी को बढ़ाने के लिए आप सूप, हर्बल चाय और काढ़ा जैसी हॉट ड्रिंक्स को डाइट में शामिल कर सकते हैं। इससे इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाने और बारिश के मौसम में गले में खराश को रोकने में मदद मिल सकती है।

**नियमित व्यायाम करें**

अगर आप खुद को हेल्दी और फिट रखना चाहते हैं, तो नियमित व्यायाम इसका एक आसान और कारगर उपाय है। रोजाना एक्सरसाइज करने से आपको फिट रहने और मानसून में खुद को हेल्दी बनाए रखने में मदद मिलती है।

# प्राचीन भारत में आर्थिक क्षेत्र में अभिशासन का अनुपालन किया जाता रहा है

पिछले कुछ वर्षों से निगमित अभिशासन को विभिन्न बैकों एवं कम्पनियों में लागू करने के भरपूर प्रयास किए जा रहे हैं। भारतीय रिजर्व बैंक ने भी इस सम्बंध में विस्तार से दिशा निर्देश जारी किए हैं एवं इन्हें सहकारी क्षेत्र के बैंकों में लागू करने के प्रयास किए जा रहे हैं।द्वितीय विश्व युद्ध के समाप्त होने के पश्चात अमेरिका में लागू की गई पूंजीवाद की नीतियों के चलते कम्पनियों को अमेरिकी सरकार द्वारा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व्यापार करने की खुली छूट दी गई थी ताकि अमेरिकी में बिलिनायर नागरिकों की संख्या तेजी से बढ़ाई जा सके ताकि अमेरिका एक विकसित राष्ट्र की श्रेणी में शामिल हो जाय। अमेरिका एवं अन्य देशों में व्यापार को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से अमेरिका में आर्थिक नियमों में भारी छूट दी गई थी। इस छूट का लाभ उठाते हुए कई अमेरिकी कम्पनियों ने अन्य देशों में भी अपने व्यापार का विस्तार करते हुए अपनी कई कम्पनियां इन देशों में स्थापित की और बाद में उन्हें बहुराष्ट्रीय कम्पनियां कहा गया। अमेरिका में स्थापित कम्पनियां दूसरे देशों में स्थापित अपनी सहायक कम्पनियों की अमेरिका में बैठकर देखभाल तो कर नहीं सकती थी अतः उन्होंने अन्य देशों में स्थापित कम्पनियों के बोर्ड में अपने प्रतिनिधि, निदेशक के तौर पर भर्ती किए। इस बोर्ड को चलाने के साथ ही इन देशों में इन कम्पनियों द्वारा व्यापार को विस्तार देने के उद्देश्य से इस सम्बंध में नियमों की रचना की गई, जिन्हें बाद में निगमित अभिशासन का नाम दिया गया। वर्ष 1970 के आसपास अमेरिका में एवं अन्य यूरोपीयन देशों में निगमित अभिशासन के सम्बंध में बहुत शोध कार्य सम्पन्न हुआ एवं निगमित अभिशासन के कई मॉडल एवं सिद्धांत विकसित हुए, जिन्हें भारत में भी लागू करने के प्रयास किए जा रहे हैं। हालांकि भारत में तो प्राचीन काल से ही आर्थिक क्षेत्र में अभिशासन सम्बंधी नियमों का अनुपालन किया जाता रहा है। सनातन संस्कृति में कर्म एवं अर्थ को धर्म से जोड़ा गया है। अतः प्राचीन भारत में धर्म का पालन करते हुए ही आर्थिक गतिविधियां सम्पन्न होती रही हैं। इस प्रकार, आर्थिक क्षेत्र में अभिशासन तो व्यापार में उपयोग होता ही रहा है। ब्रिटिश मूल के प्रसिद्ध अर्थशास्त्री एवं इतिहासकार श्री एंगस मेडिसिन द्वारा सम्पन्न किए के शोध के अनुसार एक ईसवी पूर्व से 1750 ईसवी तक वैश्विक व्यापार में भारत की हिस्सेदारी 32 प्रतिशत से 48 प्रतिशत के बीच रही है और भारत को सोने की चिड़िया कहा जाता था। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इतने बड़े स्तर पर होने वाले व्यापार में अभिशासन की नीतियों का अनुपालन तो निश्चित रूप से होता ही होगा। परंतु, पश्चिमी देश



निगमित अभिशासन को एक नई खोज बता रहे हैं। प्राचीन काल में भारत में आर्थिक क्षेत्र में अभिशासन के अनुपालन का स्तर बहुत उच्च था। एक घटना के माध्यम से इसे सिद्ध भी किया जा सकता है। एक किसान ने एक अन्य किसान से जमीन के टुकड़ा खरीदा। उस किसान ने जब जमीन में खुदाई शुरू की तो उसे खुदाई के दौरान उस जमीन में सोने के सिक्कों से भरा एक घड़ा मिला। इस घड़े को लेकर वह किसान जमीन के विक्रेता किसान के पास पहुंचा और बोला आपसे जो जमीन का टुकड़ा मैंने खरीदा था उसमें सोने के सिक्कों से भरा यह घड़ा मिला है, मैंने तो चूंकि आपसे केवल जमीन खरीदी है अतः इस घड़े पर आपका अधिकार है। विक्रेता किसान ने उस घड़े को लेने से इसलिए इंकार कर दिया कि क्योंकि अब तो वह जमीन मैं आपको बेच चुका हूं अतः अब जो भी वस्तु अथवा पदार्थ इस जमीन से प्राप्त होता है उस पर जमीन के क्रेता अर्थात केवल आपका अधिकार है। दोनों किसानों के बीच जब किसी प्रकार की सुलह नहीं हो सकी तो वे दोनों किसान राजा के महल में अपनी समस्या का हल ढूंढने के लिए पहुंचे। जब वहां भी इस समस्या का हल नहीं निकल सका तो दोनों किसानों ने राजा से प्रार्थना की कि सोने के सिक्कों से भरे इस घड़े को राज्य के खजाने में जमा कर दिया जाय। राजा ने भी उस घड़े को राज्य के खजाने में जमा करने से इंकार कर दिया क्योंकि राज्य के खजाने में तो अभिशासन सम्बंधी नियमों के अनुपालन के अनुसार ही प्राप्त धन को जमा किया जा सकता है और अभिशासन सम्बंधी नियमों में इस प्रकार से प्राप्त धन को खजाने में जमा करने का वर्णन ही नहीं है। इस उच्च स्तर की अभिशासन प्रणाली प्राचीन भारत में लागू थी। अभिशासन को परिभाषित करते हुए कहा जाता है कि यह एक तरीका है, जिसके अनुसार संस्थानों को अभिशासित किया जाता है। यह नियमों, व्यवहारों एवं प्रक्रियाओं की एक प्रणाली है जिसके अनुसार एक व्यवसाय को चलाया, विनियमित एवं नियंत्रित किया जाता है। इसके माध्यम से यह सुनिश्चित किया जाता है कि निर्णय प्रक्रिया स्वच्छ (निष्पक्ष) एवं नैतिक है। इसके माध्यम से यह जानने, संतुलित करने एवं संरक्षित करने का प्रयास किया जाता है कि लम्बी अवधि के लिए हितधारकों के हित सुरक्षित रहें। हितधारकों में शामिल हैं - बैंक के संदर्भ में जमाकर्ता, एवं अन्य कम्पनियों के संदर्भ में ग्राहक, शेयरधारक, कर्मचारी, प्रबंधन, सरकार, भारतीय रिजर्व बैंक, आदि। निगमित अभिशासन सम्बंधी नियमों के अनुपालन की जिम्मेदारी बोर्ड के सदस्यों की मानी जाती है।अच्छे निगमित अभिशासन के गुणों के सम्बंध में कहा जाता है कि बोर्ड द्वारा लिए जाने वाले निर्णयों में निष्पक्षिता एवं पारदर्शिता होनी चाहिए। संस्था में प्रत्येक स्तर पर जवाबदेही एवं जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। बोर्ड के सदस्यों के चुनाव में पारदर्शिता हो एवं बोर्ड के सदस्य पेशेवर होने चाहिए। यदि बैंक के बोर्ड की बात की जाय तो बोर्ड के सदस्य जमाकर्ता के ट्रस्टी के रूप में कार्य करें। ऋण प्रदान करने में पारदर्शिता होनी चाहिए एवं मेरिट आधारित निर्णय होने चाहिए। केंद्र सरकार, भारतीय रिजर्व बैंक एवं प्रधान कार्यालय द्वारा जारी नियमों का अनुपालन सुनिश्चित होना चाहिए। अंकेक्षण प्रणाली, जागरूकता प्रणाली (विजिलन्स सिस्टम), धोखाधड़ी का पता लगाने का तंत्र (फ्राड डिटेक्शन मेकनिजम) मजबूत होना चाहिए। साथ ही, संस्थान में उच्च तकनीकी का उपयोग भी होना चाहिए। निगमित अभिशासन के अंतर्गत बोर्ड की भूमिका के संबंध में भी कहा जाता है कि बोर्ड के सदस्यों में व्यावसायिक कुशलता होना चाहिए। बोर्ड के सदस्यों द्वारा संस्था में स्थापित प्रणाली एवं प्रक्रिया की व्याख्या करनी चाहिए। आंतरिक नियंत्रण प्रणाली की व्याख्या करनी चाहिए। आंतरिक अंकेक्षण प्रणाली की समय समय पर जांच पड़ताल करनी चाहिए। समस्त व्यवसाय सबंधित नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करना चाहिए। प्रणाली एवं प्रक्रिया की उचित समय अंतराल पर समीक्षा करनी चाहिए। निगमित अभिशासन के अंतर्गत बोर्ड स्तर की कुछ समितियों का निर्माण भी किया जाना चाहिए। जैसे, अंकेक्षण समिति, नियमों के अनुपालन की जांच करने के सम्बंध में समिति, बड़ी राशि के फ्राड की जांच करने वाली समिति, बोर्ड के सदस्यों का परिश्रमिक तय करने की समिति, जोखिम प्रबंधन समिति, आदि।निगमित अभिशासन के सम्बंध में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा बनाए गए नियमों को कम्पनियों एवं बैकों में लागू किया जाना चाहिए। हालांकि प्राचीन भारत में विशेष रूप से आर्थिक क्षेत्र में अभिशासन का उच्च स्तर रहा है, क्योंकि उस खंडकाल में कर्म एवं अर्थ के कार्य धर्म से जोड़कर किए जाते थे। परंतु, आज की परिस्थितियाँ भिन्न हैं, अतः वर्तमानकाल में भिन्न परिस्थितियों के बीच निगमित अभिसासन के नियमों को विभिन्न संस्थानों में लागू किया ही जाना चाहिए।

## संपादकीय

# पुलिस राज की शुरुआत

पिछली लोकसभा में पारित नये कानूनों के सोमवार से लागू होने के साथ ही भारत में नये सिरे से पुलिस राज की शुरुआत हो रही है। ऐसे वक्त में जब दुनिया भर के विकसित व लोकतांत्रिक देशों की सरकारें अपने नागरिकों को अधिक आजाद और अधिकार सम्पन्न कर रही हैं, भारत को %लोकतंत्र की जननी% कहने वाली सरकार ने जिस न्याय संहिता को लागू करने का ऐलान किया है, उससे नागरिकों पर पुलिस के जरिये उसका सख्त पहरा बैठ जायेगा। उसकी आजादी को जैसा बड़ा खतरा नयी न्याय संहिता से होने जा रहा है, वैसा पहले कभी नहीं रहा।

अनेक पुराने कानूनों को हटाकर या बदलकर औपनिवेशिक गुलामी से मुक्ति दिलाने के नाम पर भारतीय दण्ड संहिता में व्यापक फेरबदल कर दिये गये हैं जिनसे जहां एक तरफ काफी समय तक व्यवहारिक दिक्कतें तो आयेंगी ही, पुलिस दमन की राहें भी खुल जायेंगी। अनेक न्यायविद एवं वकालत के पेशे में रहने वाले भी इस परिवर्तित संहिता से खौफ़ज़दा दिख रहे हैं। उनका मानना है कि नये कानून पुलिस के हाथ मजबूत करेंगे और नागरिकों को न्याय मिलने की आशाएं धूमिल हो जायेंगी। न्याय पाना और भी कठिन हो जायेगा, जो पहले से दुरुह है। भारत के सन्दर्भ में पहले ही कहा जाता है कि यहां की न्यायिक प्रक्रिया अपने आप में सज़ा पाने से कम नहीं है, जिसमें दोषी व निरपराध दोनों एक सरीखे पिसते हैं। सिर्फ पहुंच और पैसा राहत देता है- निर्दोष को भी, अपराधी को भी।वैसे तो नये कानूनों को लेकर पहली आपत्ति यही की गई है कि अपराधों को दर्ज करने से लेकर मुकदमे चलाने सम्बन्धी धाराओँ का अभ्यस्त होने में पुलिस अधिकारियों, वकीलों व जजों को काफी समय लग जायेगा। न सिर्फ समझना, बल्कि उसकी व्याख्या करना व कोर्ट के समक्ष उसे प्रस्तुत करना अपने आप में बड़ी कवायद होगी, जिसका खामियाजा और किसी को नहीं वरन मामले के पक्षकारों को भुगतना होगा। पहले से लाखों की तादाद में न्यायालयों में लम्बित मामलों के ढेर बढ़ते जाने तय हैं। अब तक जिन धाराओं के अंतर्गत विभिन्न अपराधों को परिभाषित किया गया था, वे सभी सम्बन्धित एजेंसियों एवं पेशेवरों की ज़ुबानों पर रटे हुए थे। अब इसके क्रमांक भी बदल दिये गये हैं। अनेक की परिभाषाएं एवं व्याख्याएं भी बदल गई हैं। इनकी सज़ाओं में भी बदलाव कर दिये गये हैं। पूरे पुलिस विभाग को अपराधों को पंजीबद्ध करने, वकीलों को उन्हें प्रस्तुत एवं न्यायपालिका को उन्हें समझकर न्याय देने में नयी माथापच्ची करनी पड़ेगी।

ह तो रहा नये कानूनों का व्यवहारिक पक्ष, लेकिन जिन इरादों के साथ ये कानून लाये गये हैं और जैसा उनका प्रभाव पड़ने जा रहा है, वह कहीं अधिक भयावह है। उनमें से कुछ का उल्लेख किया जाना समीचीन होगा। पुलिस व न्यायिक अभिरक्षा में आरोपी को रखने की वैध मियाद को 15 दिनों से बढ़ाकर अब 90 दिनों तक कर दिया गया है। यह बतलाने की ज़रूरत नहीं है कि अपराधी हों या निर्दोष, इन दोनों तरह की कस्टडियां किस तरह सभी के लिये एक जैसी नारकीय हैं। फिर, पुलिस लॉकअप हो अथवा जेलें- दोनों में क्षमता से अधिक आरोपी या सज़ायाफ़्ता रखे जाते हैं। मानव गरिमा के विपरीत परिस्थितियां तो उनमें पहले से मौजूद हैं, इस बात की कल्पना सहज की जा सकती है कि बढ़ी हुई संख्या में वे किस तरह से सलाखों के पीछे दिन काटेंगे। उन्हें जीवनावश्यक सुविधाएं मुहैया कराना भी अपने आप में एक बड़ी चुनौती होगी।राजद्रोह शब्द तो नयी न्यायिक संहिता से हटा दिया गया लेकिन बहुत से नये आधार बनाकर लोगों को जेलों में बगैर मुकदमा चलाना आसान तथा जमानत प्रक्रिया को कठिन बना दिया गया है। देश की एकता व अखंडता को नुकसान पहुंचाने वाले कृत्यों के खिलाफ लाये गये कानून अप्रत्यक्ष रूप से सरकार के खिलाफ उठने वाली आवाज़ों को खामोश करने का बढ़िया ज़रिया बन जायेंगे। यह धारा लगाने का विवेकाधिकार भी अपेक्षाकृत निचले स्तर के अधिकारी के पास हो गया है। इनमें भी लम्बे समय तक जमानत न मिलने के प्रावधान कर दिये गये हैं। इसका अनुमान लगाना कोई मुश्किल नहीं है कि जिस सरकार ने विपक्षी नेताओं, मानवाधिकार कार्यकर्ताओं, पत्रकारों, लेखकों, बुद्धिजीवियों, ट्रेड यूनियन व किसान संगठनों के नेताओं आदि के खिलाफ पहले से एक अभियान जैसा छेड़ रखा है उसका व्यवहार ये काले कानून हाथ में लग जाने के बाद कैसा होगा। जिस गैरकानूनी गतिविधियां (प्रतिबंध) कानून यानी यूएपीए के चलते न जाने कितने मानवाधिकार कार्यकर्ता एवं बुद्धिजीवी लम्बे समय से जेलों में सड़ रहे हैं, सरकार के हाथ नये कानूनों से और भी ताकतवर हो जायेंगे। इसके साथ ही यह भी माना जा रहा है कि इसके जरिये परम्परागत प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के अतिरिक्त स्वतंत्र मीडिया (सोशल) का गला घोंटना भी आसान हो जायेगा। सरकार विरोधी खबरों, रिपोर्ताज या समीक्षाओं को देश की एकता-अखंडता के लिये खतरा बतलाकर ऐसे पत्रकारों तथा मीडिया संस्थानों को सरकार द्वारा डराना बेहद आसान हो जायेगा।याद हो कि पिछली लोकसभा के अंतिम दिनों में ये कानून एक सुनियोजित षडयंत्र के अंतर्गत पास कराये गये थे।

# विश्व गुरु करते कुछ नहीं बस विश्व गुरु हैं!

दिल्ली केन्द्र शासित प्रदेश है। राज्य सरकार किसी की हो केन्द्र सरकार अपने उप राज्यपाल के माध्यम से चलाती है और जिस लूटियन जोन में मंत्रियों और सांसदों के बंगलों में पानी भरने के फोटो हैं वह इलाका नई दिल्ली म्युनिसिपल कारपोरेशन (एनडीएमसी) के अन्तर्गत आता है। और एनडीएमसी पूरी तरह केन्द्र सरकार के आधीन होती है। दिल्ली में सर्दियों में प्रदूषण हो तो डेढ़ करोड़ लोग प्रभावित होते हैं। विदेशी दूतावासों सहित।हम तो देश के एंगल से बात करते हैं। मोदी जी ने दस साल गंवा दिए। न नेहरू और इन्दिरा गांधी की तरह बड़े-बड़े काम किए। देश के नवनिर्माण के। और न ही वह अन्य काम जो आसान थे। केवल हिन्दू-मुसलमान किया मगर उससे क्या हुआ?देश ने कौन सी तरक्की कर ली। लोगों को रोजगार मिल गए। महंगाई कम हो गई। और हिन्दू-मुसलमान क्या नफरत और विभाजन की राजनीति का अंत है? नहीं यह तो शुरूआत थी। बात उसके बाद दलित आदिवासी और ओबीसी तक आ गई है। धर्म के बाद जातियों में और फिर प्रदेशों में हर जगह नफरत और विभाजन फैल गया है।

क्रिकेट जो भारत को जोड़ता था उस तक में पहुंच गया। भारत टी-20 का वर्ल्ड कप जीता। पूरा देश खुशी से पागल हो गया। मगर जो पहले से पागल थे इसमें जाति और प्रदेश ढूंढने लगे। सूर्यकुमार यादव ने एक बहुत मुश्किल कैच पकड़ा। ठीक बाउन्ड्री पर। क्रिकेट खेले लोग जानते हैं उस गति में एक साथ दो काम करना कैच पकड़ना भी और पांव को बाउन्ड्री लाइन से बाहर जाने देने से रोकना कठिन प्रक्रिया होती है। करने से नहीं होती अपने आप जो अच्छा खिलाड़ी होता है उससे होती है। हो जाती है।यादव ने वर्ल्ड कप जीता दिया। हेडिंग यही थी। मगर नफरत की राजनीति ने इन दिनों यादवों को निशाने पर रख लिया है। इसलिए कहा जाने लगा कि पंड्या के ओवर ने मैच जिताया। पंड्या गुजरात का है इसलिए उसे और समर्थन मिला। अच्छी बात है। सबके योगदान की चर्चा होना चाहिए। मगर सूर्यकुमार यादव ने मैच छीन लिया। असली हीरो वही है और पूरी भारतीय टीम।1983 में भारत ने पहला वर्ल्ड कप जीता था। कपिल देव ने भी ऐसा ही अविस्मरणीय कैच लिया था। पूरी टीम की जय जयकार हुई थी। इन्दिरा गांधी का जमाना था। मगर किसी ने इन्दिरा गांधी को श्रेय नहीं दिया। इन्दिरा जी के तो लेने का सवाल ही नहीं। उन्होंने तो कभी भारत के पहले परमाणु परीक्षण, अंतरिक्ष में भारतीय यात्री राकेश शर्मा के जाने, बांग्ला देश बनाकर दुनिया का भुगोल बदलने, हरित क्रान्ति करके देश के गोदाम अनाज से भरने, राजा रानी के प्रिवीपर्स प्रिवलेज खत्म करके देश के आम आदमी को उनके बराबर खड़ा करने, बैंकों को राष्ट्रीयकरण करके उन्हें गरीबों के लिए खोलने और



ऐसे ही जाने कितने बड़े-बड़े काम करने का भी कभी श्रेय नहीं लिया।

मुझे ईश्वर ने भेजा है इन कामों को करने के लिए या संसद में छाती ठोककर सब पर भारी जैसे बड़बोलेपन का तो सवाल ही नहीं उठता इसीलिए जब 1983 में भारत ने वर्ल्ड कप जीता तो देश में कहीं जाति, धर्म, प्रदेश की बात ही नहीं थी। नफरत फैलाई ही नहीं गई थी तो नफरत विभाजन की बात कोई कैसे करता? समकालीन परिस्थितियों से ही आदमी बनता है तो कपिल उस समय की मिलीजुली संस्कृति प्रेम, सद्भाव से निकले खिलाड़ी थे। कप लाने के बाद इन्दिरा जी जब उनसे मिलीं तो दोनों एक दूसरे को थैंक्यू कह रहे थे।

प्रधानमंत्री कहीं से नहीं लग रहीं थी कि वे इन खिलाड़ियों से बड़ी हैं। आज तो ऐसा माहौल बनाया जा रहा है कि मोदी जी की वजह से टीम जीत गई। यह नफरत और विभाजन के साथ अहंकार की राजनीति भी है। इन सबसे बचना एक बड़े नेता का काम होता है। तभी वह देश के लिए कुछ कर पाता है। नेहरू और इन्दिरा गांधी ने ऐसे ही किया था।

मगर जैसे कि हमने शुरू में लिखा कि बड़े काम तो छोड़िए दूसरे काम जो वे आसानी से कर सकते थे वह भी नहीं किए। इन दूसरे कामों में हमें हमेशा याद आता है 2 अक्टूबर 2014 को शुरू किया मोदी जी का स्वच्छता अभियान। हमने उसी दिन लिखा था इस पर। कुछ संदेहों के साथ मगर फिर भी आशावाद के साथ कि अगर मोदी जी ने इसे प्रतीकात्मकता तक ही सीमित नहीं रखा तो भारत बदल जाएगा। एक साफ सुथरा आगे बढ़ता हुआ भारत होगा। मगर हमारी राजनीतिक समझ सही निकली। हम चाहते थे कि मोदी जी उसको गलत साबित कर दें। मगर नहीं किया। जो भाजपा की राजनीति है टोकनिज्म की प्रतीकात्मकता की वही किया। झाड़ू के साथ नए-नए पोज, कूड़ा उठाने का अभिनय और नतीजा गदंगी और बढ़ती चली गई।जी हां प्रतीकात्मक राजनीति का सबसे बड़ा नुकसान यह होता है जितना काम हो रहा है वह भी फिर नहीं होता। सब प्रतीकात्मकता में मतलब दिखावे में उलझ जाते हैं। और उसी को काम भी समझ लेते हैं। जो सामान्य तौर पर हो रहा होता है वह भी कम या बंद हो जाता है। इसका एक बड़ा उदाहरण महिला सुरक्षा है।2014 में चुनाव ही यह कहकर जीते थे अब नहीं नारी पर वार अबकी बार मोदी सरकार। मगर उसके बाद क्या हुआ? खुद की पार्टी के विधायक सेंगर से लेकर सांसद ब्रजभूषण शरण सिंह तक ने क्या किया? पीड़ितों का साथ किस ने दिया? उल्टा उन्हें और प्रताड़ित किया गया। मणिपुर जैसी वीभत्स नारी विरोधी घटना के बाद भी मोदी मणिपुर नहीं गए। उल्टे दूसरी जगहों के उदाहरण देने लगे कि वहां भी तो होते हैं। हाथरस दलित लड़की मर गई उसकी लाश तक घर वालों को नहीं दी। उल्टे उसके घर के सामने महीनों घरना प्रदर्शन किए गए। प्रतीकात्मकता इस तरह से मूल समस्या पर से लोगों का ध्यान हटा देती है। और नारे भाषण में उन्हें उलझा देती है।जब इससे भी काम न चले तो उसने यह नहीं किया वह नहीं किया की तरफ लोगों का ध्यान ले जाते हैं। काम करने के छोटे होते हैं। मगर प्रतीकात्मक राजनीति करने वाले, दोष दूसरों पर डालने वाले वह सामान्य काम भी नहीं करते। उन्हें सबसे आसान लगता है पर निंदा। छिद्रान्वेष।

बरसात हर साल होती है। जलभराव की समस्या भी। मगर इस तरह की तुलनाएं कोई नहीं करता। जैसी अब देख रहे हैं। हरिद्वार से लेकर देश में कई जगह गाड़ियां डूब रही हैं। मगर मीडिया भक्त कह रहे हैं दिल्ली का हाल देखो। दिल्ली का हाल बुरा है। मगर उसका पूरा दोष केजरीवाल पर रखना और बुरा।दिल्ली केन्द्र शासित प्रदेश है। राज्य सरकार किसी की हो केन्द्र सरकार अपने उप राज्यपाल के माध्यम से चलाती है और जिस लूटियन जोन में मंत्रियों और सांसदों के बंगलों में पानी भरने के फोटो हैं वह इलाका नई दिल्ली म्युनिसिपल कारपोरेशन (एनडीएमसी) के अन्तर्गत आता है। और एनडीएमसी पूरी तरह केन्द्र सरकार के आधीन होती है।

दिल्ली में सर्दियों में प्रदूषण हो तो डेढ़ करोड़ लोग प्रभावित होते हैं। विदेशी दूतावासों सहित। मगर इसका हल करने के बदले केजरीवाल पर तोहमतें लगाना शुरू हो जाता है। अरे केजरीवाल भी आपका ही था। संघ भाजपा केजरीवाल सब ने मिलकर एक नकली आंदोलन किया था। एक मुखौटे अन्ना हजारे को सामने रखकर।इतने ताकतवर प्रधानमंत्री जिनके बारे में मीडिया और भक्तों के साथ भाजपा के मंत्री नेता भी कहते हैं कि उन्होंने रुस युक्रेन युद्ध रुकवा दिया था। और यह तो खुद मोदी जी ने कहा कि उन्होंने रमजान में गाजा में युद्ध रुकवा दिया। उन्होंने जल निकास, दिल्ली का प्रदूषण और जिस का सबसे पहले जिक्र किया सफाई, नारी सुरक्षा जैसे काम नहीं किए। पेपर लीक तक पर बात नहीं की। नीट के पेपर लीक ने देश के स्टूडेंटों को सबसे बड़ा सदमा पहुंचाया है। इस किशोर और युवा उम्र में उन्हें संदेश गया कि देश में मेहनत और ईमानदारी से कुछ नहीं होता है। नेहरु, इन्दिरा, राजीव गांधी छात्र युवा में उत्साह भरते थे। ये छात्र युवा को निराश हताश कर रहे हैं।

ोई काम नहीं। न छोटे न बड़े। केवल बातें। पचास साल पुरानी इमरजेन्सी उससे पहले 75 साल पहले नेहरू प्रधानमंत्री कैसे बन गए। और पहले मुगल काल की अकबर ने यह यह नहीं किया। शाहजहां ने ताजमहल क्यों बनवाया? गए तो यह त्रेता युग में भी हैं कि राम को हम लाए। मगर बस दस साल में क्या किया इसी पर नहीं आते हैं। खुद को विश्व गुरु कह देते हैं। बस सब मान जाते हैं। मगर विश्व गुरु करते क्या हैं? क्या किया यह कोई नहीं पूछता?

# शानदार करियर के लिए 12वीं साइंस के बाद करें ये कोर्स

साइंस स्ट्रीम से 12वीं करने के बाद अकसर स्टूडेंट्स डॉक्टर या इंजीनियर बनना चाहते हैं. वहीं, कुछ ऐसे भी स्टूडेंट्स हैं जो डॉक्टर, इंजीनियर तो बनना नहीं चाहते लेकिन उन्हें इसके अलावा दूसरा कोई ऑप्शन भी समझ में नहीं आता है और करियर को लेकर कंफ्यूज रहते हैं. असल में साइंस एक बहुत बड़ी स्ट्रीम हैं जिसमें एक या दो नहीं बल्कि ढेरों विकल्प मौजूद हैं. हम यहां पर आपको कुछ ऐसे ही ऑप्शंस के बारे में बता रहे हैं जो आपको अपने करियर में एक अलग मुकाम हासिल करने में मदद करेंगे:

**नैनो-टेक्नोलॉजी:**


ग्लोबल इनफॉर्मेशन इंक की रिसर्च के मुताबिक, 2018 तक नैनो टेक्नोलॉजी इंडस्ट्री के 3.3 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है. नैस्कॉम के मुताबिक 2015 तक इसका कारोबार 180 अरब डॉलर से बढ़कर 890 अरब डॉलर हो जाएगा. ऐसे में इस फील्ड में 10 लाख प्रोफेशनल्स की जरूरत होगी. 12वीं के बाद नैनो टेक्नोलॉजी में बीएससी या बीटेक और उसके बाद इसी सब्जेक्ट में एमएससी या एमटेक करके इस क्षेत्र में शानदार करियर बनाया जा सकता है

**स्पेस साइंस:** यह बहुत ब्रॉड फील्ड है. इसके तहत कॉस्मोलॉजी, स्टेलर साइंस, प्लैनेटरी साइंस, एस्ट्रोनॉमी जैसे कई फील्ड्स आते हैं. इसमें तीन साल की बीएससी और चार साल के बीटेक से लेकर पीएचडी तक के कोर्सेज खास तौर पर इसरो और बेंगलुरु स्थित IISC में कराए जाते हैं.

**एस्ट्रो-फिजिक्स:** अगर आप सितारों और गैलेक्सी में दिलचस्पी रखते हैं तो 12वीं के बाद एस्ट्रो-फिजिक्स में रोमांचक करियर बना सकते हैं. इसके लिए आप चाहें तो पांच साल के रिसर्च ओरिएंटेड प्रोग्राम (एमएस इन फिजिकल साइंस) और चार या तीन साल के बैचलर्स प्रोग्राम (बीएससी इन फिजिक्स) में एडमिशन ले सकते हैं. एस्ट्रोफिजिक्स में डॉक्टरेट करने के बाद स्टूडेंट्स इसरो जैसे रिसर्च ऑर्गनाइजेशन में साइंटिस्ट बन सकते हैं





**एनवायर्नमेंटल साइंस:** इस स्ट्रीम में पर्यावरण पर इंसानी गतिविधियों से होने वाले असर का अध्ययन किया जाता है. इसके तहत इकोलॉजी, डिजास्टर मैनेजमेंट, वाइल्ड लाइफ मैनेजमेंट, पॉल्यूशन कंट्रोल जैसे विषय पढ़ाए जाते हैं. इन सभी सब्जेक्ट्स में एनजीओ और यूएनओ के प्रोजेक्ट्स बहुत तेजी से बढ़ रहे हैं. ऐसे में जॉब की अच्छी संभावनाएं हैं.

**वॉटर साइंस:**
यह जल की सतह से जुड़ा विज्ञान है. इसमें हाइड्रोमिटियोरोलॉजी, हाइड्रोजियोलॉजी, ड्रेनेज बेसिन मैनेजमेंट, वॉटर क्वॉलिटी मैनेजमेंट, हाइड्रोइंफॉर्मेटिक्स जैसे विषयों की पढ़ाई करनी होती है. हिमस्खलन और बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदाओं को देखते हुए इस फील्ड में रिसर्चर्स की डिमांड बढ़ रही है.

**माइक्रो-बायोलॉजी:** माइक्रो-बायोलॉजी की फील्ड में एंट्री के लिए बीएससी इन लाइफ साइंस या बीएससी इन माइक्रो-बायोलॉजी कोर्स कर सकते हैं. इसके बाद मास्टर डिग्री और पीएचडी भी का ऑप्?शन भी है. इसके अलावा पैरामेडिकल, मरीन बायोलॉजी, बिहेवियरल साइंस, फिशरीज साइंस जैसे कई फील्ड्स हैं, जिनमें साइंस में रुचि रखने वाले स्टूडेंट्स अच्छा करियर बना सकते हैं.

**डेयरी साइंस:**
डेयरी प्रोडक्शन के क्षेत्र में भारत अहम देश है. भारत डेयरी प्रोडक्शन में अमेरिका के बाद दूसरे स्थान पर है. डेयरी टेक्नोलॉजी या डेयरी साइंस के तहत मिल्क प्रोडक्शन, प्रोसेसिंग, पैकेजिंग, स्टोरेज और डिस्ट्रिब्यूशन की जानकारी दी जाती है. भारत में दूध की खपत को देखते हुए इस क्षेत्र में ट्रेंड प्रोफेशनल्स की डिमांड बढ़ने लगी है. साइंस सब्जेक्ट से 12वीं करने के बाद स्टूडेंट ऑल इंडिया बेसिस पर एंट्रेंस एग्जाम पास करने के बाद चार वर्षीय स्नातक डेयरी टेक्नोलॉजी के कोर्स में एडमिशन ले सकते हैं. कुछ इंस्टीट्यूट डेयरी टेक्नोलॉजी में दो वर्षीय डिप्लोमा कोर्स भी ऑफर करते हैं.

**रोबोटिक साइंस:**
रोबोटिक साइंस का क्षेत्र काफी तेजी से पॉपुलर हो रहा है. इसका इस्तेमाल इन दिनों तकरीबन सभी क्षेत्रों में होने लगा है. जैसे- हार्ट सर्जरी, कार असेम्बलिंग, लैंडमाइंस. अगर आप इस फील्ड में आना चाहते हैं तो इस क्षेत्र से जुड़े कुछ स्पेशलाइजेशन कोर्स भी कर सकते हैं. जैसे ऑर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स, एडवांस्ड रोबोटिक्स सिस्टम. कम्प्यूटर साइंस से स्नातक कर चुके स्टूडेंट्स इस कोर्स के लिए योग्य माने जाते हैं. रोबोटिक में एमई की डिग्री हासिल कर चुके स्टूडेंट्स को इसरो जैसे प्रतिष्ठित संस्थान में रिसर्च वर्क की नौकरी मिल सकती है.



# अगर टेलीविजन में बनाना चाहते हैं करियर...



हमारे समाज और घर-परिवार में शायद ही कोई ऐसा शख्स हो जिसे टेलीविजन की वर्किंग स्टाइल और किरदार पसंद न आते हों लेकिन क्या आपको पता है कि आप अपने पसंदीदा टेलीविजन को करियर के तौर पर भी चुन सकते हैं. मीडिया और टेलीविजन के बढ़ते प्रभाव के बीच आपके पास ऐसे कई मौके हैं कि आप इसमें करियर बना कर मोटी कमाई कर सकते हैं.

इसके मद्देनजर आज मास कम्यूनिकेशन इन टीवी जर्नलिज्म में डिग्री और पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा जैसे कोर्सेस शुरू हुए हैं. ऐसे कोर्सेस आप कई बहुप्रतिष्ठित संस्थानों व विश्वविद्यालयों से कर सकते हैं. साथ ही दिल्ली के भारतीय विद्या भवन जैसे संस्थान भी कई डिप्लोमा कोर्स चलाते हैं.

इन कोर्सेस को करने से आप टेक्निकली दूसरे सामान्य उम्मीदवारों से आगे चले जाते हैं. यहां हम आपके लिए उन तमाम कोर्सेस के नाम सुझा रहे हैं.

इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में डिप्लोमा
वीडियो कैमरा व लाइटिंग में डिप्लोमा
वीडियो एडिटिंग व साउंड रिकॉर्डिंग में डिप्लोमा
प्रोफेशनल फोटोग्राफी में डिप्लोमा
एनिमेशन फिल्म मेकिंग में डिप्लोमा wD, xD, & VFX
IT और वेब डिजाइनिंग में डिप्लोमा
छ्ङ्गक्कऔर ग्राफिक्स में डिप्लोमा

गौरतलब है कि यहां से डिप्लोमा हासिल करना बाजार और तमाम संस्थानों की तुलना में सस्ता भी है और सहूलियत भी है.

# कॉरपोरेट वर्ल्ड के लीगल कंसल्टेंट

एक समय ऐसा था, जब लॉयर्स को केवल कोर्ट रूम में जिरह करते हुए प्रोफेशनल्स के तौर पर देखा और जाना जाता था, लेकिन हाल के वर्षों में इस फील्ड में काफी चेंज आया है और नए-नए एरिया भी जुड़ते जा रहे हैं। इस फील्ड में आने वाले अवारों को देखते हुए स्टूडेंट्स का रुझान 'कॉरपोरेट लॉ' की तरफ खूब देखा जा रहा है। ग्लोबलाइजेशन और प्राइवेटाइजेशन ने इस फील्ड की चमक को और बढ़ाया है। आप इस फील्ड में आते हैं, तो यहां नेम-फेम के अलावा, प्रोफेशनल्स की सैलरी भी काफी अच्छी होती है।

**क्वालिफिकेशन**

एपीजी शिमला यूनिवर्सिटी की
एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर प्रियंका गोयल के मुताबिक, इस फील्ड में एंट्री के लिए दो ऑप्शंस हैं। पहला, 12वींके बाद स्टूडेंट्स देश की टॉप लॉ यूनिवर्सिटीज से पांच वर्षीय इंटीग्रेटेड लॉ कोर्स में एडमिशन ले सकते हैं। कोर्स कंप्लीट होने के बाद आप बार काउंसिल में रजिस्ट्रेशन कराके लॉयर बन सकते हैं। दूसरा,
किसी भी सब्जेक्ट से ग्रेजुएशन करने के बाद तीन वर्षीय लॉ कोर्स में एडमिशन ले सकते हैं।

**लॉ से संबंधित एग्जाम**

लॉ इंस्टीट्यूट्स में एडमिशन के लिए एंट्रेंस टेस्ट क्लीयर करना पड़ता है। कुछ एंट्रेंस **एग्जाम इस तरह हैं**..

**कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट** : इस एंट्रेंस टेस्ट को क्लैट के नाम से भी जाना जाता है। यह नेशनल लेवल का लॉ एग्जाम है। इसके जरिए देश की टॉप-14 लॉ यूनिवर्सिटीज में एडमिशन लिया जा सकता है। कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट में आमतौर पर इंग्लिश, लॉजिकल रीजनिंग, लीगल रीजनिंग, मैथमेटिक्स और जनरल नॉलेज से जुड़े सवाल पूछे जाते हैं।

**लॉ स्कूल एडमिशन टेस्ट** : इसे एलसेट के नाम से भी जाना जाता है। जिंदल ग्लोबल लॉ स्कूल, यूपीईएस देहरादून, आईटीएम गुड़गांव आदि जैसे देश के करीब 60 लॉ कॉलेजों में इस एग्जाम के जरिए एंट्री मिलती है। इस एग्जाम में कॉम्प्रिहेंशन, एनालिटिकल रीजनिंग और लॉजिकल रीजनिंग से संबंधित प्रश्न पूछे जाते हैं।

**डीयू एलएलबी/एलएलएम** : दिल्ली यूनिवर्सिटी के फैकल्टी ऑफ लॉ में एडमिशन के लिए अलग से एंट्रेंस एग्जाम का आयोजन किया जाता है। इसके जरिए एलएलबी और एलएलएम जैसे कोर्स में एडमिशन लिया जा सकता है।

**एसईटी सिंबायोसिस** : इस एंट्रेंस टेस्ट के जरिए सिंबायोसिस इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के अंतर्गत आने वाले लॉ इंस्टीट्यूट के अंडरग्रेजुएट कोर्स में एडमिशन लिया जा सकता है।

**यूएलएसएटी** : यूनिवर्सिटी ऑफ पेट्रोलियम ऐंड एनर्जी स्टडी यूएलएसएटी आयोजित करती है। इस टेस्ट में पास होने के बाद बैचलर ऑफ लॉ, कॉरपोरेट लॉ, साइबर लॉ और इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स में एलएलबी किया जा सकता है।

**कॉरपोरेट लॉयर**

यह लीगल सर्विसेज का उभरता हुआ फील्ड है। कॉरपोरेट लॉयर्स की जरूरत कंपनीज के लीगल डिपार्टमेंट में होती है। यहां जूनियर कॉरपोरेट लॉयर के रूप में आपको कॉन्ट्रैक्ट्स की ड्रॉफ्टिंग, फाइल की तैयारी, मेमोरेंडम तैयार करना, सिक्योरिटी डिस्क्लोजर स्टेटमेंट्स तैयार करना होता है। इसके अलावा, लेबर इश्यू, एम्प्लॉयीज राइट्स, अमैलगमेशन, स्प्लिट से रिलेटेड वर्क भी इन्हींके जिम्मे होता है। बड़े बिजनेस हाउसेज और गवर्नमेंट डिपार्टमेंट को भी कई जटिल कानूनी मामलों का सामना करना पड़ता है। इन्हें हल करने के लिए कॉरपोरेट लॉयर्स की मांग बढ़ रही है। इनका कार्य कंपनी के संचालन में कानूनी नियमों का पालन सुनिश्चित करना, कंपनी से जुड़े मुकदमों की पैरवी आदि करना होता है। अगर संक्षेप में कहें, तो इनके कार्य को तीन हिस्सों में बांटा जा सकता है। पहला, बिजनेस से संबंधित लीगर इश्यू के बारे में सलाह देना। दूसरा, सभी कॉन्ट्रैक्ट्स और उससे संबंधित डॉक्यूमेंट्स की ड्रॉफ्टिंग। तीसरा, लॉ और रेगुलेशन का अनुपालन करना। हालांकि कॉरपोरेट लॉयर्स एक से अधिक एरिया में स्पेशलाइज्ड हो सकते हैं, जैसे- टैक्स लॉ, इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट आदि।





**वर्क ऑप्शंस**

आज कॉरपोरेट लॉयर्स की डिमांड बिजनेस हाउसेज के अलावा लॉ फर्म्स में भी खूब हैं। इसके अलावा, इनके लिए टीचिंग का ऑप्शन भी खुला रहता है। इस फील्ड से जुड़े प्रोफेशनल्स इंवेस्टमेंट बैंकिंग में भी करियर बना सकते हैं। कॉरपोरेट हाउसेज के अलावा, बड़ी अकाउंटिंग फर्म, जैसे- प्राइसवाटरहाउसकूपर्स और केपीएमजी में भी करियर की तलाश कर सकते हैं। साथ ही, कई बड़ी ग्लोबल लॉ फर्म भी भारत आने को तैयार है। यहां भी कॉरपोरेट लॉयर्स के लिए कार्य करने का अच्छा मौका हो सकता है। इन दिनों कॉरपोरेट लॉयर्स की डिमांड केवल भारत में ही नहीं, विदेश में भी जबरदस्त है। अमेरिका और ब्रिटेन जैसे देशों में कॉरपोरेट लॉयर्स की डिमांड इसलिए भी ज्यादा है, क्योंकि वहां की तुलना में भारतीय लीगल प्रोफेशनल्स की फीस कम होती है।

**सैलरी पैकेज**

इस फील्ड में फ्रेशर्स 3-12 लाख रुपये सालाना सैलरी की उम्मीद कर सकते हैं। आप इससे ज्यादा सैलरी भी प्राप्त कर सकते हैं, लेकिन यह आपके एजुकेशनल बैकग्राउंड और कंपनी पर भी डिपेंड करता है।

## आंगनवाड़ियों को लेकर मंत्री विजयवर्गीय ने दिया सुझाव

**एजेंसी**

**भोपाल।** मध्यप्रदेश विधानसभा में आज आंगनवाड़ियों को लेकर संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के सुझाव पर कांग्रेस के हंगामे के बीच अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि श्री विजयवर्गीय ने मात्र सुझाव दिया है, जिसे मानने की किसी पर बाध्यता नहीं है। प्रश्नकाल के दौरान आंगनवाड़ियों को लेकर विधायक विपिन जैन के प्रश्न के उत्तर के दौरान श्री विजयवर्गीय ने कहा कि उनके पुत्र आकाश विजयवर्गीय ने विधायक रहने के दौरान अपने विधानसभा क्षेत्र की सभी आंगनवाड़ियों में पंखों समेत अन्य कई व्यवस्थाएं जनसहयोग से कराईं। इसके साथ ही उन्होंने विधायकों को सुझाव दिया कि इस प्रकार की पहल अन्य जनप्रतिनिधियों की ओर से भी की जा सकती है।

## राहुल गांधी संसद में की टिप्पणी के लिये सार्वजनिक रूप से माफी मांगें :केवल

**चंडीगढ़।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पंजाब के प्रदेश उपाध्यक्ष और प्रदेश कोर कमेटी के सदस्य केवल ढिल्लों ने मंगलवार को कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी के हालिया भाषण की कड़ी आलोचना करते हुये उनके सार्वजनिक माफी की मांग की है। ढिल्लों ने श्री गांधी की टिप्पणी पर अपनी निराशा व्यक्त करते हुये कहा कि श्री गांधी को संसदीय कार्यवाही की मर्यादा और अखंडता को बनाये रखनी चाहिये।

## लासपुर में 50 से अधिक लोग उल्टी-दस्त से पीड़ित

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले के सकरी के अटल आवास में 50 से अधिक लोग उल्टी-दस्त से पीड़ित हैं। इलाके में साफ-सफाई का अभाव और गंदा पानी पीने से लोग बीमार पड़ रहे हैं। इसकी सूचना पर स्वास्थ्य विभाग की टीम कैंप लगाकर मरीजों का इलाज कर रही है। बारिश आते ही डायरिया पैर पसारने लगा है और नलों से आ रहे गंदा पानी पीने से लोगों की तबियत बिगड़ रही है। एक ही परिवार के तीन से चार लोगों को उल्टी और दस्त की समस्या रही है, लेकिन बच्चों की हालत ज्यादा खराब हो रही है।

## मतगणना के काम को पूरा करने के लिये काउंटिंग स्टाफ की पहली रेंडमाइज़ेशन

**जालंधर।** पंजाब में जालंधर पश्चिमी विधानसभा क्षेत्र के उप चुनाव के लिये 10 जुलाई को मतदान के बाद 13 जुलाई को मतों की गणना के काम को पूरा करने के लिये आज गणना स्टाफ की तैनाती के लिये पहली रेंडमाइज़ेशन करवायी गयी। जनरल आब्जर्वर उत्तम कुमार पातरा और अतिरिक्त उपायुक्त- सह-अतिरिक्त ज़िला चुनाव अधिकारी मेजर डा. अमित महाजन के नेतृत्व में रेंडमाइज़ेशन की प्रक्रिया पूरी की गयी।

## पासपोर्ट घोटाले मामले में सीबीआई ने मुंबई के एक दलाल के आवास और कार्यालय पर मारा छापा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने 30 जून और 01 जुलाई को मुंबई स्थित एक और पासपोर्ट एजेंट व दलाल के कार्यालय व आवास की तलाशी ली। सीबीआई की टीम ने तलाशी के दौरान 1.59 करोड़ रुपये नकद (लगभग), 5 डायरियां और डिजिटल साक्ष्य के रूप में अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद की है। सीबीआई ने मंगलवार 02 जुलाई को यह जानकारी दी। इससे दो दिन पहले सीबीआई ने पासपोर्ट घोटाले मामले में मलाड, लोअर परेल स्थित पासपोर्ट सेवा केंद्र के 14 पासपोर्ट सहायकों, वरिष्ठ पासपोर्ट सहायकों के खिलाफ 12 मामले और डिविजनल पासपोर्ट कार्यालयों (आरपीओ) के तहत काम करने वाले 18 पासपोर्ट एजेंटों के खिलाफ भी केस दर्ज किया था। इसके साथ सीबीआई ने मुंबई के दो पासपोर्ट सेवा केंद्रों में रिश्वतखोरी के मामले में मुंबई और नासिक में 33 स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया था।

## सीएम योगी की मौजूदगी में मौर्य ने किया नामांकन

**एजेंसी**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में मंगलवार को विधान परिषद उपचुनाव के लिए भाजपा प्रत्याशी बहोरन लाल मौर्य ने नामांकन दाखिल किया। आखिरी दिन उन्होंने विधान परिषद में पर्चा दाखिला किया। विधान परिषद चुनाव के लिए सोमवार को भाजपा ने उन्हें प्रत्याशी घोषित किया था। विधान परिषद में इस सीट का कार्यकाल जुलाई 2028 तक होगा। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बहोरन लाल मौर्य चुनाव जीतकर विधान परिषद में पहुंचेंगे और आमजन की समस्याओं को प्रमुखता से रखेंगे। नामांकन दाखिल के दौरान सीएम योगी के अलावा भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, योगी सरकार के मंत्री सुरेश खन्ना, स्वतंत्र देव सिंह, जेपीएस राठौर, कपिल देव अग्रवाल, बलदेव सिंह औलख आदि मौजूद रहे।

# राष्ट्रपति ने विकसित भारत के हमारे संकल्प को स्पष्ट किया है : प्रधानमंत्री

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का जवाब देते हुए कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने विकसित भारत के हमारे संकल्प को स्पष्ट करने के साथ ही कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर बात की है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वह राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का उत्तर देने के लिए यहां उपस्थित हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ने अपने भाषण में विकसित भारत के हमारे संकल्प को विस्तार से बताया है। राष्ट्रपति ने महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए हैं। उन्होंने हमारा और देश का मार्गदर्शन किया है। पिछले दो दिनों में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर सदस्यों के विचारों का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि कल और आज, अनेक सांसदों ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर अपने विचार व्यक्त किए हैं, विशेषकर वे जो पहली बार सांसद के रूप में हमारे बीच आए हैं।



उन्होंने संसद के सभी नियमों का पालन किया और उनका व्यवहार भी एक अनुभवी सांसद जैसा था। पहली बार आने के बावजूद उन्होंने सदन की गरिमा को बढ़ाया है और अपने विचारों से इस बहस को और अधिक मूल्यवान बनाया है।

पहली बार चुनकर आये सांसदों ने सभी नियमों का पालन करते हुए अपने विचार व्यक्त किये। ऐसा करके उन्होंने सदन की गरिमा को बढ़ाया है। प्रधानमंत्री ने विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए कहा कि दुनिया के सबसे बड़े चुनाव अभियान में जनता ने हमें चुना है। मैं कुछ लोगों का दर्द समझ सकता हूं। लगातार झूठ फैलाने के बावजूद उन्हें भारी हार का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा कि 25 करोड़ से अधिक लोगों को गरीबी से बाहर निकालने के हमारे बड़े अभियान ने हमें चुनावों के दौरान आशीर्वाद दिलाया है। इस दौरान विपक्ष नारेबाजी करता रहा। इस पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने प्रधानमंत्री मोदी के भाषण के दौरान विरोध करने के लिए विपक्ष के नेता राहुल गांधी को ऐसा नहीं करने की बात कहते हुए उनकी आलोचना की।

# भारत-थाईलैंड का संयुक्त सैन्य अभ्यास 'मैत्री' शुरू, भारतीय टुकड़ी में 76 कर्मी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारत और थाईलैंड की सेनाओं के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास 'मैत्री' थाईलैंड के टाक प्रांत के फोर्ट वाचिराप्रकन में शुरू हो गया है, जो 15 जुलाई तक चलेगा। अभ्यास के 13वें संस्करण में भाग लेने के लिए भारतीय सेना की टुकड़ी सोमवार को थाईलैंड रवाना हुई थी। इसी अभ्यास का पिछला संस्करण सितंबर, 2019 में मेघालय के उमरोई में हुआ था।

इस सैन्य अभ्यास में भाग लेने गई भारतीय सेना की टुकड़ी में 76 कर्मी हैं। इनमें मुख्य रूप से लद्दाख स्काउट्स की एक बटालियन के साथ-साथ अन्य शाखाओं और सेवाओं के कर्मी भाग ले रहे हैं। रॉयल थाईलैंड आर्मी की टुकड़ी में भी 76 कर्मी शामिल हैं, जिनमें मुख्य रूप से 4 डिवीजन की 14 इन्फेंट्री रेजिमेंट की पहली बटालियन से हैं। मैत्री अभ्यास का उद्देश्य भारत और थाईलैंड के बीच सैन्य सहयोग को प्रोत्साहन देना है। यह अभ्यास संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अध्याय VII



के अन्तर्गत जंगल और शहरी वातावरण में संयुक्त उग्रवाद और आतंकवाद से निपटने के लिए अभियानों को अंजाम देने में संयुक्त क्षमताओं को बढ़ाएगा। यह अभ्यास उच्च स्तर की शारीरिक फिटनेस, संयुक्त योजना और संयुक्त सामरिक अभ्यास पर केंद्रित होगा।

इस दौरान किए जाने वाले सामरिक अभ्यासों में संयुक्त ऑपरेशन केंद्र का निर्माण, खुफिया और निगरानी केंद्र की स्थापना, ड्रोन और काउंटर ड्रोन सिस्टम का उपयोग, लैंडिंग साइट की सुरक्षा, छोटी टीम का प्रवेश और निकासी, विशेष हेलीबोर्न ऑपरेशन, कॉर्डन और तलाशी अभियान, रूम इंटरवेंशन ड्रिल और अवैध संरचनाओं को नष्ट करना शामिल होगा। मैत्री अभ्यास से दोनों पक्षों को संयुक्त अभियानों के संचालन के लिए रणनीति, तकनीक और प्रक्रियाओं में अपने सर्वोत्तम अभ्यासों को साझा करने का अवसर मिलेगा। यह अभ्यास दोनों देशों के सैनिकों के बीच अंतर-संचालन और आपसी सौहार्द विकसित करने में सहायक होगा।

# हाथरस में मृतकों की संख्या 90 के पार : शवों का अंबार देखकर दहल गया दिल

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** यूपी के हाथरस जिले में सत्संग में मची भगदड़ में मृतकों की संख्या 90 पार हो गई है। अलीगढ़ और एटा के स्वास्थ्य केंद्रों पर शवों का अंबार लगा हुआ है। इस मंजर की फोटो और वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। जिसे देखकर लोगों का दिल दहल रहा है। वहीं इस घटना के बाद पुलिस और प्रशासन भी सहम गया है। यह है पूरा मामला

हाथरस जिले में सिकंदराराऊ से एटा मार्ग पर स्थित फुल्लेराय गांव में मंगलवार को सत्संग आए थे। लोग भोले बाबा का सत्संग सुनने के बाद वहां से निकल रहे थे। बाहर निकलने की जल्दबाजी में ही भगदड़ मच गई। जिसके बाद वहां चीख-पुकार मच गई। भगदड़ शांत होने के बाद वहां का मंजर देखकर लोगों के सूचना पर पुलिस और प्रशासन की टीम भी वहां पहुंचे गई औरा सभी



होश उड़ गए। 90 से ज्यादा महिला,पुरुष और बच्चे के शव वहां पड़े दिखे। आनन-फानन में को अलीगढ़ और एटा के स्वास्थ्य केंद्रों पर भेजा गया। जहां घायलों का इलाज जारी है। जबकि मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम हाउस भेजा गया है।

**पांच जिलों में होगा पोस्टमार्टम**

बताया जा रहा है कि मृतकों का पोस्टमार्टम हाथरस, एटा, अलीगढ़ समेत पांच जिलों में होगा। हाथरस के आसपास के सभी जिलों को अलर्ट कर दिया गया। वहीं सत्संग करने वाले भोले बाबा समेत उनका पूरा स्टाफ वहां से निकल गया। अभी तक भोले बाबा की तरफ से किसी भी तरह की शिकायत नहीं आई है।

**मुख्यमंत्री का आया बयान**

वहीं, हाथरस में हुए हादसे पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संज्ञान लिया है। मुख्यमंत्री ने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

## पंजाब सरकार ने नवनिर्वाचित सांसद अमृतपाल को शपथ दिलवाने के लिए लोकसभा स्पीकर को भेजा पत्र

**चंडीगढ़।** पंजाब सरकार ने खडूर साहिब से सांसद बने कट्टरपंथी अमृतपाल को शपथ दिलवाने के लिए लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को पत्र भेजा है। अमृतपाल के परिवार की ओर से डीसी अमृतसर को पैरोल के लिए आवेदन भेजा गया था, जिस पर पंजाब सरकार की ओर से यह कार्रवाई की गई है। अमृतपाल सिंह के वकील और पूर्व सांसद राजदेव सिंह खालसा ने बताया कि अमृतपाल सिंह के खिलाफ अमृतसर में एनएसए के तहत मामला दर्ज है। इसलिए पैरोल के लिए अमृतसर डीसी को आवेदन दिया गया था। इसके बाद यह



आवेदन पंजाब गृह विभाग को भेजा गया, जिन्होंने इस पर कार्रवाई करते हुए आवेदन को लोकसभा स्पीकर को भेज दिया। इसके बाद अमृतपाल सिंह के परिवार ने लोकसभा स्पीकर से मिलने का समय मांगा है। खालसा ने कहा कि एक निर्वाचित सदस्य के पास शपथ लेने के लिए 60 दिन का समय होता है। लोकसभा अध्यक्ष ने अभी तक आवेदन पर कोई कार्रवाई नहीं की है। लोकसभा से अमृतपाल सिंह का संसद के तौर पर नाम व समय मिलने के आदेश के बाद उसे तय समय के लिए एक दिन की पैरोल दी जाएगी।

# झारखंड में पीजीटी का स्थगित होना राज्य के लाखों युवाओं की जीत : हिमंत बिस्वा सरमा

**एजेंसी**

**रांची।** राज्य सरकार के द्वारा स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक प्रतियोगिता परीक्षा पास अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र देने के कार्यक्रम को स्थगित किये जाने के बाद भाजपा के झारखंड विधानसभा चुनाव सह प्रभारी एवं असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि झारखंड में पीजीटी का स्थगित होना राज्य के लाखों युवाओं की जीत है। अंततः सरकार को युवाओं की मांग को स्वीकार करते हुए इसे स्थगित करना पड़ा। उन्होंने मंगलवार को एक्स पर कहा कि नियुक्तियां फ्री और फेयर की जाएं। साथ ही मामले की जांच सीबीआई करे।

नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने एक्स पर कहा कि सिर्फ स्थगन नहीं, सीबीआई जांच व कड़ी कार्रवाई जरूरी है। युवाओं के भविष्य से झामुमो-कांग्रेस-राजद सरकार को खेलने नहीं दिया जायेगा। राज्य के लाखों युवाओं के हक व अधिकार की लड़ाई जारी रहेगी। बात सिर्फ पीजीटी परीक्षा तक सीमित नहीं है। राज्य में बड़ी साजिश के तहत नियुक्ति घोटाला झामुमो-कांग्रेस-राजद सरकार के संरक्षण में अंजाम दिया गया है। राज्य सरकार इस नियुक्ति घोटाले की जांच सीबीआई को सौंपे और सेटिंग करने और करवाने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करे।

बाउरी ने कहा कि स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक प्रतियोगिता परीक्षा का नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम स्थगित होना झारखंड के लाखों छात्रों की जीत है। इस मामले की जांच राज्य सरकार को सीबीआई से करवानी ही होगी। छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ और किसी भी तरह की नियुक्ति में घोटाला भारतीय जनता पार्टी बर्दाश्त नहीं करेगी। यदि राज्य सरकार ने इस मामले की जांच सीबीआई से नहीं करवाई तो आने वाले समय में राज्य के छात्रों के साथ भारतीय जनता पार्टी सड़क से सदन तक की लड़ाई चरणबद्ध तरीके से लड़ेगी।

उल्लेखनीय है कि झारखंड सरकार ने स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक प्रतियोगिता परीक्षा पास अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र देने के कार्यक्रम तीन जुलाई को निर्धारित किया था। इसमें 1500 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिया जाना था लेकिन इस परीक्षा में हुई गड़बड़ी को लेकर एक तरफ छात्र धरना पर बैठे हैं तो दूसरी तरफ भाजपा ने इस मामले की जांच सीबीआई से करवाने की मांग की थी। इसके बाद मुख्यमंत्री सचिवालय के निर्देश के बाद शिक्षा विभाग ने इस कार्यक्रम को स्थगित कर दिया है।

## एमके स्टालिन ने विदेश मंत्री जयशंकर को लिखा पत्र, मछुआरों के लिए स्थायी समाधान खोजने का किया अनुरोध

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर को पत्र लिखकर तमिलनाडु के मछुआरों के पारंपरिक अधिकारों को बनाए रखने के लिए स्थायी समाधान खोजने का अनुरोध किया है। मंगलवार को भेजे अपने पत्र में मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने कहा कि पिछले कुछ हफ्तों में श्रीलंकाई अधिकारियों द्वारा तमिलनाडु के मछुआरों को पकड़ने की घटनाओं में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। एक जुलाई को श्रीलंकाई अधिकारियों ने तमिलनाडु के 25 मछुआरे पकड़ लिए। उससे पहले भी कई मछुआरों को बंदी बनाया गया है।

स्टालिन ने लिखा कि विदेश मंत्री डा. जयशंकर ने 27 जून को अपने जवाब में कच्चाथीवू समझौते का जिक्र किया था। इस संबंध में डीएमके के रुख को स्पष्ट करते हुए स्टालिन ने कहा कि द्रमुक के नेतृत्व वाली राज्य सरकार ने कच्चाथीवू समझौते का पुरजोर विरोध किया था। डीएमके द्वारा इसका विरोध तमिलनाडु विधान सभा और संसद में



स्पष्ट रूप से किया गया। इस समझौते से पहले तत्कालीन केंद्र सरकार द्वारा राज्य सरकार से उचित परामर्श नहीं किया गया, यह सर्वविदित है। जिसने भारतीय मछुआरों के अधिकारों और हितों को खतरे में डालते हुए और उन्हें वंचित करते हुए द्वीप को पूरी तरह से श्रीलंका को सौंप दिया।

स्टालिन ने पत्र में लिखा कि चुनाव में राजनीति करने के लिए इस मुद्दे को सामने लाया जाता है, लेकिन मछुआरों के हितों को कोई नहीं देखता। स्टालिन ने विदेश मंत्री से मछुआरों के पारंपरिक अधिकारों को बनाए रखने के लिए स्थायी समाधान खोजने का अनुरोध किया है।

# हैदराबाद में वायु सेना प्रमुख ने हथियार प्रणाली स्कूल का उद्घाटन किया

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** हैदराबाद के एयर फोर्स स्टेशन बेगमपेट में वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने हथियार प्रणाली स्कूल (डब्ल्यूएसएस) का उद्घाटन किया। इसी के साथ भारतीय वायु सेना के इतिहास में एक नया अध्याय शुरू हुआ है। वायु सेना को भविष्य में आधुनिक बल के रूप में बदलने के उद्देश्य से यह नया प्रशिक्षण संस्थान सशस्त्र बलों के लिए भी बड़ी छलांग साबित होगा। वायु सेना प्रमुख ने 08 अक्टूबर, 2022 को वायु सेना दिवस परेड समारोह के दौरान इसके निर्माण की घोषणा की थी।

वायु सेना के मुताबिक यह हथियार प्रणाली स्कूल भारतीय वायुसेना की आवश्यकताओं के अनुरूप नवगठित शाखा के अधिकारियों को तैयार करेगा। डब्ल्यूएस शाखा के फ्लाइट कैडेट इस संस्थान में अपने दूसरे सेमेस्टर का प्रशिक्षण लेंगे। नई शाखा में चार स्ट्रीम होंगी, जिनमें सुखोई-30 एमकेआई और सी-130जे जैसे



हवाई प्लेटफार्मों में हथियारों और प्रणालियों को संचालित करने के लिए फ्लाइंग स्ट्रीम, रिमोटली पायलटेड एयरक्राफ्ट को संचालित करने के लिए रिमोट स्ट्रीम होगी। इसके अलावा सतह से हवा और सतह से सतह पर हथियार प्रणालियों के लिए मिशन कमांडर और ऑपरेटर और अंतरिक्ष-आधारित खुफिया और इमेजरी को संभालने के लिए अलग इंटेलिजेंस स्ट्रीम होगी। इस मौके पर बातचीत के दौरान वायु सेना प्रमुख ने इस बात पर प्रकाश डाला कि वायु सेना की इस नई शाखा के साथ जमीन आधारित और विशेषज्ञ हथियार प्रणालियों के संचालक एक छतरी के नीचे आ जाएंगे, जिससे भारतीय वायु सेना की युद्ध लड़ने की क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। उन्होंने प्रशिक्षकों को प्रोत्साहित किया कि वे इस नवगठित शाखा के अग्रणी हैं, इसलिए उनकी परिकल्पित प्रशिक्षण व्यवस्था की पूरी इमारत मजबूती से खड़ी होगी और निर्णायक वायु शक्ति प्रदान करेगी। स्कूल के संस्थापक सदस्यों की प्रशंसा करते हुए वायु सेना प्रमुख ने सभी कर्मियों से देश में हथियार प्रणालियों के प्रशिक्षण के लिए स्कूल को एक नोडल केंद्र के रूप में स्थापित करने का आग्रह किया। वायु सेना प्रमुख का स्वागत वेपन सिस्टम स्कूल के कमांडेंट एयर वाइस मार्शल प्रेमकुमार कृष्णस्वामी ने किया। उद्घाटन समारोह में एयर मार्शल नागेश कपूर, एयर ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ, प्रशिक्षण कमान और भारतीय वायुसेना के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे, जिनमें एयर फोर्स अकादमी के कमांडेंट, कॉलेज ऑफ एयर वारफेयर के कमांडेंट, एयर फोर्स स्टेशन हकीमपेट के एयर ऑफिसर कमांडिंग और एयरफोर्स स्टेशन बेगमपेट के स्टेशन कमांडर शामिल थे।

# संवाद, अच्छा व्यवहार और शुचिता से हर समस्या का होगा समाधानः सीएम

**एजेंसी**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने मंगलवार को अपने सरकारी आवास पर भारतीय प्रशासनिक सेवा में चयनित प्रशिक्षु अफसरों (2023 बैच) से मुलाकात की। सीएम ने सभी को शुभकामनाएं दीं, फिर अफसरों का मार्गदर्शन किया। सीएम ने कहा कि संवाद, अच्छा व्यवहार और अपने कार्यों में शुचिता बनाए रखें, इससे हर समस्याओं का समाधान होगा। सीएम ने प्रशिक्षण के दौरान फील्ड में किए गए कार्यों के बारे में भी अफसरों से जानकारी ली। सीएम ने शुभकामनाएं देते हुए बोले कि बेहतरीन पारी खेलिए और कुछ नयापन दीजिए।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि लोकतंत्र में संवाद सबसे बड़ी ताकत है। फील्ड में जब भी जाएं तो आमजन से संवाद स्थापित करें। संवाद शून्य होने से लोगों में असंतोष होता है। उनसे अच्छा व्यवहार करें और कार्यों में शुचिता बरकरार रखें। इससे आपकी छवि अलग और अतुलनीय बनेगी। आम आदमी की किसी भी समस्या को जनप्रतिनिधियों से भी संवाद स्थापित करें। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि टालने की आदत छोड़ें। पीड़ित की



छोटी न समझें, क्योंकि पीड़ित के लिए वह समस्या काफी मायने रखती है। समस्या का समाधान हो जाता है तो वह अधिकारी आमजन का विश्वास हासिल कर लेता है। जमीनी धरातल पर जुड़े लोगों से कभी कटें नहीं। किसी भी समस्या को बड़ी न बनने दें, बल्कि संवाद के जरिए उसका तत्काल रास्ता निकालें। प्रशिक्षु अधिकारी सुनवाई करें। टालने की आदत से असंतोष पैदा होता है। यह आदत ठीक नहीं होती। समय पर निर्णय लेने की आदत डालें। आईजीआरएस-सीएम हेल्पलाइन की शिकायत सीधे हमारे पास इसलिए आती, क्योंकि सुनवाई स्थानीय स्तर पर ठीक से नहीं होती। इसलिए पीड़ित की सुनवाई करें और मेरिट के आधार पर समयसीमा के भीतर समस्याओं का निस्तारण भी करें। सीएम ने यह भी कहा कि प्रतिदिन एक घंटा जनता की सुनें। जनप्रतिनिधियों व स्थानीय संगठनों की समस्याएं भी सुनें। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रशिक्षु अफसरों से कहा कि सीखने और पढ़ने की आदत निरंतर रखें। शासन से कोई जीओ गया है तो उसे स्वयं पढ़ें, न कि किसी अन्य पर निर्भर रहें। आपकी दृष्टि औरों से अलग होगी। इसे पढ़कर रिजल्ट में बदलें। प्रशासनिक अधिकारी के रूप में अच्छा मॉडल दें। इससे आपके अधीनस्थ भी कार्यों में रूचि लेंगे। गांवों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य करें। मॉडल विलेज बनाने की तरफ सोचें। इसके लिए ग्रामीणों से संवाद करें, श्रमदान के जरिए भी कई कार्य प्राथमिकता से हो सकते हैं। सीएम ने कहा कि अफसर के रूप में नगर निकायों, तहसीलों, थाने और ब्लॉक को स्वावलंबी बनाएं। सीएम ने अफसरों को सीख दी कि गलत तत्वों से हर हाल में दूरी बनाएं।

# अवैध संबंध के चलते सरेआम पिटाई के बाद बंगाल में महिला ने की आत्महत्या

**एजेंसी**

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में चोपड़ा और कूचबिहार मामलों के बाद मंगलवार को एक और भयानक मामला सामने आया। अवैध संबंध के चलते सरेआम पिटाई के बाद जलपाईगुड़ी में एक महिला ने आत्महत्या कर ली।

महिला के पति ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें उसने बताया कि स्थानीय महिलाओं के एक समूह ने उसके साथ दुर्व्यवहार किया और उस पर अवैध संबंध रखने का आरोप लगाया। यह घटना जलपाईगुड़ी जिले के फुलबारी इलाके की है।

जानकारी के अनुसार, पीड़िता पिछले हफ्ते लापता हो गई थी। स्थानीय महिलाओं के एक समूह ने उसके चरित्र पर संदेह जताते हुए आरोप लगाया कि वह एक स्थानीय युवक के साथ एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर के कारण घर छोड़कर चली गई थी। पीड़िता के पति ने अपनी शिकायत में कहा कि सोमवार को जब वह घर लौटी तो स्थानीय महिलाओं के एक समूह ने पहले




उसके साथ दुर्व्यवहार किया और उसकी बुरी तरह पिटाई की। शिकायत के अनुसार, जब पीड़िता के पति ने बीच-बचाव करने का प्रयास किया तो महिलाओं के समूह ने उसे भी पीटा। महिला के पति ने अपनी शिकायत में दावा किया कि सोमवार रात महिला ने कीटनाशक पीकर आत्महत्या कर ली।सिलीगुड़ी पुलिस आयुक्तालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि जांच शुरू हो गई है। पूछताछ के लिए चार लोगों को हिरासत में लिया गया है।

स्थानीय तृणमूल कांग्रेस के नेता इस घटना के बारे में कुछ भी कहने से कतरा रहे हैं। हालांकि, पार्टी के अंदरूनी सूत्रों ने नाम न बताने की शर्त पर स्वीकार किया कि यह घटना शर्मनाक है। चोपड़ा मामले में आरोपी को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। फिलहाल वह पुलिस की हिरासत में है। विपक्षी नेताओं ने इस मामले में तृणमूल कांग्रेस और राज्य सरकार पर तीखे हमले किए हैं। राज्यपाल सीवी आनंदा बोस मंगलवार को पड़िता और स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों से मिलने चोपड़ा जा रहे हैं।



ऑफिस में कई बार हम कुछ ऐसा पहनकर चले जाते हैं जिससे हम उपहास या गॉसिपिंग का पात्र बन जाते हैं। शालीनता के साथ अगर आप ऑफिस में अपने आपको कैरी करती हैं तो आपको कपड़ों को लेकर कभी शर्मिंदगी उठानी पड़ेगी। आपके ड्रेसिंग सेंस की सब तारीफ करेंगे



# ऑफिस में क्या पहनें... जरा ध्यान दें

हर चीज चाहे वो कपड़े ही क्यों न हों, समय और जगह के माकूल होने चाहिए, नहीं तो वो बुरे लगने लगते हैं। यह बात यूं तो हर जगह लागू होती है, पर अगर आप वर्किंग वुमन या गर्ल हैं तो फिर इस बात पर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। ऑफिस में कई बार हम कुछ ऐसा पहनकर चले जाते हैं जिससे हम उपहास या गॉसिपिंग का पात्र बन जाते हैं। शालीनता के साथ अगर आप ऑफिस में अपने आपको कैरी करती हैं तो आपको कपड़ों को लेकर कभी शर्मिंदगी उठानी पड़ेगी। आपके ड्रेसिंग सेंस की सब तारीफ करेंगे, सो अलग।

## ट्राउजर, जीन्स में फोन पिन न करें

अगर आप इंजीनियर या आर्किटेक्ट जैसे फील्ड वर्क में हैं तो ट्राउजर, जीन्स आदि में फोन पिन करना ठीक भी है, लेकिन ऑफिस में यह स्टाइल सही नहीं है। यह देखने में बिल्कुल चाइल्डिश लगता है। मोबाइल फोन को या तो अपने पर्स में या फिर हाथ में ढंग से कैरी करें।

## स्किन रिवीलिंग ड्रेस को ना

बहुत ज्यादा स्किन रिवीलिंग ड्रेस पहन कर भी ऑफिस में आना अच्छी बात नहीं है। ऑफिस में इस तरह की ड्रेस न केवल खराब लगती है, बल्कि छवि पर भी इसका खास असर पड़ता है।



## शॉर्ट कपड़े न ही पहनें तो अच्छा है

ऑफिस में कोई भी ड्रेस पहनने के लिए कुछ नियम-कायदे होते हैं। ऐसे में आप उन्हें फॉलो न करके शॉर्ट कपड़े पहन कर अगर ऑफिस आती हैं तो एक तो यह ऑफिस डेकोरम के खिलाफ बात होगी, दूसरे आप बिना मतलब के लोगों के बीच चर्चा का विषय बन जाएंगी। इसलिए शॉर्ट ड्रेसेस न ही पहनें तो ज्यादा सही रहेगा।

## बहुत ज्यादा टाइट और पतला कपड़ा

बहुत-सी महिलाएं यह मानती हैं कि फिटिंग के कपड़े पहनने से एक कॉन्फिडेंस आता है, यह कुछ हद तक सही है। लेकिन अगर आप ऑफिस में फिटिंग के कपड़े की जगह बिल्कुल ही टाइट फिटिंग और बेहद पतले स्टफ के कपड़े पहन कर आती हैं तो हो सकता है कि आप लोगों के सेंटर ऑफ अट्रैक्शन का पार्ट बन जाएं, जो पॉजिटिव वे में तो कम पर, निगेटिव वे में ज्यादा होगा।

## हाई हिल्स पहन कर आना

माना कि हाई हील्स पहनना आपको पसंद है, लेकिन ऑफिस में ये परफेक्ट नहीं। हील्स आवाज बहुत करती हैं, जो ऑफिस में अन्य लोगों को काम करने में बाधा पहुंचा सकती हैं। इसलिए अगर आपको हील पहननी भी हैं तो फ्लैट हील या फिर कम हील की सैंडल्स पहनें या फिर फ्लैट स्टाइलिश स्लीपर पहनें, पर जो भी पहनें, वो आपकी ड्रेस के मुताबिक हो, यह जरूर देख लें।

## ज्यादा चटकीले रंग के कपड़े

ऑफिस में सिम्पल और सोबर रंग के कपड़े पहनना ज्यादा सही रहता है। कुछ महिलाएं होती हैं, जो ऑफिस में बहुत ज्यादा कलरफुल और चटकीले रंग के कपड़े पहन कर आती हैं। उनका यह ड्रेसिंग सेंस न तो ऑफिस के लिहाज से अच्छा होता है और न ही लोग उनके ड्रेसिंग सेंस की तारीफ करते हैं। हां उल्टे, वो मजाक का पात्र जरूर बन जाती हैं।


## नहीं दिखे स्पैगिटी की स्ट्रिप

अंडर समीज या स्पैगिटी की स्ट्रिप अगर बार-बार फिसल कर आपके कुर्ते आदि की बाहों के नीचे आती है तो यह बहुत ही इम्बैरिसिंग मूमेंट हो सकता है आपके लिए। इसलिए ऐसे कपड़े बिल्कुल भी न पहनें, जिनकी वजह से आपको शर्मिंदा होना पड़े पूरे ऑफिस में।

# लिविंग रूम को बनाएं जानदार

कपड़े प्रेस करने वाले आयरन में जंग लग जाती है, जिसे आप नमक के घोल से साफ कर सकती हैं।

लिविंग रूम में कई तरह के फूलों के गुलदस्ते भी रखें। गुलदस्ते के लिए आप कृत्रिम के साथ-साथ प्राकृतिक फूलों का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। लिविंग रूम को सजाने का यह आसान तरीका है। लिविंग रूम में आप अपनी दीवार के लिए सफेद और मटैलिक सिल्वर के कांबीनेशन का इस्तेमाल कर सकती हैं।



## बड़े काम का नमक

अगर कांच के गिलास साफ करने हैं तो उन्हें नमक वाले पानी के घोल में दस मिनट के लिए भिगो कर रखें और फिर उन्हें नींबू और साफ पानी से धो लें। कपडे प्रेस करने वाले आयरन में जंग लग जाती है, जिसे आप नमक के घोल से साफ कर सकती हैं। महीने में एक बार नमक के घोल से चांदी का सामान साफ करें। चांदी के गहनों को नमक वाले घोल में 15 मिनट के लिए भिगो कर बाद में साफ पानी से धो लें।

# ट्रेंडी प्रिंटेड ब्लेजर

मौसम को देखते हुए ब्लेजर और ट्रेंड को देखते हुए प्रिंट। यदि इन दोनों चीजों को साथ मिलाया जाए, तो जो मसाला तैयार होगा, वही लेटेस्ट ट्रेंड होगा। डिजाइनर इसी वजह से प्रिंटेड ब्लेजर ला रहे हैं।

### लार्ज प्रिंट

व्हाइट बैकग्राउंड के साथ यदि ब्ल्यू लार्ज प्रिंट आजमाया जाए, तो यह सभी को पसंद आएगा। बूटेदार प्रिंट इस मामले में सबसे ज्यादा चलन में है। जारा इंडिया पर इसकी कीमत 4790 रूपए है।

### मोनो प्रिंटेड

यदि आपको मल्टीकलर प्रिंट पसंद नहीं, तो वर्कप्लेस पर इसे आजमाएं। ये कई डिजाइन्स में अवेलेबल हैं। कूव्ज ऑनलाइन स्टोर पर इसकी प्राइस 945 रूपए है।



### वूलन चैक्ड

इसे किसी भी तरह की रेगुलर ड्रेस के साथ आजमाया जा सकता है। बीकाइंड ब्रांड के इस ब्लेजर की प्राइस 1799 रूपए से शुरू है।

### लेपर्ड डिटेलिंग

आप यदि इसे किसी पार्टी में पहन रही हैं, तो लेपर्ड डिटेलिंग को आजमा सकती हैं। साड़ी पर भी ये अच्छे लगते हैं। विवेशियस इन वॉग ब्रांड ब्लेजर की प्राइस 2200 रूपए है।

### पिंक फ्लॉरल

यदि आप फ्लॉरल प्रिंट ही आजमाना चाहती हैं, तो पिंक फ्लॉरल को आजमाइए। कूव्ज ऑनलाइन स्टोर पर प्राइस 1185 रूपए है।

### कैजुअल प्रिंटेड

सिम्पल और सॉबर ब्लेजर के लिहाज से कैजुअल प्रिंटेड ब्लेजर बेस्ट ऑप्शन है। इन्हें किसी भी मौके पर कैरी किया जा सकता है। स्टाइलटॉस पर प्राइस 1399 रूपए से शुरू है

### ब्राइट होलोग्राफ

यदि आप कॉलर लैस ब्लेजर पसंद करती हैं, तो यह ब्राइट ब्लेजर आपको पसंद आएगा। ग्लेम एंड लक्स ब्रांड के ब्लेजर की कीमत 1999 रूपए है।

# बढ़ती है आपकी उम्र

**माना आजकल बहुत ज्यादा प्रदूषण हो गया है और चेहरे को हमेशा साफ रखना चाहिए, पर इसका मतलब यह बिल्कुल भी नहीं है कि आप हर घंटे ही अपना चेहरा धोते रहें। दिन में चेहरे को दो बार धोना चेहरे को साफ रखने के लिए पर्याप्त है।**

चेहरे की त्वचा पर एक झुर्री या फाइन लाइन क्या दिखी, महिलाएं परेशान हो जाती हैं, क्योंकि हर कोई हमेशा जवां बना जो रहना चाहता है। लेकिन क्या आपको पता है कि हम रोजाना ऐसी बहुत-सी हरकतें या आदतें दोहराते हैं जिस वजह से हम बहुत हद तक खुद ही बुढ़ापे को न्योता देते हैं। आइए जानते हैं ऐसी ही छोटी पर महत्वपूर्ण आदतों के बारे में, जो आप और हममें होती हैं, जिसका खामियाजा हमारी त्वचा को उठाना पड़ता है।



### वजन कम करने की चाहत

आजकल तो वजन कम करने का एक ट्रेंड ही चल पड़ा है। कई बार तो कुछ महिलाएं अपना वजन इतना ज्यादा कम कर लेती हैं कि बाद में उन्हें शरीर को सही रखने के लिए वजन बढ़ाना पड़ता है। ऐसा करने से त्वचा अपनी कसावट खो देती है। जिस वजह से त्वचा लटकती नजर आती है और उसका कसाव कम हो जाता है।

### बहुत ज्यादा मुंह धोना

माना आजकल बहुत ज्यादा प्रदूषण हो गया है और चेहरे को हमेशा साफ रखना चाहिए, पर इसका मतलब यह बिल्कुल भी नहीं है कि आप हर घंटे ही अपना चेहरा धोते रहें। दिन में चेहरे को दो बार धोना चेहरे को साफ रखने के लिए पर्याप्त है। एक बात का ध्यान रखें कि बार-बार चेहरे को धोने से चेहरे की त्वचा में मौजूद प्राकृतिक तेल खत्म हो जाता है और त्वचा अपने आप रूखी हो जाती है। जिससे रिंकल्स पड़ने की आशंका रहती है

### स्ट्रॉ से पेय पदार्थ पीना

आप इसे फैशन मानें या फिर कुछ और, पर अधिकतर महिलाएं सॉफ्ट ड्रिंक्स आदि को पीने के लिए स्ट्रॉ का उपयोग ही करती हैं, पर स्ट्रॉ का उपयोग करते वक्त उन्हें यह बिल्कुल ख्याल नहीं रहता है कि ऐसा करने से होंठों के चारों ओर की त्वचा सिकुड़ जाती है और इससे होंठों के आसपास की त्वचा में झुर्रियों की आशंका होती है।

### कॉन्टेक्ट लेंस पहनना

कॉन्टेक्ट लेंसेस का कॉन्सेप्ट उन लोगों के लिए आया था, जिनकी आंखों में बहुत ज्यादा पावर वाला चश्मा होता था, लेकिन आज मामला थोड़ा उल्टा है। आजकल बाजार में हर रंग के कॉन्टेक्ट लेंसेस मिलते हैं, जिन्हें अक्सर लड़कियां फैशन स्टेटमेंट के चलते कैरी करती हैं। हमेशा कॉन्टेक्ट लेंसेस का इस्तेमाल करने से आंखों को चोट भी पहुंच सकती है और आंखों के आसपास की त्वचा चूंकि नाजुक होती है तो झुर्रियां पड़ने की आशंका भी होती है।

### आंखें चेक कराएं

यूं तो कायदे से साल में एक से दो बार आंखों का चेकअप कराना बहुत ही जरूरी है, पर अधिकतर महिलाएं ऐसा बिल्कुल नहीं करतीं। ऐसे में आंखों में भैंगापन की समस्या हो सकती है और इस कारण आपकी खूबसूरती भी जाती रहेगी और दोनों भौंहों के बीच झुर्रियों की समस्या भी हो सकती है, इसलिए समय पर नियमित रूप से चेकअप कराना बहुत फायदेमंद रहता है

### ज्यादा ड्राइविंग से बचें

आपमें से अधिकतर महिलाएं ये सोचती होंगी कि कार में ड्राइविंग करते वक्त वो सूरज की अल्ट्रा वायलेट किरणों से बची रहती हैं।



## जिम्बाब्वे दौरे के लिए साई सुदर्शन, जितेश शर्मा, हर्षित राणा भारतीय टीम में शामिल

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने जिम्बाब्वे के खिलाफ पहले दो टी 20 मैचों के लिए संजू सैमसन, शिवम दूबे और यशस्वी जायसवाल के स्थान पर सलामी बल्लेबाज साई सुदर्शन, विकेटकीपर-बल्लेबाज जितेश शर्मा और तेज गेंदबाज हर्षित राणा को भारतीय टीम में शामिल किया है। पांच मैचों की सीरीज का पहला मैच 6 जुलाई को हरारे स्पोर्ट्स क्लब में खेला जाएगा। आखिरी टी20 मैच 14 जुलाई को उसी मैदान पर खेला जाएगा, जहां सभी पांच मैच खेले जाएंगे।

आईसीसी टी-20 विश्व कप 2024 की विजेता टीम के सैमसन, दुबे और यशस्वी फिलहाल तूफान बेरिल के कारण बारबाडोस में फंसे हुए हैं। बीसीसीआई ने मंगलवार को एक बयान में कहा, पुरुष चयन समिति ने जिम्बाब्वे के खिलाफ पहले दो टी-20 मैचों के लिए संजू सैमसन, शिवम दुबे और यशस्वी जायसवाल की जगह साई सुदर्शन, जितेश शर्मा और हर्षित राणा को शामिल किया है। संजू, शिवम और यशस्वी आईसीसी टी-20 विश्व कप विजेता भारतीय टीम के बाकी सदस्यों के साथ पहले भारत आएंगे और फिर उसके बाद हरारे के लिए रवाना होंगे।

जिम्बाब्वे के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीमः शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, रुतुराज गायकवाड़, अभिषेक शर्मा, रिंकू सिंह, संजू सैमसन (विकेट कीपर), ध्रुव जुरेल (विकेट कीपर), नितीश रेड्डी, रियान पराग, वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, आवेश खान, खलील अहमद, मुकेश कुमार और तुषार देशपांडे।

जिम्बाब्वे के खिलाफ पहले और दूसरे टी20 मैच के लिए भारतीय टीम- शुभमन गिल (कप्तान), रुतुराज गायकवाड़, अभिषेक शर्मा, रिंकू सिंह, ध्रुव जुरेल (विकेट कीपर), रियान पराग, वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, आवेश खान, खलील अहमद, मुकेश कुमार, तुषार देशपांडे, साई सुदर्शन, जितेश शर्मा (विकेट कीपर), हर्षित राणा।

## पीटी उषा ने एशियाई खेल कार्यक्रम में योग को शामिल करने के लिए ओसीए को धन्यवाद दिया

**नई दिल्ली।** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष डॉ. पीटी उषा ने आज एशियाई ओलंपिक परिषद (ओसीए) के कार्यकारी बोर्ड (ईबी) को एशियाई खेल कार्यक्रम में शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने वाली प्राचीन भारतीय विद्या योग को शामिल करने के उनके प्रस्ताव पर तुरंत सहमति देने के लिए धन्यवाद दिया है। उन्होंने आईओए द्वारा जारी एक आधिकारिक बयान में कहा कि ओसीए अध्यक्ष राजा रणधीर सिंह ने उन्हें इस निर्णय के बारे में सूचित किया है। उन्होंने कहा, मुझे खुशी है कि ओसीए कार्यकारी बोर्ड ने योग को वह मान्यता देने के भारत के अनुरोध पर सहज रूप से सहमति व्यक्त की है जिसका वह हकदार है। प्रस्ताव अब खेल समिति के माध्यम से पुष्टि के लिए महासभा में जाएगा। आईओए अध्यक्ष ने कहा कि प्रतिस्पर्धी खेल समुदाय के लिए योग को अपनाना एक स्वाभाविक कदम है, खासकर तब जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदृष्टि और पहल के कारण दुनिया ने इसे अपनाया है।

## विंबलडन 2024: जननिक सिनर ने हन्फमैन को हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया

**लंदन।** दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी इटली के जननिक सिनर ने सोमवार रात विंबलडन के पहले दौर में गैरवरीय जर्मन खिलाड़ी यानिक हन्फमैन को 6-3, 6-4, 3-6, 6-3 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया, जहां उनका सामना हमवतन मैटियो बेरेटिनी से होगा। ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन ने अपने शक्तिशाली सर्विस और फोरहैंड का इस्तेमाल हन्फमैन के खिलाफ अच्छे प्रभाव के साथ किया और एक ब्रेक के दम पर पहला सेट आसानी से जीत लिया और अगले सेट में जल्दी ही बढ़त हासिल कर ली। हन्फमैन ने सिनर की सर्विस पर दबाव बनाया, लेकिन वह आगे नहीं बढ़ पाए और 22 वर्षीय शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी दो सेट आगे हो गए।

दुनिया के 110वें नंबर के खिलाड़ी हन्फमैन ने तीसरे सेट में 4-0 की बढ़त हासिल कर ली और अंत में एक शानदार वॉली के साथ तीसरा सेट अपने नाम कर लिया। हालांकि चौथे सेट में सिनर ने बेहतरीन वापसी की और चौथा सेट आसानी से जीतकर मैच 3-1 से अपने नाम कर लिया। दो सप्ताह पहले हाले में खेल की सबसे चिकनी सतह पर अपना पहला खिताब जीतने वाले सिनर को 2021 के उपविजेता बेरेटिनी के खिलाफ एक और मुश्किल परीक्षा का सामना करना पड़ सकता है, जिन्होंने हंगरी के मार्टन फुकसोविक्स को 7-6(3) 6-2 3-6 6-1 से हराया।

## भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टी-20 विश्व कप ट्रॉफी के साथ खिंचवाई फोटो

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने सोमवार को बारबाडोस के एक समुद्र तट पर टी-20 विश्व कप ट्रॉफी के साथ फोटो खिंचवाई। भारतीय टीम ने बारबाडोस के केंसिंग्टन ओवल में दक्षिण अफ्रीका को सात रनों से हराकर टी20 विश्व कप का 2024 का खिताब जीता। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने रोहित की तस्वीरें साझा कीं, जिसमें वह समुद्र तट पर प्रतिष्ठित ट्रॉफी के साथ पोज देते नजर आए। बीसीसीआई ने एक्स पर तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा, एक अरब सपने, एक अरब भावनाएं और एक अरब मुस्कुराहटें! मिशन पूरा हुआ।

## तूफान बेरिल के कारण बारबाडोस में हवाई अड्डा बंद, भारतीय क्रिकेट टीम फंसी



एजेंसी

**ब्रिजटाउन।** टी-20 विश्व कप विजेता भारतीय क्रिकेट टीम श्रेणी 4 के तूफान के आने के बाद कैरेबियाई द्वीप समूह बारबाडोस के ब्रिजटाउन में फंसी हुई है, जिसके कारण लॉकडाउन लगा दिया गया है। उड़ानें रद्द कर दी गई हैं, जिससे टीम के प्रस्थान में देरी हो रही है। तूफान बेरिल के कारण रविवार से बारबाडोस और पड़ोसी द्वीपों में तेज हवाएँ चल रही हैं और बारिश हो रही है। देश में बिजली और पानी की आपूर्ति भी प्रभावित हुई है। फिलहाल, भारतीय टीम बारबाडोस के एक होटल में ठहरे हुई हैं, क्योंकि मुख्य अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा बंद है। टीम के साथ आए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने संवाददाताओं से कहा कि वे बारबाडोस में फंसे हुए हैं और यात्रा की योजना स्पष्ट होने के बाद सम्मान समारोह के बारे में सोचेंगे। ईएसपीएनक्रिकइंफो ने शाह के हवाले से कहा, आपकी तरह हम भी यहां फंसे हुए हैं। यात्रा की योजना स्पष्ट होने के बाद हम सम्मान समारोह के बारे में सोचेंगे।

## विंबलडन 2024 : पुरूष एकल के पहले दौर में हारे सुमित नागल



एजेंसी

**लंदन।** भारत के शीर्ष वरीयता प्राप्त एकल टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल विंबलडन 2024 में पुरुष एकल के पहले दौर में सर्बिया के मिओमिर केकमैनोविच से हार गए। नागल को सोमवार देर रात खेले गए मुकाबले में केकमैनोविच ने 2 घंटे और 48 मिनट तक चले मैच में 2-6, 6-3, 3-6, 4-6 से शिकस्त दी।

पिछले महीने पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाले सुमित नागल ने शानदार खेल दिखाया, पहला सेट 2-6 से हारने के बाद, दूसरे सेट में उन्होंने बेहतरीन वापसी की और दूसरा सेट 6-3 से अपने नाम कर लिया। हालांकि इसके बाद केकमैनोविच ने शानदार की और तीसरा सेट 3-6 से जीतकर 2-1 की बढ़त बना ली। नागल अंतिम सेट में 1-5 से पीछे थे, लेकिन विश्व के 73वें नंबर के खिलाड़ी ने हार नहीं मानी। नागल ने वापसी की, मैच में बने रहने के लिए संघर्ष किया और बराबरी से एक गेम दूर रह गए। हालांकि, केकमैनोविच ने अपना धैर्य बनाए रखा और चार सेटों में जीत हासिल की। नागल का एकल अभियान समाप्त हो चुका है, लेकिन वह विंबलडन में सर्बिया के डुसन लाजोविच के साथ युगल में खेलेंगे। इंडो-सर्बियाई जोड़ी अपने अभियान की शुरुआत पुरुष युगल के पहले दौर में स्पेन के पेड्रो मार्टिनेज और जौम मुनार के खिलाफ करेगी।

## बतौर मुख्य कोच अपने अंतिम भाषण में द्रविड़ ने पूरी भारतीय टीम का आभार जताया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** आईसीसी टी 20 विश्व कप जीतने और भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच के रूप में अपने कार्यकाल के समापन के बाद, महान क्रिकेटर राहुल द्रविड़ ने खिताब जीतने वाली टीम के सामने अपना अंतिम भाषण दिया, और उन्हें उनके समय और योगदान के लिए धन्यवाद दिया।

टी20 विश्व कप खिताब जीतने के बाद, द्रविड़ का भारत के मुख्य कोच के रूप में कार्यकाल समाप्त हो गया है। गौतम गंभीर और डब्ल्यूवी रमन को पुरुष टीम के मुख्य कोच पद का अगला दावेदार माना जा रहा है। नया मुख्य कोच जुलाई के अंत में श्रीलंका दौरे के दौरान कार्यभार संभालेगा। राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) के प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण 6 जुलाई से शुरू होने वाली टी20आई सीरीज़ के लिए नई टीम के साथ जिम्बाब्वे जाएंगे।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के एक वीडियो में, द्रविड़ ने कहा कि उनके पास अपनी भावनाओं को व्यक्त करने के लिए शब्द नहीं हैं और उन्होंने टीम के सभी सदस्यों को उनके समय के लिए धन्यवाद दिया।

द्रविड़ ने कहा, मेरे पास कहने के लिए शब्द नहीं हैं, लेकिन मैं बस इतना कहना चाहता हूँ कि मुझे इस अविश्वसनीय याद का हिस्सा बनाने के लिए आप सभी का धन्यवाद। मुझे लगता है कि आप सभी को ये पल याद होंगे। मुझे लगता है, जैसा कि हम हमेशा कहते हैं, यह रनों के बारे में नहीं है, यह विकेटों के बारे में नहीं है, आप अपने करियर को कभी याद नहीं रखेंगे। लेकिन आप इस तरह के पलों को याद रखेंगे। तो चलिए हम इसका भरपूर आनंद लेते हैं। मुझे आप लोगों पर इससे ज़्यादा गर्व नहीं हो सकता। जिस तरह से आपने वापसी की, जिस तरह से आपने



संघर्ष किया, जिस तरह से हमने एक टीम के रूप में काम किया, जिस तरह से आपने दृढ़ता दिखाई। पिछले कुछ सालों में कुछ निराशाएँ हुई हैं जहाँ हम करीब पहुँच कर भी लक्ष्य को पार नहीं कर पाए हैं। लेकिन इन लड़कों ने जो किया है, आप सभी ने जो किया है, सपोर्ट स्टाफ़ में सभी ने जो किया है, हमने जो कड़ी मेहनत की है, हमने जो बलिदान दिए हैं। आप जानते हैं, मुझे लगता है... पूरे देश को आप सभी पर और आपने जो हासिल किया है, उस पर गर्व है।

द्रविड़ ने कहा कि खिलाड़ियों और उनके परिवारों, चाहे वे उनके माता-पिता हों, पत्नियाँ हों, भाई-बहन हों, ने अपने जीवन में लंबे समय तक बहुत त्याग किए, ताकि वे एक साथ इस पल का आनंद ले सकें।

उन्होंने कप्तान रोहित शर्मा को भी धन्यवाद दिया, जिन्होंने उन्हें 2023 आईसीसी क्रिकेट विश्व कप के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से हारने के बाद टीम न छोड़ने के लिए राजी किया। उन्होंने कहा, मैं बस इतना कहना चाहता हूँ, नवंबर में मुझे कॉल करने और मुझे काम जारी रखने के लिए कहने के लिए रोहित आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। मुझे लगता है कि आप सभी के साथ काम करना मेरे लिए बहुत सम्मान और खुशी की बात रही है, लेकिन रोहित को भी, समय देने के लिए धन्यवाद। मैं जानता हूँ कि एक कप्तान और एक कोच के रूप में, हमें कई बार बात करनी होती है, हमें चर्चा करनी होती है, हमें सहमत होना होता है। हमें कई बार असहमत होना पड़ता है, लेकिन आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

द्रविड़ ने अपने कार्यकाल को सुचारू बनाने के लिए बीसीसीआई को पर्दे के पीछे से किए गए काम के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, हम में से हर कोई एक सिस्टम से होकर आता है। हम में से हर कोई एक संगठन से होकर आता है जो हमें आगे बढ़ने और खेलने का अवसर देता है। आपने हमारे लिए बहुत अच्छा काम किया, इसलिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

## ताइक्कांडो कलर बेल्ट परीक्षा में 60 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया

**मुरादाबाद।** हिंदू माडल इंटर कॉलेज में ताइक्कांडो कलर बेल्ट परीक्षा का आयोजन हुआ। जिसमें जिले के खान ताइक्कांडो एकेडमी,



हिंदू माडल ताइक्कांडो एकेडमी, शिशु वाटिका ताइक्कांडो अकादमी, संकल्प ताइक्कांडो एकेडमी, मुस्तफा ताइक्कांडो एकेडमी, मुस्कान ताइक्कांडो एकेडमी आदि से लगभाग 60 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान परीक्षक के रूप में, मुस्तफा, मोहसिन, नोमान, अमन, वासित, मुस्कान वा मुख्य परीक्षक के रूम में मुरादाबाद के हेड कोच तकी ईमाम रहे, इस परीक्षा में खिलाड़ियों ने येलो बेल्ट से लेकर रेड वन बेल्ट तक भाग लिया।

## यूरो 2024 : पुर्तगाल ने स्लोवेनिया को पेनल्टी शूटआउट में हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई



एजेंसी

**बर्लिन।** पुर्तगाल ने फ्रैंकफर्ट के ड्यूश-बैंक-पार्क में यूरो 2024 के अंतिम 16 मैच में स्लोवेनिया को पेनल्टी शूटआउट मे 3-0 से हराकर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। पुर्तगाल की इस जीत के हीरो गोलकीपर डिओगो कोस्टा रहे, जिन्होंने शूटआउट में तीन पेनल्टी बचाए। पुर्तगाल ने मैच की शुरुआत से ही गेंद पर कब्ज़ा जमाया और शुरुआती चरणों में स्लोवेनिया को पीछे धकेल दिया। हालांकि, इसके बावजूद पुर्तगाली टीम को अपने दबदबे को गोल में बदलने के लिए संघर्ष करना पड़ा, क्रिस्टियानो रोनाल्डो और ब्रूनो फर्नांडीस दोनों ने नज़दीकी मौकों को गंवा दिया।

स्लोवेनिया ने अपने सभी खिलाड़ियों को गेंद के पीछे रखते हुए दृढ़ता से बचाव किया। रोनाल्डो के पास 30वें मिनट में फ्री-किक से एक मौका था, लेकिन उन्होंने इस मौके को भी गंवा दिया। पहले हाफ के अंतिम चरण में स्लोवेनिया पुर्तगाल को चकमा दे सकता था, लेकिन पेटर स्टोजानोविक ने गोल पर शॉट लेने के बजाय स्क्वायर पास का विकल्प चुना।

पहला हाफ गोलरहित समाप्त हुआ। मैच दोबारा शुरू होने के बाद भी पुर्तगाली टीम अधिक सक्रिय टीम बनी रही, जबकि स्लोवेनिया काफी हद तक निष्क्रिय रही। मैच के 55वें मिनट में स्लोवेनिया के गोलकीपर, जान ओब्लाक ने रोनाल्डो की फ्री किक का शानदार बचाव किया और पुर्तगाल एक बार फिर खाता खोलने से चूक गया। अतिरिक्त समय में, रोनाल्डो के पास गतिरोध को तोड़ने का सुनहरा अवसर था जब डिओगो को बॉक्स के अंदर फाउल किया गया था। हालांकि, वह 105वें मिनट में पेनल्टी स्पॉट से ओब्लाक को हरा नहीं सके। तय समय तक कोई भी गोल नहीं होने से मैच पेनल्टी शूटआउट में चला गया। रोनाल्डो ने शूटआउट में गोल कर पुर्तगाल का खाता खोला। इसके बाद गोलकीपर डिओगो कोस्टा ने फिर अकेले ही पुर्तगाल को आगे बढ़ने में मदद की और जोसिप इलिसिक, जुरे बाल्कोवेक और बेंजामिन वर्बिक की पेनल्टी गोल को बचा लिया।

## जिम्बाब्वे दौरे के लिए रवाना हुई भारतीय क्रिकेट टीम

एजेंसी

**नई दिल्ली।** शुभमन गिल की अगुआई वाली दूसरी पंक्ति की भारतीय टीम 6 जुलाई से जिम्बाब्वे के खिलाफ पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की सीरीज के लिए मंगलवार को अफ्रीकी देश के लिए रवाना हो गई। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर कई भारतीय क्रिकेटरों और कोच वीवीएस लक्ष्मण के जिम्बाब्वे के लिए रवाना होने की तस्वीरें साझा कीं।

जिम्बाब्वे दौरे के लिए भारतीय टीम में चार सलामी बल्लेबाज शामिल हैं, जिनमें यशस्वी जायसवाल, जो टी20 विश्व कप जीतने वाली टीम का हिस्सा थे, शुभमन गिल, रुतुराज गायकवाड़ और अभिषेक शर्मा शामिल हैं। पूरी संभावना है कि गिल और जायसवाल शनिवार को हरारे में होने वाले पहले टी20 मैच में बल्लेबाजी की शुरुआत करेंगे।




रोहित शर्मा, विराट कोहली और रवींद्र जडेजा के संन्यास के बाद, जिम्बाब्वे में होने वाली सीरीज भारत के टी20 भविष्य की झलक पेश करेगी।

टी20 विश्व कप के सभी स्टैंडबाय - गिल, तेज गेंदबाज आवेश खान, खलील अहमद और फिनिशर रिंकू सिंह के साथ-साथ संजू सैमसन और यशस्वी जायसवाल - जिम्बाब्वे दौरे का हिस्सा हैं यह सीरीज पूरी तरह से हरारे में आयोजित की जाएगी।

**जिम्बाब्वे दौरे के लिए भारतीय टीम:**

शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, रुतुराज गायकवाड़, अभिषेक शर्मा, रिंकू सिंह, संजू सैमसन (विकेट कीपर), ध्रुव जुरेल (विकेट कीपर), रियान पराग, वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, आवेश खान, खलील अहमद, मुकेश कुमार, तुषार देशपांडे और शिवम दुबे।

## बीबीएल : कॉलिन मुनरो ने 2026 तक ब्रिस्बेन हीट के साथ दोबारा करार किया

एजेंसी

**ब्रिस्बेन।** बिग बैश लीग (बीबीएल) टीम ब्रिसबेन हीट ने न्यूजीलैंड के पूर्व बल्लेबाज कोलिन मुनरो के साथ दो सत्रों के लिए दोबारा करार किया है। क्लब ने उक्त घोषणा की। न्यूजीलैंड की टी-20 विश्व कप टीम में जगह नहीं बना पाने के बाद इस वर्ष की शुरूआत में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने वाले मुनरो ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में 428 टी-20 मैच खेले हैं और 141.25 के स्ट्राइक रेट से 10,961 रन बनाए हैं, जिसमें पांच शतक और 67 अर्धशतक शामिल हैं। 37 वर्षीय खिलाड़ी हीट के साथ अपने तीसरे सीज़न के लिए तैयार हैं और नए नियमों के तहत साइन किए जाने वाले बीबीएल के चौथे खिलाड़ी हैं, जो प्रत्येक क्लब को विदेशी खिलाड़ी ड्राफ्ट से पहले बहु-वर्षीय सौदे पर एक अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी को साइन करने की अनुमति देता है।



मुनरो, जो पर्थ स्कॉर्चर्स की 2021-22 बीबीएल खिताबी जीत के सदस्य थे, ने पिछले दो सीज़न हीट के साथ खेले हैं और 98 और नाबाद 99 रनों की धमाकेदार पारियों के साथ 502 रन बनाए हैं। दोनों सीज़न में वह यूएई-आधारित आईएलटी20 में डेजर्ट वाइपर्स में शामिल होने के लिए जल्दी चले गए, लेकिन उनका नया हीट करार यह सुनिश्चित करेगा कि मुनरो फाइनल सहित सभी बीबीएल मैचों के लिए उपलब्ध रहें।

इंग्लैंड के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी और पूर्व हीट स्टार सैम बिलिंग्स अगले सीजन में सिडनी थंडर से जुड़ेंगे, जबकि हीट के कल्ट हीरो और पिछले सीजन के फाइनल के हीरो जोश ब्राउन मेलबर्न रेनेगेड्स से जुड़ेंगे। मुनरो ऑस्ट्रेलिया के उस्मान ख्वाजा और मैट रेनशॉ के साथ मिलकर हीट की मजबूत लाइन-अप की अगुआई करेंगे।

हीट के पास अगले सीजन के लिए जोहान बोथा के रूप में एक नया कोच है, जिन्होंने वेड सेकोम्बे की जगह ली है।

## श्रीलंका सीरीज से भारतीय टीम को मिलेगा नया मुख्य कोच, जय शाह ने की पुष्टि

एजेंसी

**ब्रिजटाउन।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने पुष्टि की है कि टीम इंडिया के नए मुख्य कोच आगामी श्रीलंका श्रृंखला से टीम में शामिल होंगे।

भारतीय टीम को तीन मैचों की टी20 और इतने ही मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के लिए श्रीलंका का दौरा करना है, जो 27 जुलाई से शुरू होगा। मुख्य कोच राहुल द्रविड़ का कार्यकाल टी20 विश्व कप 2024 के फाइनल मैच के बाद समाप्त हो गया, जहां भारत ने दक्षिण अफ्रीका को सात रनों से हराकर 17 साल बाद प्रतिष्ठित ट्रॉफी जीती। बारबाडोस में पत्रकारों से बात करते हुए शाह ने कहा कि क्रिकेट सलाहकार समिति (सीएसी) ने पहले ही दो नामों का साक्षात्कार लिया है और उन्हें शॉर्टलिस्ट किया है। उन्होंने कहा कि मुंबई पहुंचने के बाद बीसीसीआई के सदस्य इसकी घोषणा करेंगे।बीसीसीआई सचिव ने पुष्टि की कि पूर्व भारतीय क्रिकेटर वीवीएस लक्ष्मण टीम के अंतरिम कोच के रूप में जिम्बाब्वे जाएंगे।

ईएसपीएनक्रिकइंफो ने शाह के हवाले से कहा, कोच और चयनकर्ता दोनों की नियुक्तियां जल्द ही की जाएंगी।

सीएसी ने साक्षात्कार लिया है और दो नामों को शॉर्टलिस्ट किया है और मुंबई पहुंचने के बाद जो भी उन्होंने फैसला किया है, हम उसके अनुसार चलेंगे। वीवीएस लक्ष्मण जिम्बाब्वे जा रहे हैं, लेकिन श्रीलंका सीरीज से एक नया कोच शामिल होगा। गौतम गंभीर का नाम इस भूमिका के लिए खूब जोड़ा जा रहा है, कई



पूर्व क्रिकेटरों ने 2011 विश्व कप विजेता गंभीर का भारतीय टीम के मुख्य कोच के रूप में सफल होने का समर्थन किया है।

गंभीर, जो 2007 आईसीसी विश्व ट्वेंटी 20 और 2011 आईसीसी क्रिकेट विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम के प्रमुख सदस्य थे, को इंडियन प्रीमियर लीग फ्रैंचाइज़ी के मेंटर के रूप में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के साथ उनकी हालिया सफलता के लिए सराहा गया था। हाल ही में समाप्त हुए सीज़न में बेदाग प्रदर्शन के बाद केकेआर ने अपना तीसरा आईपीएल खिताब जीता।

## भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने एकमात्र टेस्ट में दक्षिण अफ्रीका को दी 10 विकेट से करारी शिकस्त

एजेंसी

**चेन्नई।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने यहां एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेले गए एकमात्र टेस्ट मैच के चौथे दिन दक्षिण अफ्रीका को 10 विकेट से करारी शिकस्त दी।

इस मैच में भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अपनी पहली पारी शैफाली वर्मा को दोहरे शतक (205) और स्मृति मंधाना (149) के बहेतरीन शतकीय पारी की बदौलत 6 विकेट पर 603 रन बनाकर घोषित कर दी थी, जिसके जवाब में दक्षिण अफ्रीका ने अपनी पहली पारी में 266 रन बनाए, इसके बाद भारतीय टीम ने उन्हें फॉलोआन दिया। दूसरी पारी में अफ्रीकी टीम 373 रनों पर सिमट गई और भारत के सामने जीत के लिए 37 रनों का लक्ष्य रखा।

37 रनों के लक्ष्य का पीछा करने भारत की नई सलामी जोड़ी शैफाली वर्मा और शुभा सतीश मैदान में उतरी। दोनों ने बड़ी आसानी से 9.2 ओवर में बिना किसी नुकसान के भारत को 10 विकेट से जीत दिला दी।

शैफाली 24 और शुभा 13 रन बनाकर नाबाद रहीं। स्नेह राणा, जिन्होंने मैच में 10 विकेट लिए, को उनकी शानदार गेंदबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

इससे पहले दक्षिण अफ्रीका ने फॉलोआन खेलते हुए अपनी दूसरी पारी में 373 रन बनाए। दक्षिण अफ्रीका के लिए वोल्वार्ट और सुने लुस ने शानदार शतक लगाते हुए क्रमशः 122 और 109 रन बनाए। इन दोनों के अलावा नादिने डी क्लर्क ने बेहतरीन अर्धशतक लगाते हुए 61 रन बनाए। भारत की तरफ से स्नेह राणा, दीप्ती शर्मा और राजेश्वरी गायकवाड़ ने 2-2 व पूजा वस्त्राकर, शैफाली वर्मा और कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 1-1 विकेट लिया। दक्षिण अफ्रीका ने भारत के पहली पारी के 603 रनों के जवाब में अपनी पहली पारी में 266 रन बनाए, जिसके बाद भारत ने अफ्रीका को फॉलोआन दिया। दक्षिण अफ्रीका के लिए सुने लुस (65) ने मारिजने कप्प (74) ने शानदार अर्धशतकीय पारी खेली। इन दोनों के अलावा नादिन डी क्लर्क और एनेके बॉश ने 39-39 रनों की पारी खेली।

भारत की तरफ से स्नेह राणा ने 8 और दीप्ती शर्मा ने 2 विकेट लिए। इस मैच में भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। भारत को शैफाली वर्मा और मंधाना ने अच्छी शुरुआत दिलाई। शैफाली ने कवर के जरिए चौका लगाकर अपनी लय हासिल कर ली, फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा। दोनों के बीच साझेदारी 292 रनों तक पहुँच गई, जिसमें दोनों बल्लेबाज़ों ने बड़े शतक जड़े।

शैफाली के आक्रामक स्ट्रोक प्ले, जिसमें उनके रिकॉर्ड-तोड़ छक्कों की झड़ी भी शामिल थी, ने दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजो को निराश कर दिया।वनडे में पहले ही दो शतक और 90 रन बना चुकीं मंधाना के पास इस बार दोहरा शतक बनाने का मौका था, लेकिन 149 रन पर उनकी पारी थम गई, जब उन्होंने डेलमी टकर की एक गेंद को स्लिप में मौजूद एनेरी डर्कसेन को कैच थमा दिया। मंधाना ने 161 गेंदों का सामना किया और 27 चौके और 1 छक्का लगाया। आउट होने से पहले मंधाना ने शैफाली के साथ पहले विकेट के लिए 292 रन जोड़े, जो महिला टेस्ट इतिहास की सबसे बड़ी साझेदारी है।

हालांकि इसके बाद बल्लेबाजी करने आईं शुभा सतीश कुछ खास नहीं कर सकीं और 15 रनों की छोटी पारी खेल, नादिन डी क्लार्क का शिकार बनीं। हालांकि, दक्षिण अफ्रीका की राहत ज्यादा देर तक नहीं रही क्योंकि शैफाली ने लगातार दो छक्के और एक रन लेकर शानदार दोहरा शतक पूरा किया। उनके लगातार हमले और जेमिमाह रोड्रिग्स के तेज योगदान ने दक्षिण अफ्रीका की मुश्किलें बढ़ा दीं, हालांकि शैफाली के रन आउट होने से दक्षिण अफ्रीका को राहत मिली। शैफाली ने 197 गेंदों पर 23 चौके और 8 छक्के की बदौलत 205 रन बनाए। कुछ ही देर बाद रोड्रिग्स अपना अर्धशतक पूरा करने के बाद 55 रनों के व्यक्तिगत स्कोर पर डेलमी टकर का दूसरा शिकार बनीं। इसके बाद कप्तान हरमनप्रीत कौर (69) और ऋचा घोष (86) ने शानदार अर्धशतकीय पारी खेल भारत को स्कोर 603 रनों तक पहुंचाया। इसके बाद भारत की पारी घोषित कर दी गई। दीप्ती शर्मा 2 रन बनाकर नाबाद लौटीं।



## किस करोड़पति को डेट कर रहीं

# रिया चक्रवर्ती

## मानुषी छिल्लर से है उनके ब्वॉयफ्रेंड का नाता



रिया चक्रवर्ती अपना 32वां जन्मदिन मना रही हैं। एक्ट्रेस का जन्म 1 जुलाई 1992 को बेंगलुरु में एक बंगाली परिवार में हुआ था। रिया ने अपने करियर की शुरुआत साल 2009 से टीवी पर की थी और आज वह बड़े पर्दे पर भी नजर आती हैं। रिया अपनी प्रोफेशनल लाइफ से ज्यादा पर्सनल लाइफ को लेकर मीडिया की सुर्खियों में रही हैं। आज से 4 साल पहले यानी 2020 में उन्हें काफी कुछ झेलना पड़ा था। एक्ट्रेस का नाम दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत के मामले में आया था। उन दिनों वह उन्हें डेट कर रही थीं। बीते दिनों 4 सालों में रिया ने अपनी लाइफ को फिर से जीना शुरू किया। बीते दिनों उनकी लव लाइफ को लेकर भी मीडिया में कई खबरें सामने आईं। कहा जा रहा है कि वह अब किसी को डेट कर रही हैं, लेकिन इसका खुलासा वह वक्त आने पर ही करेंगी।

**किसे डेट कर रही हैं रिया**

फिल्मी गलियारों में पिछले कुछ समय से ऐसी खबरें चली थी कि अभिनेत्री करोड़पति बिजनेसमैन निखिल कामथ को डेट कर रही हैं। इन खबरों के बाद मीडिया ने दोनों को एक साथ स्पॉट भी किया।दरअसल, रिया चक्रवर्ती एक पार्टी में अपने रूमर्ड ब्वॉयफ्रेंड निखिल कामथ के साथ पहुंची थीं। रेस्तरां से निकलते हुए दोनों को कार में एक साथ देखा गया था। डेटिंग रूमर्स के बाद ये उनकी साथ में पहली पब्लिक अपीयरेंस थी। इस दौरान ये रुमर्ड कपल ट्विनिंग करता नजर आया था।

**मानुषी को डेट कर रहे थे निखिल**

रिया संग डेटिंग की खबरों से पहले निखिल कामथ का नाम मिस वर्ल्ड रह चुकीं मानुषी छिल्लर से जुड़ा था। मानुषी से अलग होने के बाद निखिल का दिल रिया चक्रवर्ती पर दिल हारा।

**बंटी सजदेह से भी जुड़ा था रिया का नाम**

निखिल से पहले रिया का नाम सोहेल खान की एक्स वाइफ सीमा सजदेह के भाई बंटी सजदेह से जुड़ा था। सुशांत केस में बंटी ने रिया को फुल सपोर्ट किया था। खैर, रिया ने बंटी संग रिश्ते को कभी भी कबूला नहीं रिया की पहली बॉलीवुड फिल्म रिया ने बॉलीवुड में साल 2013 में फिल्म 'मेरे डैड की मारुती' से डेब्यू किया था। हालांकि, फिल्म कुछ खास कमाल नहीं कर पाई थी। इसके बाद वह 'सोनाली केबल' में नजर आई। इसके अलावा वह जलेबी और चेहरे जैसी मूवीज में नजर आई हैं।

# सत्यप्रेम की कथा के डायरेक्टर Sameer Vidwans ने असिस्टेंट से रचाई शादी, Kartik Aaryan ने बताई उनकी लव स्टोरी

बी-टाउन में ऐसे कई सेलेब्स हैं, जिन्हें एक करने का काम फिल्मों ने किया है। फिल्म के सेट पर कई स्टार कपल्स की लव स्टोरी शुरू हुई है, जिसमें एक नाम जाने-माने डायरेक्टर समीर विद्वांस का नाम भी शुमार है। डेटिंग के बाद अब समीर ने अपनी लेडी लव जूली सोनलकर से शादी कर ली है।

**समीर विद्वांस ने रचाई शादी**

समीर विद्वांस और जूली सोनालकर ने 29 जून को एक-दूसरे से शादी रचाई। इसी दिन समीर के निर्देशन में बनी हिट फिल्म सत्यप्रेम की कथा को भी एक साल हो गया था। इस शादी में कार्तिक आर्यन भी शामिल हुए थे। उन्होंने सोशल मीडिया पर कपल की शादी की फोटोज शेयर की हैं।

**कार्तिक आर्यन ने दिखाई वेडिंग रिसेप्शन की तस्वीरें**

चंदू चैम्पियन स्टार कार्तिक आर्यन ने 1 जुलाई को इंस्टाग्राम अकाउंट पर समीर और जूली की शादी और वेडिंग रिसेप्शन की तस्वीरें शेयर की हैं। एक तस्वीर रिसेप्शन की है, जिसमें कार्तिक दूल्हा-दुल्हन के साथ पोज दे रहे हैं।दूसरी फोटो में वह सत्यप्रेम की कथा के कास्ट के साथ नजर आ रहे हैं। बाकी फोटोज दूल्हा-दुल्हन और पार्टी में खाने का लुत्फ उठाते कार्तिक की है।

**ऐसे शुरू हुई थी समीर और जूली की प्रेम कहानी**

इन तस्वीरों के साथ कार्तिक आर्यन ने बताया कि समीर विद्वांस और जूली की लव स्टोरी आखिर कहां शुरू हुई। कार्तिक ने फोटोज शेयर कर कैप्शन में लिखा, एक प्रेम कहानी जिसे हमने सत्यप्रेम की कथा के सेट पर अपने सामने पनपते हुए देखा।

आपकी खूबसूरत यात्रा का हिस्सा बनकर बहुत खुश हूं। बधाई हो समीर सर और जूली।बीते दिन जूली ने भी इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी मराठी शादी की तस्वीरें शेयर कीं। महाराष्ट्रियन ब्राइडल लुक में जूली बहुत खूबसूरत लग रही हैं। उन्होंने समीर क्रीम कलर की शेरवानी में अच्छे लग रहे थे। वेडिंग फोटोज के साथ जूली ने बताया कि उनकी शादी वाला दिन एपिक था, क्योंकि इस दिन चार बड़ी चीजें हुईं।जूली ने कैप्शन में लिखा, 29 जून एपिक था। एक दिन में चार बड़े इवेंट हुए। शादी हुई, सत्यप्रेम की कथा की रिलीज को एक साल हुआ, बाबा का बर्थडे मनाया और भारत में वर्ल्ड कप जीता।



## क्या बकवास है...रणवीर सिंह पर बयान देकर फंसे जिम सर्भ, तो यूं दी सफाई



जिम सर्भ तब सुर्खियों में आ गए, जब उनका वो वीडियो वायरल हुआ, जिसमें उन्होंने ऐसे एक्टर्स पर बात की थी, जो मेंटल थेरेपी लेने की बात कहते हैं. उनके इस बयान को रणवीर सिंह से जोड़ा जा रहा था. कहा जा रहा था कि उन्होंने रणवीर सिंह पर तंज किया है. क्योंकि 'पद्मावत' में खिलजी का किरदार निभाने के बाद उन्होंने एक बयान में कहा था कि उन्हें मेंटल थेरेपी लेनी पड़ी थी. इस पर जिम सर्भ ने सफाई दी और कहा कि वो बयान रणवीर सिंह के लिए नहीं था.जिम ने इंस्टाग्राम पर एक नोट शेयर किया. इसमें उन्होंने लिखा, मुझे ये क्लियर करना बहुत बेतुका लग रहा है कि मैंने जो कुछ भी कहा है, उसमें रणवीर सिंह का कोई जिक्र नहीं है. शेयर किया गया वीडियो 'मेड इन हेवन सीजन 2' के प्रमोशन के वक्त का है. ये फिल्म 'पद्मावत' की रिलीज के 5 साल बाद की बात है. 5 साल तक मेरे पास रणवीर के बारे में कहने के लिए सिर्फ लवली बातें थीं, जो मैं अभी भी करता हूं.

**आर्टिकल का जवाब नहीं देता**

जिम ने आगे लिखा, ये प्रोसेस पर हमला नहीं है. मुझे प्रोसेस पसंद है और मुझे एक्टर्स पसंद हैं. ये वीडियो उन एक्टर्स का मजाक है, जो चीजों को बढ़ा-चढ़ाकर पेश करते हैं. मुझे यकीन है कि आप सब ऐसे लोगों से मिले होंगे, जो काम करने से ज्यादा अपने काम के बारे में बातें करते हैं.

उन्होंने इसी पोस्ट में अपनी एक फोटो भी शेयर की. इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, मैं आमतौर पर ऐसे वीडियो और आर्टिकल का जवाब नहीं देता. वो बोरिंग होते हैं और मुझे लगता है कि लोग अच्छे से जानते हैं.

**क्या बकवास है**

जिम सर्भ ने 'पद्मावत' में मलिक कफूर का रोल किया था. जिम ने इंटरव्यू में कहा था,यहां ऐसे कई एक्टर हैं, जो कहते हैं कि मैं रोल में इतना फंस गया था कि मुझे कई हफ्तों तक मेंटल ट्रीटमेंट लेनी पड़ी थी. मैंने कहा चुप रहो भाई. आपको उस दिन अपनी लाइनें भी नहीं पता थीं, क्या बकवास है. जिम के इसी बयान को रणवीर सिंह पर निशाना माना जा रहा था.

## वड़ा पाव गर्ल के अलावा इन 5 कंटेस्टेंट पर मंडरा रहा एविक्शन का खतरा



अनिल कपूर ने पायल मलिक के एविक्शन की घोषणा करते हुए बिग बॉस ओटीटी 3 के कंटेस्टेंट अरमान मलिक को बहुत बड़ा झटका दे दिया है. पायल के एविक्ट होने के बाद फिर एक बार नॉमिनेशन टास्क की घोषणा कर दी गई और इस नॉमिनेशन टास्क में 6 कंटेस्टेंट घर से बाहर होने के लिए नॉमिनेट हुए हैं. नॉमिनेट हुए कंटेस्टेंट में वड़ा-पाव गर्ल चन्द्रिका गेरा दीक्षित के साथ 6 कंटेस्टेंट का नाम शामिल है. दरअसल इस नॉमिनेशन टास्क में बिग बॉस ने कंटेस्टेंट की जोड़ी बनाकर उन्हें कन्फेशन रूम में बुलाया और इन जोड़ियों को आपसी सहमति से किसी एक कंटेस्टेंट को घर से बाहर होने के लिए नॉमिनेट करने का टास्क दिया गया.

बिग बॉस की तरफ से दिए गए नए नॉमिनेशन टास्क में सबसे पहले अरमान मलिक और दीपक चौरसिया को कन्फेशन रूम के अंदर बुलाया गया. दोनों ने आपसी सहमति से विशाल पांडे का नाम लिया. साई केतन राव और सना सुल्तान ने शिवानी कुमारी को नॉमिनेट किया तो रणबीर और नैजी ने वड़ा पाव गर्ल चन्द्रिका दीक्षित गेरा को घर से बाहर होने के लिए नॉमिनेट कर दिया. चन्द्रिका दीक्षित और शिवानी ने मिलकर मुनीशा का नाम लिया और सना सुल्ताना-लवकेश ने मिलकर रैपर नैजी का नाम नॉमिनेटेड कंटेस्टेंट की लिस्ट में शामिल कर दिया. अरमान मलिक की दूसरी बीवी कृतिका और विशाल पांडे की जोड़ी ने इस टास्क में पौलोमी दास का नाम लिया.

**एक जोड़ी में नहीं हो पाई आपसी सहमति**

पायल मलिक के शो से बाहर होने के बाद अब बिग बॉस के घर में 14 कंटेस्टेंट बचे हैं. इन 14 कंटेस्टेंट की 7 जोड़ियां बनाकर, बिग बॉस ने उन्हें नॉमिनेशन का टास्क दिया था. यानी इस हफ्ते घर से बाहर जाने के लिए 7 कंटेस्टेंट नॉमिनेट होने वाले थे. लेकिन एक जोड़ी की आपसी सहमति न होने के कारण सिर्फ 6 कंटेस्टेंट को बिग बॉस ने नॉमिनेट किया. दरअसल पौलोमी दास और टैरो कार्ड रीडर मुनीशा कटवानी की जोड़ी में किसी एक कंटेस्टेंट के नाम को लेकर आपसी सहमति नहीं हो पाई. और इसलिए बिग बॉस ने उनसे नॉमिनेशन का हक छीन लिया. अब वड़ा पाव गर्ल चन्द्रिका गेरा दीक्षित के साथ विशाल पांडे, शिवानी कुमारी, मुनीशा, नैजी और पौलोमी दास इस हफ्ते घर से बाहर होने के लिए नॉमिनेट हुए हैं.